Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम

## जुलाई : 2026


**CURRENT AFFAIRS (July-2026)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय–सूची

| विषय–वस्तु | | पृष्ठ–संख्या |
|---|---|---|
| 1. राजस्थान–समसामयिकी | → | 1-29 |
| 2. राष्ट्रीय–समसामयिकी | → | 30-42 |
| 3. अंतरराष्ट्रीय–समसामयिकी | → | 43-52 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | → | 53-58 |
| 5. खेल–समसामयिकी | → | 59-65 |

Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये

***नोटः***–*इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनःप्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम–से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान–समसामयिकी

## चर्चित–व्यक्तित्व

### राजस्थान रत्न–केसरी चंद (के.सी.) मालू

- **निधन:** 14 जुलाई 2026
- **योगदान:** राजस्थानी लोक संगीतों का संरक्षण एवं राजस्थानी भाषा मान्यता संघर्ष समिति के अध्यक्ष भी रहे।
- **परिचय:** जन्म वर्ष 1946 में **चूरू जिले के सुजानगढ़** में।
- प्रसिद्ध **'वीणा कैसेट्स'** एवं **'सुर संगम'** के संस्थापक थे।
- **राजस्थानी भाषा** को संविधान की **आठवीं अनुसूची** में शामिल कराने के आंदोलन से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे।
- **राजस्थान रत्न–पुरस्कार:** वर्ष 2022 में सम्मानित

### उत्तर पश्चिम रेलवे: पंकज शर्मा बने नए महाप्रबंधक

- IRSEE (1989 बैच) एवं IRMS के अधिकारी।
- **भारतीय रेलवे में योगदान–**
  - **भारत के प्रथम 9000 HP इलेक्ट्रिक लोकोमेटिव** (रोलिंग स्टॉक इंजन) प्रोजेक्ट (D-9) दाहोद (गुजरात)में प्रमुख कार्यकारी निदेशक थे।
  - **मिशन रफ्तार**-160Km/h गति→ 2×25 Kv ओवरहेड विद्युतीकरण सिस्टम का क्रियान्वयन।
  - **हाइपरलूप पहल**- IIT मद्रास एवं TuTr Hyperloop startup के साथ स्वदेशी हाइपरलूप तकनीक–'गरूड़ पॉड' ट्रायल में निरीक्षक की भूमिका।
  - **BESS** (बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली)–हरित रेलवे
  - इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव–**'डिजिटल ट्विन तकनीक'**

### डॉ. रोहिल सिंह कक्कड़–जयपुर

- इंग्लैंड के प्रतिष्ठित **'रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स'** में **ऑर्थोपेडिक सर्जरी विभाग का फैकल्टी सदस्य** नियुक्त।
- **विशेषज्ञ:** जोड़ प्रत्यारोपण एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन।
- स्कॉटलैंड के प्रसिद्ध **'नाइनवेल्स हॉस्पिटल'** से ऑर्थोपेडिक्स की सुपरस्पेशलिटी डिग्री प्राप्त की एवं जयपुर के **'इंटरनल हॉस्पिटल'** में अपनी सेवाएँ दे चुके।

### डॉ. समीन के. शर्मा–जयपुर

- **वैश्विक नियुक्ति : चीफ ऑफ क्लिनिकल कार्डियोलॉजी** (माउंट सीनाई, न्यूयॉर्क, अमेरिका)
- इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट। (हृदय रोग विशेषज्ञ)
- डॉ. समीन शर्मा **RANA के संरक्षक सदस्य** है।

- **संगठन: राना (RANA)**
  - **नाम:** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका।
  - **मुख्यालय:** कैलिफोर्निया-अमेरिका
  - **अध्यक्ष:** प्रेम भंडारी
  - विश्व भर में निवासित राजस्थानियों का एक प्रतिष्ठित वैश्विक संगठन जो न्यूयॉर्क (सबसे बड़ा चैप्टर्स) में एवं आगामी सम्मेलन का आयोजन वर्ष 2027 में।

## चर्चित–स्थल

### उदयपुर के प्रथम आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं IT मंत्रालय के अधीन **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण** द्वारा **17 जुलाई को उदयपुर में प्रथम निवासी–केंद्रित आधार सेवा केंद्र** का उद्घाटन सांसद **डॉ. मन्नालाल रावत** एवं विधायक **ताराचंद जैन** द्वारा किया गया।
- यह **राजस्थान का 10वाँ** UIDAI–संचालित आधार सेवा केंद्र है, जिसे मिलाकर सितंबर 2026 तक राजस्थान में कुल केंद्रों की संख्या 29 करने का लक्ष्य है। (नवीन–19)

### शक्ति संगम नारी कौशल एवं RRR केंद्र–जयपुर

- **शुभारंभ: 23 जुलाई । फागी (पंचायत समिति),** जयपुर **RRR (Reduce, Reuse, Recycle)**
- **सहयोग एवं CSR फडिंग :** जिला परिषद् जयपुर व फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड (रु. 10 लाख का CSR) तथा **शक्ति संगम संस्था** की सहभागिता।
- **मुख्य उद्देश्य:** ग्रामीण महिलाओं का कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, महिला उद्यमिता तथा अपशिष्ट प्रबंधन द्वारा हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना।

- **थीम: 'वेस्ट टू वेल्थ'** (पुरानी कतरनों/स्क्रैप फैब्रिक से बने अपसाइकिल उत्पादों की प्रदर्शनी)।
- **प्रशिक्षण:** प्रथम चरण में 20 ग्रामीण महिलाएँ।

**टैफे मोटर्स-डॉयट्स इंजन संयंत्र: अलवर**

- **उद्घाटन: 20 जुलाई** को उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ट्रैक्टर्स एण्ड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (TAFE) की 100% वाली सहायक कंपनी टैफे मोटर्स एण्ड ट्रैक्टर्स लिमिटेड के विनिर्माण संयंत्र में **डॉयट्स इंजन उत्पादन इकाई** का उद्घाटन।
- टैफे मोटर्स **(TAFE Motors - Tractors Ltd.)** तथा **जर्मन कंपनी डॉयट्स एजी** के मध्य उत्पादन एवं विनिर्माण क्षेत्र में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी है।

**कोटा-बून्दी बनेगा देश का प्रथम 'जीरो फेटेलिटी संसदीय क्षेत्र' (शून्य मृत्यु)-**

- **घोषणा:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा।
- यह नवाचार जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत् संचालित किया जाएगा।
- **तकनीकी संस्था:** सेव लाइफ फाउंडेशन (सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी संस्था)।
- **सड़क सुरक्षा सुधार के तीन प्रमुख स्तंभ-**
  1. **इंजीनियरिंग:** ब्लैक स्पॉट एवं क्रिटिकल कॉरिडोर।
  2. **एनफोर्समेंट:** ट्रैफिक प्रबंधन, पुलिसिंग सख्त करना।
  3. **आपात चिकित्सा सेवाएँ:** 'पोस्ट-क्रैश एसओपी'

**भुसावर कृषि महाविद्यालय (भरतपुर)**

- 17 जुलाई । राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का लोकार्पण एवं महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तिका **'भुसावर एट ए ग्लांस'** का विमोचन किया।
- **कृषि महाविद्यालय संस्थान:** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की **अधीनस्थ इकाई**।

**भारत का प्रथम Agri-PV प्लांट-कुंदनपुरा, जयपुर**

- **उद्घाटन:** 24 जून को कुंदनपुरा गाँव, बस्सी-तूंगा ब्लॉक, जयपुर में **अन्नदाता से ऊर्जादाता पहल के तहत्** एक ही एकड़ भूमि से खाद्य फसलों एवं स्वच्छ सौर ऊर्जा का दोहरा उत्पादन करना।
- **उपलब्धि: Agri-PV / Agrivoltaics पायलट प्लांट** को अपनाने वाले प्रथम प्रगतिशील किसान **कजोड़मल जाट**।
- **योजना एवं क्षमता:** PM-KUSUM के Component-A के तहत् स्थापित **0.5 MW** (500 kW DC) क्षमता का सौर संयंत्र।
- **विकास:** इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (ICRIER) द्वारा।
- **वित्तीय सहयोग:** कोटक महिंद्रा बैंक (CSR फंडिंग)।
- **अवसंरचना:** सोलर पैनलों को जमीन से **10-12 फीट की ऊँचाई** पर लगाया गया है, जिससे पैनलों के नीचे फसलों हेतु पर्याप्त धूप मिले-ट्रैक्टर/कृषि उपकरण सुगमता से संचालित हो सकें।

# चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

**'वीबी जी राम जी'योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ**

- **शुभारंभ:** 02 जुलाई 2026- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा **मसूदा कृषि उपज मण्डी (ब्यावर) से वर्चुअल माध्यम** से।
- योजना के तहत् **श्रम नियोजन** (लेबर डिप्लोयमेंट) में राजस्थान देशभर में **प्रथम स्थान** पर है।
- **देवमाली गाँव:** भारत सरकार द्वारा **'बेस्ट टूरिस्ट विलेज'** का पुरस्कार प्राप्त कर चुके **गाँव** में मुख्यमंत्री ने दर्शनार्थियों के लिए **2 करोड़ रुपये** की लागत से **'आश्रय स्थल'** बनाने की घोषणा की।

**फ्लैगशिप 'लाडो प्रोत्साहन योजना': संशोधन**

- संपूर्ण राजस्थान में 1 अगस्त 2024 से लागू।
- **समीक्षा बैठक:** 09 जुलाई 2026 को अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार यादव द्वारा।

| | |
|---|---|
| नोडल विभाग | प्रारंभिक शिक्षा विभाग-राजस्थान सरकार |
| आर्थिक सहायता (लाभ) | ₹ 1.50 लाख (संकल्प पत्र के रूप में) |
| • पात्रता में प्रमुख छूट (संशोधन) | 'दो से अधिक संतान' की बाध्यता पूरी तरह समाप्त |
| • शिक्षण संस्थान (संशोधन) | अब मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की छात्राएं भी पात्र |
| कुल लाभान्वित (1 अगस्त 2024 से) | 6.50 लाख से अधिक बालिकाएँ |

**PM SETU योजना का प्रथम क्लस्टर : राजस्थान बना उत्तर भारत का प्रथम एवं देश का 5वाँ राज्य–**

❑ **अनुमोदन: जुलाई 2026 को** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में **भिवाड़ी क्लस्टर** के लिए **M/s H.G. Infra Engineering Limited** के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।
- ♦ **राजस्थान में प्रस्तावित 08 क्लस्टरों के नाम–**
  - ● भिवाड़ी ● जोधपुर
  - ● जयपुर ● बालोतरा
  - ● बांसवाड़ा ● भरतपुर
  - ● बीकानेर ● कोटा
- ♦ PM SETU- Pradhan Mantri Skilling and Employability Transformation through Upgraded ITIs (व्यावसायिक प्रशिक्षण की समग्र गुणवत्ता एवं प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए उन्नत आईटीआई)योजना का प्रभावी क्रियान्वयन।

**भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य): राजस्थान में 4 नए विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्कों का प्रस्ताव–**

❑ **बैठक एवं नोडल निकाय:** 27 जुलाई को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में भव्य योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित जिसमें राजस्थान से **4 प्रस्तावित औद्योगिक पार्क** (**RIICO** द्वारा विकसित)-

1. **KBNIR** औद्योगिक→ कोटपूतली-बहरोड़
2. **दौसा-बांदीकुई** औद्योगिक→ दौसा
3. **भोज्यारा** औद्योगिक→ जयपुर
4. **उदयपुर कलां** औद्योगिक→ किशनगढ़ (अजमेर)

❑ **प्रस्तावित औद्योगिक पार्कों की क्षमता–**
- ♦ कुल क्षेत्रफल → लगभग 2,000 एकड़
- ♦ अनुमानित निवेश: रु. 8,000 से रु. 10,000 Cr.
- ♦ संभावित रोजगार सृजन: 45,000 + व्यक्ति।

**'मां योजना' की आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी व्यवस्था–**

❑ **21 जुलाई** को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (MAA) योजना के तहत् प्रगति रिपोर्ट जारी की गई।

❑ **विभागीय नेतृत्त्व:** प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग-राजस्थान सरकार): **गायत्री राठौड़**

- ♦ **पोर्टेबिलिटी लागू:** 15 दिसंबर 2025
- ♦ **वार्षिक बीमा कवर :** योजना में प्रदेश के 1.36 करोड़ पात्र परिवारों को प्रति वर्ष रु. **25 लाख तक का कैशलेस नि:शुल्क इलाज** उपलब्ध।
- ♦ **उपचार पैकेज:** कैंसर, हृदय रोग आदि सहित कुल **2,179 पैकेज** शामिल तथा **कर्नाटक एवं तमिलनाडु** के अलावा देश के सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) संबद्ध अस्पतालों में पोर्टेबिलिटी उपलब्ध।
- ♦ **लाभार्थी आँकड़ा:** पिछले 6 महीनों में प्रदेश के 30,000 + लोगों ने अन्य राज्यों में इलाज कराया तथा 5,959 क्लेम (रु. 17 करोड़ से अधिक) प्रस्तुत।
  - ● राजस्थान के निवासियों ने **सर्वाधिक इलाज गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली** के अस्पतालों में कराया एवं देशभर में PMJAY से संबद्ध लगभग **16,000+ सरकारी** तथा **14,000+ निजी** अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध है।

**अमृत भारत स्टेशन योजना– राजस्थान में आठ नए अमृत स्टेशनों का लोकार्पण**– 17 जुलाई 2026

❑ **मुख्य अतिथि:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (पंजाब के जालंधर से वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया गया।)

❑ **राजस्थान:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा गोटन रेलवे स्टेशन, नागौर से लोकार्पण किया गया।

❑ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् देश भर के 20 राज्यों के पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में 75 स्टेशनों का लोकार्पण हुआ, **जिनमें राजस्थान के 8 स्टेशन शामिल–**
- ♦ गोटन, डीग, सोमेसर, दौसा
- ♦ खैरथल, बाड़मेर, जैसलमेर, गंगापुर सिटी

❑ **राजस्थान में रेल प्रगति–**
- ♦ 05 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएँ संचालित।
- ♦ वर्ष 2014 से अब तक **3,900 कि.मी.** नए रेलवे ट्रैक का निर्माण एवं 85 स्टेशनों का कार्य प्रगति पर।
- ♦ **बजटीय वृद्धि:** वर्ष 2009-14 के 682 करोड़ रुपये के मुकाबले 2026-27 में राजस्थान का रेलवे बजट बढ़कर 10,228 करोड़ रुपये हो गया।

**राजस्थान कौशल नीति-2025: RSLDC द्वारा RTD मॉडल को मंजूरी**-22 जून 2026 (RSLDC) की 50वीं बोर्ड बैठक में।

- **RTD मॉडल:** भर्ती → प्रशिक्षण → नियोजन।
- **एजेंसी:** राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम।
- **उद्देश्य:** उद्योगों की मांग के अनुसार युवाओं का सीधा चयन, प्रशिक्षण, 100% प्लेसमेंट देकर 'कौशल-अंतर' को समाप्त करना।
- **पात्रता मापदंड**-
  - **आयु सीमा:** 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के बेरोजगार युवा लेकिन नियमित छात्र-छात्राएँ पात्र नहीं होंगे।
  - **योग्यता:** संबंधित जॉब रोल एवं **NSQF** (National Skills Qualification Framwork) मानकों के अनुरूप।
  - **प्रशिक्षण:** 120 घंटे का अनिवार्य 'रोजगार-तैयारी मॉड्यूल' + OJT (On-the-Job Training)।
  - **मूल्यांकन:** प्रशिक्षण पश्चात् **थर्ड-पार्टी द्वारा** अनिवार्य।
  - **एजेंसी चयन प्रक्रिया:** पारदर्शी EoI (Expression of Interest) प्रक्रिया द्वारा पूर्व प्लेसमेंट रिकॉर्ड एवं वित्तीय क्षमता के आधार पर।

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर राजस्थान में 'प्रेरणा पखवाड़ा'**- (1-15 जुलाई तक)

- **शुभारंभ:** 01 जुलाई । राजस्थान विश्वविद्यालय-जयपुर में वी. श्रीनिवास द्वारा। (मुख्य सचिव, राज. सरकार)
- **राष्ट्रीय संदर्भ:** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ. मुखर्जी के 125वें जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 2 वर्षीय स्मरणोत्सव का हिस्सा जिसमें उनके राष्ट्रवादी आदर्शों को आम जन तक पहुँचाना है।
- अजमेर के '**पंचशील मल्टीपर्पज स्टेडियम**' का नाम बदलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम किया गया।
- **राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**-6 जुलाई को मुख्य सभागार, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
  - **आयोजक:** शांति एवं अहिंसा विभाग एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर की संयुक्त पहल।
  - **विषय:** 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी:व्यक्तित्व एवं कृतित्व'
  - **मुख्य अतिथि:** अरुण चतुर्वेदी (राज्य वित्त आयोग)

- **राजस्थान के चार प्रमुख पार्कों का नामकरण :** मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर-
  1) वुडलैंड पार्क (Woodland Park): जयपुर
  2) सेंट्रल पार्क (विवेक विहार स्थित): जोधपुर
  3) रामचंद्रपुरा अटवाल नगर स्थित पार्क: कोटा
  4) सेक्टर-12 योजना स्थित पार्क: उदयपुर

**'पोषण अभियान' के तहत् राजस्थान की आँगनबाड़ियों में प्रत्येक माह 2 'समुदाय आधारित कार्यक्रम'** -

- **निर्देश जारी:** 07 जुलाई 2026
- **नोडल विभाग:** समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) निदेशालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान
- **ICDS निदेशालय:** जुलाई से सितम्बर 2026 के दौरान **प्रदेश की समस्त आंगनबाड़ियों में** प्रत्येक माह थीम आधारित **2 'समुदाय आधारित कार्यक्रम'** आयोजित होंगे।
- **डिजिटल ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग:** 'पोषण ट्रेकर ऐप'

| महीना | कार्यक्रमः 1 (तिथि व थीम) | कार्यक्रमः 2 (तिथि व थीम) |
|---|---|---|
| जुलाई | 8जुलाईः गोदभराई/प्रवेशोत्सव | 22 जुलाईः क्षेत्रीय भोजन दिवस |
| अगस्त | 11 अगस्तः सुपोषण दिवस | 25 अगस्तः जन स्वास्थ्य संदेश दिवस |
| सितम्बर | 9सितम्बरः गोदभराई/प्रवेशोत्सव | 23 सितम्बरः क्षेत्रीय भोजन दिवस |

**'लोकमंथन-2026' के 5वें संस्करण का कर्टन रेजर कार्यक्रम**- 01 जुलाई-कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर

- **मुख्य अतिथि:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत।
- **आयोजक संस्था:** प्रज्ञा प्रवाह समिति।
- **थीम (2026) 'हम भारत के लोग'**
- **विमोचन:** प्रज्ञा प्रवाह समिति के संयोजक **जे. नंद कुमार** द्वारा लिखित पुस्तक '**फोक से परे लोक**' एवं लोकमंथन की **आधिकारिक वेबसाइट** का लोकार्पण।
- **पृष्ठभूमि:** लोकमंथन की शुरुआत वर्ष **2016 में भोपाल, मध्य प्रदेश** से हुई एवं प्रथम संस्करण का विषय '**उपनिवेशवाद से मुक्ति**' था।

### सहकार 2026: <u>राज्यस्तरीय किसान सम्मान समारोह</u>

- **आयोजन:** 02 जुलाई । अपेक्स बैंक सभागार, जयपुर
- **मुख्य अतिथि:** गौतम कुमार दक (सहकारिता मंत्री, राजस्थान सरकार)
- **प्रमुख विजन:** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के **'सहकार से समृद्धि'** कार्यक्रम के तहत् **<u>जैविक खेती को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना</u>**।
- किसानों द्वारा उपजाए गए 'जैविक उत्पादों' की बिक्री अब **जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डार** एवं **CONFED –** (<u>Rajasthan State Cooperative Consumers' Federation</u>) द्वारा संचालित उपभोक्ता बिक्री केंद्रों के माध्यम से की जाएगी।
- **राज्य स्तरीय किसान सम्मान:** सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तीन श्रेणियों में।
  - ***<u>श्रेणी 1</u>*** (प्रगतिशील किसान)
  - ***<u>श्रेणी 2</u>*** (ग्राम सेवा सहकारी समितियों-अध्यक्ष)
  - ***<u>श्रेणी 3</u>*** (ग्राम सेवा सहकारी समितियों-व्यवस्थापक)
- **पुस्तक 'राजस्थान में सहकारिता' का विमोचन**–
  - **लेखक:** डॉ. जयप्रकाश यादव (सहायक रजिस्ट्रार)
  - **विमोचन:** गौतम कुमार दक (सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री-स्वतंत्र प्रभार)

### राजस्थान महिला किसान संवाद समारोह-2026

- **आयोजन:** 18 जुलाई को वैदिक औषधीय पादप केंद्र-सांगानेर (जयपुर) एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर स्किल डवलपमेंट द्वारा देश का प्रथम आयोजन।
- **संयुक्त आयोजक**–
  1. अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद्।
  2. ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया।
- **मुख्य अतिथि:** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।
- संयुक्त राष्ट्र संघ (UN) द्वारा **<u>वर्ष 2026 को 'विश्व महिला दिवस वर्ष'</u>** घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में।
- **मुख्य विषय:** <u>'नारी शक्ति से समृद्ध खेती-आत्मनिर्भर राजस्थान की ओर'</u>
- **5 प्रमुख नीतिगत कार्यसूची**–
  - प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना।
  - <u>मृदा स्वास्थ्य संरक्षण</u> सुनिश्चित करना।
  - <u>गौ-आधारित कृषि मॉडल</u> अपनाना।
  - <u>कृषि उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी</u>।
  - '<u>राजस्थान जैविक राज्य विजन-2030</u>' रूपरेखा।

### विश्व जनसंख्या दिवस-राज्य स्तरीय समारोह: स्वास्थ्य भवन, जयपुर-11 जुलाई 2026

- **अध्यक्षता:** गायत्री राठौड़ (प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग-राजस्थान सरकार)
- **टैगलाइन:** <u>'जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल'</u>
- **राजस्थान के नवीन जनसांख्यिकीय आँकड़े** –
  - **कुल प्रजनन दर: <u>TFR 2.1</u>** हो गई है, जो 'जनसंख्या स्थिरीकरण' के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप।
  - **आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग:** राजस्थान (57.1%) राष्ट्रीय औसत (52.7%) से काफी आगे निकल गया।
- **संयुक्त राष्ट्र संघ (UN) वैश्विक थीम 2026**
  - <u>Realizing the hopes and aspirations of young people – today and for the future</u> (युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना-वर्तमान तथा भविष्य के लिए)
- **<u>राज्यस्तरीय परिवार कल्याण पुरस्कार वितरित</u>**– वर्ष 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों, पंचायतों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं स्वास्थ्य कार्मिकों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित।
  - *पुरस्कार विजेताओं की समग्र सूची अध्ययन हेतु स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएँ।*

### राजस्थान में '<u>PM श्री विद्यालयों</u>' का राज्य स्तरीय वेबिनार-14 जुलाई 2026

- **आयोजन:** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- **अध्यक्षता:** वी. श्रीनिवास (मुख्य सचिव)एवं राजेश यादव (अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा)
- **मुख्य बिंदु:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (**<u>NEP 2020</u>**), 21वीं सदी के कौशल, **<u>STEM</u>** (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित) शिक्षा, **<u>'पीयर लर्निंग'</u>** (एक-दूसरे से सीखना)।

Springboard ACADEMY

❒ 14 संस्था प्रधानों ने अनुभव साझा किए, **प्रदेश के 7 स्कूलों के नवाचार बने आदर्श मॉडल**–

| पीएम श्री विद्यालय | अनूठा नवाचार/कार्यक्रम |
|---|---|
| 1. वैर–भरतपुर | **'मेरे कान्हा–मेरे आंगन' कार्यक्रम**–<br>सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने हेतु। |
| 2. राहोली<br>निवाई–टोंक | **हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज।**<br>School Challenge – TOFEI<br>(Tobacco-Free Educational Institutions) 2026 Award |
| 3. बांकलसर<br>मोहनगढ़–जैसलमेर | **मातृ सम्मेलन एवं नुक्कड़ नाटकः** स्थानीय ग्रामीण समुदाय, अभिभावक जागरूकता। |
| 4. मांडल–भीलवाड़ा | **पूर्व छात्र जुड़ाव अभियानः** स्कूल कायाकल्प कर दिया। |
| 5. स्टेशन रोड–बाड़मेर | **लगातार 100% परिणामः** पिछले 7 वर्षों से 10वीं बोर्ड का तथा पिछले 4 वर्षों से 12वीं बोर्ड का। |
| 6. जमवारामगढ़–जयपुर | प्रतिष्ठित परीक्षाओं में चयन–NEET, JEE, IAS, RAS |
| 7. देवगढ़–राजसमंद | 'बालिका संसद' का सफल संचालन। |

❒ **PM SHRI योजना में राजस्थान का प्रदर्शन**–लोकसभा में 27.07.2026 को संसद सदस्य एस वेंकटेशन द्वारा 'पीएम श्री योजना के अंतर्गत आने वाले विद्यालय' विषय पर उत्तर दिया गया। जिसमें राजस्थान के गैर-हिंदी एवं भाषाई शिक्षकों की नियुक्ति की संख्या–

- ♦ संस्कृत शिक्षक: 768
- ♦ उर्दू शिक्षक: 141
- ♦ क्षेत्रीय भाषा शिक्षक: 47
- ♦ राजस्थान में PM SHRI विद्यालय कुल = 749

## IPPTA का राष्ट्रीय सेमिनार- मैरियट होटल जयपुर

❒ **तिथि:** 10-11 जुलाई, 2026

❒ **आयोजक:** इंडियन पल्प एंड पेपर टेक्निकल एसोसिएशन (IPPTA)।

❒ **मुख्य थीम:** भविष्य के लिए तैयार कागज उद्योग: नीति, प्रौद्योगिकी एवं स्थिरता **(Future Ready Paper Industry: Policy, Sustainability and Technology Convergence-)**

❒ **प्रमुख संस्थागत भागीदारी**–

- ♦ भारतीय उद्योग परिसंघ: नई दिल्ली
- ♦ ITC लिमिटेड: कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- ♦ ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी: नई दिल्ली

## 12वाँ विश्व युवा कौशल दिवस- राज्य स्तरीय समारोह

❒ **आयोजन:** RIC जयपुर-15 जुलाई 2026

❒ संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में मनाने की घोषणा ।

❒ 2026 Theme By UN : **Skills for a Shared Future** (साझा भविष्य के लिए कौशल)

❒ **अध्यक्षता:** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के.के. बिश्नोई।

❒ **विमोचन:** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा **रोजगार संदेश** (पत्रिका) का।

❒ **संकल्प:** 'कुशल युवा-समृद्ध राजस्थान'

❒ **सम्मान:** कुल **22** प्रतिभाओं का सम्मान।

## कृषि मूल्य शृंखलाओं एवं FPO-राज्य स्तरीय कार्यशाला–

❒ **आयोजन:** योजना भवन-जयपुर में 17 जुलाई को राजस्थान सरकार के **राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (RITI)** द्वारा वर्चुअल।

❒ **मुख्य विषय:** 'कृषि मूल्य शृंखलाओं एवं किसान उत्पादक संगठनों (FPO) के लिए बैंकिंग सहायता'

❒ **उद्देश्य:** कृषि अवसंरचना, मूल्य संवर्धन, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण, लॉजिस्टिक्स तथा किसान उत्पादक संगठनों के लिए संस्थागत वित्त तक पहुँच को सुदृढ़ बनाना।

❒ **यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (ULI):** यह एक डिजिटल ऋण वितरण प्रणाली है, जिससे **किसान क्रेडिट कार्ड** ऋण प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी।

## जयपुर वनमंडल द्वारा 'स्नेक रेस्क्यू' कार्यशाला

- **आयोजन :** 16 जुलाई। पक्षीघर, नींदड़ बेनाड़ (जयपुर)
- **प्रमुख नेतृत्व:** उप-वन संरक्षक जयपुर, **वी. केतन कुमार।**
- **तकनीकी सहयोगी:** **होप एंड बियॉन्ड फाउंडेशन** (डॉ. जॉय गार्डनर व टीम)
- **वितरण:** होप एंड बियॉन्ड फाउंडेशन द्वारा वनमंडल की **सभी रेंजों को 'स्नेक रेस्क्यू किट'।**

## पंच-गौरव कार्यक्रम: जिले की विशिष्ट पहचान

- शासन सचिवालय-जयपुर में 17 जुलाई को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा समीक्षा बैठक की **अध्यक्षता।**
- **पंच गौरव कार्यक्रम प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान** को विकास का आधार बनाने का राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम।
- **मूल्यांकन:** वित्तीय वर्ष 2024-25
- **लक्ष्य एवं संकेतक -**
  - **अल्पकालीन:** वर्ष 2026-27
  - **मध्यकालीन:** वर्ष 2029-30
  - **दीर्घकालीन:** वर्ष 2047 (विकसित राजस्थान)

## राजस्थान के आंगनबाड़ी केंद्रों पर '<u>खिलौना बैंक</u>' एवं '<u>प्रवेशोत्सव</u>' का शुभारंभ-01 जुलाई, 2026

- **नोडल विभाग:** महिला एवं बाल विकास विभाग (ICDS निदेशालय), राजस्थान सरकार
- **लक्षित आयु वर्ग:** 3-6 वर्ष के बच्चे (गुणवत्तापूर्ण शाला पूर्व / प्री-स्कूल शिक्षा हेतु)
- **शुभारंभ:** शासन सचिव श्रीमती पूनम द्वारा **जयपुर स्थित गौतमनगर आँगनबाड़ी।**

## बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए राजस्थान में लागू होगा राष्ट्रीय 'दिशा' मॉडल- 2026

- **पायलट प्रोजेक्ट:** 7-9 जुलाई को अपेक्स विश्वविद्यालय, जयपुर में कार्यशाला आयोजित।
- **राजस्थान की राष्ट्रीय स्थिति-**
  - भारत सरकार के अनुमोदित पाठ्यक्रम को लागू करने वाला **राजस्थान देश का 9वाँ राज्य बन गया** है।
  - नोट: **यह मॉडल पहले से 8 राज्यों**- महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गोवा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ में संचालित।
- **अनुमोदन:** पाठ्यक्रम भारत सरकार के 'राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांग जन सशक्तीकरण संस्थान' (NIEPID) द्वारा।
- **आयोजक:** यह कार्यशाला **'बौद्धिक दिव्यांग अभिभावक महासंघ परिवार'** द्वारा आयोजित की गई, जिसमें जय वकील फाउंडेशन (मुंबई) की फैकल्टी ने भी सत्र लिए।
- **क्रियान्वयन चरण**-राज्य में कुल **तीन चरणों** में लागू-
  - **प्रथम चरण (क्षमता विकास):** जुलाई को जयपुर में कार्यशाला में राज्य के 23 जिलों के 52 विशेष विद्यालयों के **100 विशेष शिक्षकों** को प्रशिक्षण दिया गया।
  - **आगामी चरण:** प्रशिक्षण पश्चात् बच्चों की संख्या के अनुसार **'दिशा शिक्षण सामग्री'** एवं वर्कशीट उपलब्ध कराकर इसे राजस्थान के समस्त विशेष विद्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा।

# प्रमुख पुरस्कार-प्रकाशन एवं प्रतिष्ठित लेखक

## 17वाँ राष्ट्रीय एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड्स

- **वितरण:** 08 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में।
- **पुरस्कार प्रदाता:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े।
- **विजेता राज्य: उत्तर प्रदेश,गुजरात** (दो प्रमुख श्रेणियाँ)
  - उत्तर प्रदेश: कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट नीतिगत नेतृत्व।
  - गुजरात: बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्टता।

## डॉ. नलिन जोशी (श्वसन रोग विशेषज्ञ-जयपुर)

- **सम्मान:** टाइम्स अवॉर्ड (<u>Times Award</u>)
- **अध्यक्ष:** जयपुर मेडिकल एसोसिएशन (JMA)
- **<u>एकमात्र राजस्थानी</u>:** डॉ. नलिन जोशी देश भर से चुने गए कुल 50 शीर्ष चिकित्सकों की सूची में शामिल।
- **प्रदाता:** नई दिल्ली में आयोजित समारोह में **झारखंड के राज्यपाल रमन डेका** द्वारा।

## राजस्थान सरकार को WHO का विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवॉर्ड-2026-

- **24 जुलाई** को राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु **दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र (SEAR) में प्रथम स्थान** से सम्मानित किया गया।

- **प्राप्तकर्ता :** नई दिल्ली में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक **डॉ. एस. एन. धोलपुरिया** ने WHO कंट्री हेड से।

**Braveheart Savarkar : Keeper of the Secular Saffron Flame पुस्तक–**

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े को लोकभवन, जयपुर में वीर सावरकर के जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट की गई।
  - **लेखक:** आशुतोष देशमुख
  - **प्रकाशक:** 'द राइट प्लेस'

**विनोद भारद्वाज की नई पुस्तक 'जिंदा ख्वाब के शायर कैफी आजमी' पर चर्चा–**

- **आयोजन:** राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति सभागार, जयपुर
- **कार्यक्रम:** मासिक गोष्ठी 'सुर संगत' संवाद
- **पुस्तक की भूमिका:** जोधपुर के साहित्यकार **शीन काफ निजाम** द्वारा तैयार की गई।

**स्वामी विवेकानंद के राजस्थान प्रवास (316 दिन) पर देश का प्रथम संयुक्त शोध पत्र प्रकाशित–**

- **विषय:** 'एक कर्मयोगी की राजस्थान यात्राएँ'
- **प्रकाशित जर्नल:** 'इंटरनेशनल मल्टीफोकल रिसर्च जर्नल'
- **शोधकर्त्ता: डॉ. इन्द्रेश कुमार** एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों के अध्येता **डॉ. जुल्फिकार** द्वारा संयुक्त।
  - शोध में स्वामी जी के राजस्थान के प्रमुख शहरों एवं रियासतों- अलवर, जयपुर, अजमेर, खेतड़ी (झुंझुनूं) एवं जोधपुर से आत्मीय लगाव एवं वहाँ की जनता से मुलाकातों का बेजोड़ जिक्र है।
  - खेतड़ी महाराजा स्वामी विवेकानंद के परम मित्र एवं भक्त थे। (महाराजा ने ही उन्हें '<u>विवेकानंद</u>' नाम सुझाया था एवं वर्ष 1893 के शिकागो धर्म सम्मेलन में जाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की थी)।

**पूर्व IAS डॉ. सत्य नारायण सिंह की तृतीय स्मृति व्याख्यानमाला–RIC- जयपुर-12 जुलाई**

- **मुख्य विषय:** 'सुशासन के लिए प्रशासन'
- डॉ. सिंह द्वारा लिखित **(2) पुस्तकों** का विमोचन एवं - **आधिकारिक वेबसाइट** का भी लोकार्पण किया गया।
  1. **पुस्तक:** "जीवन का सत्य"
  2. **पुस्तक:** "सत्य के आइने से"

**<u>मीट द ऑथर</u> कार्यक्रम**

- **आयोजन:** 26 जुलाई (कारगिल विजय दिवस) को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सूचना केंद्र जयपुर में (**<u>लेखक से मिलिए</u>**) कार्यक्रम आयोजित।
- **उद्घाटन:** राजस्थान पुलिस DGP राजीव कुमार शर्मा।
- **आयोजक संस्थाएँ–**
  - राजस्थान साहित्य अकादमी (उदयपुर)
  - शरण्या सेवा संस्थान (उदयपुर)
- प्रसिद्ध चित्रकार एवं लेखक **चंद्रप्रकाश गुप्ता** की पुस्तक **'<u>शौर्य और शहादत को सलाम</u>'** (जिसमें कारगिल विजय के बाद से राजस्थान के शहीद जवानों के चित्रों/पोर्ट्रेट्स एवं उनकी शौर्यगाथाओं का संकलन) का विमोचन।
- **<u>NOTE</u>:** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर **'ऑपरेशन विजय कारगिल–2026'** का आयोजन जोधपुर (मेहरानगढ़ फोर्ट की तलहटी स्थित रावटी–घोड़ा घाटी) में क्रीड़ा भारती (जोधपुर प्रांत) द्वारा किया गया जिसमें कारगिल युद्ध के **16 वीर सैनिकों एवं वीरांगनाओं** को राज्यपाल एवं केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा सम्मानित किया गया।

**जयपुर के डॉ. जयेश नारायण भानु–**

- साहित्य सम्राट अकादमी द्वारा डॉ. भानु को कहानी **'<u>एक आखिरी खत</u>'** के लिए **'<u>इंटरनेशनल लिटरेरी अवॉर्ड 2026</u>'** (<u>सर्वश्रेष्ठ लेखक</u>) से सम्मानित किया गया।

**डॉ. स्वरूपानन्द को 'आयुष लीजेंड्री अवॉर्ड'–2026**

- **जून, 2026** को नेपाल की राजधानी **काठमांडू** में 'अंतर्राष्ट्रीय आयुष कॉन्क्लेव 4.0' का नेपाल संस्करण आयोजित किया गया। जयपुर के **<u>होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. स्वरूपानन्द सरकार</u>** को आयुष क्षेत्र में योगदान के लिए 'आयुष लीजेंड्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- **संयुक्त आयोजक:** नेपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स + भारत के काउंसिल फॉर इंटीग्रेटिव वैद्य इनोवेशन एंड कोलाबोरेशन।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## 29वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन (NCeG)-जयपुर

- **आयोजन :** 1-2 जुलाई 2026 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में मनाया गया।
- **थीम :** 'विकसित भारत 2047: एआई सक्षम, डेटा-संचालित और सुरक्षित डिजिटल शासन'

  (**Viksit Bharat 2047:** AI Enabled, Data Driven - Secure Digital Governance)
- **विजन:** 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस'।
- **आयोजक:** केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, GoI तथा राजस्थान सरकार (DoIT&C)
- **नॉलेज पार्टनर:** नैसकॉम (NASSCOM), MNIT-जयपुर
- **वी. श्रीनिवास का रिकॉर्ड:** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग सचिव वी. श्रीनिवास **देश में 9 बार राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन आयोजित करने वाले भारत के प्रथम** IAS अधिकारी बन गए। उन्होंने दिल्ली में रहते हुए 8 बार एवं 9वीं बार जयपुर सम्मेलन की कमान संभाली।
- **उद्घाटन :** (01 जुलाई): मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा निम्न नवाचारों का लॉन्च/शुभारंभ किया गया-
  - स्मार्ट राजस्थान परियोजना।
  - ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा। (27 सरकारी सुविधा)
  - राजस्थान लैंग्वेज मॉडल ट्रेनिंग हैकाथॉन।
  - राजस्थान इनोवेशन चैलेंज।
  - डिजिटल राजस्थान कॉफी टेबल बुक।
- **कुल तकनीकी सत्र: 12 विशेष सत्र** आयोजित जिसमें से 6 प्लेनरी (पूर्ण सत्र) एवं 6 ब्रेकआउट (उप सत्र) शामिल।
- **समापन एवं पुरस्कार वितरण:** 2 जुलाई को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा ।
- **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026:** सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों को **कुल सात श्रेणियों में 17 पुरस्कार (10 स्वर्ण, 06 रजत पुरस्कार + 01 विशेष जूरी पुरस्कार) प्रदान किए।**
  - स्वर्ण पुरस्कार विजेता: **Rs. 10 लाख**
  - रजत पुरस्कार विजेता: **Rs. 5 लाख**
  - **नया संशोधन** (वर्ष 2026): प्रथम बार **'ग्राम पंचायत'** श्रेणी जोड़ी गई जिसका मुख्य उद्देश्य **जमीनी स्तर पर डिजिटलीकरण को मान्यता देना** है।

| क्र.सं. | परियोजनाः स्वर्ण पुरस्कार–10 | संबंधित संस्था/मंत्रालय–विजेता |
|---|---|---|
| 1. | एग्री स्टैक (Agri Stack) | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय |
| 2. | महाकुंभ 2025 डिजिटल प्रबंधन पहल | प्रयागराज मेला प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश |
| 3. | e-Sanjeevani टेलीमेडिसिन सेवा में एआई–सक्षम क्लीनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय |
| 4. | जिला न्यायालय प्रकरण प्रबंधन प्रणाली | केरल उच्च न्यायालय |
| 5. | ICMR-MINDS परियोजना | भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद |
| 6. | ई नगर पालिका में साइबर सुरक्षा की व्यवस्था | शहरी विकास एवं आवास विभाग, मध्य प्रदेश |
| 7. | ई–आरोग्य धमनी – ई–गवर्नेंस के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में परिवर्तन | स्वास्थ्य विभाग, जिला परिषद, नंदुरबार, महाराष्ट्र |
| 8. | त्रिनेत्र – महाकालेश्वर मंदिर सहित महाकाल रुद्रसागर एकीकृत विकास क्षेत्र के लिए एआई आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली | महाकालेश्वर मंदिर ट्रस्ट, सम्राट विक्रमादित्य प्रशस्ति संकुल भवन, उज्जैन |
| 9. | पंचायत उन्नति सूचकांक – विकसित भारत के लिए डेटा संचालित शासन | पंचायती राज मंत्रालय |
| 10. | 'ग्राम पंचायत' श्रेणीः कादेपुरा ग्राम पंचायत | सांगली, महाराष्ट्र |

| क्र.स. | परियोजनाः रजत पुरस्कार–06 | संस्था / मंत्रालय–विजेता |
|---|---|---|
| 1. | ई–जागृति (e-Jagriti) | उपभोक्ता मामले मंत्रालय |
| 2. | स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए ब्लड बैग ट्रेसिबिलिटी एवं नागरिक संपर्क पोर्टल | केरल विकास एवं नवाचार रणनीतिक परिषद् (K-DISC) |
| 3. | खतरा खुफिया वितरण एवं DNS फिल्टरिंग सुरक्षा उत्पाद | अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र (SAC), ISRO |
| 4. | डिजिटल बैंकिंग साइबर सुरक्षा ढाँचा | बैंक ऑफ बड़ौदा |
| 5. | पुणे 360 पहल | पुणे नगर निगम, महाराष्ट्र |
| 6. | **'ग्राम पंचायत' श्रेणीः विजॉय नगर ग्राम पंचायत** | **पश्चिमी त्रिपुरा, त्रिपुरा** |
| **Note:** CORS नेटवर्क के माध्यम से रियल टाइम प्रिसाइज पोजिशनिंग सर्विसेज का सर्वे ऑफ इंडिया को जूरी पुरस्कार (01) प्रदान किया गया। | | |

- **राजस्थान एआई बिल्डर्स पिच–ए–थॉन–**
  - ♦ **आयोजकः** DoIT&C-राजस्थान सरकार
  - ♦ **सहयोगी संस्थान–**
    - नॉलेज पार्टनर–ISB हैदराबाद
    - मीडिया/डिजिटल–आउटलुक बिजनेस।
  - ♦ जिसमें 1,700 स्टार्टअप्स ने भाग लिया। शीर्ष तीन स्टार्टअप्स को क्रमशः 1 लाख, 50,000 एवं 25,000 रुपये नकद व ISB हैदराबाद की विशेष मेंटरशिप।
  - ♦ विजेता–स्टार्टअप के नाम–
    1. महावंती सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड–जयपुर
    2. होलोक्लाक–दक्ष पारीक
    3. शॉपआईक्यू–रौनक चिंदालिया
  - ♦ राजस्थान की ई–गवर्नेंस प्रदर्शनीः 42 प्रदर्शनी स्टॉल्स पर राजस्थान सरकार के प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म्स–जन आधार, ई-मित्र, राजस्थान संपर्क–181, राजकाज, राज किसान साथी एवं स्टेट डेटा सेंटर की उपलब्धियों का राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन किया गया।
  - ♦ **'IT प्लेटफॉर्म एवं बिल्डिंग ब्लॉक्स हैंडबुक'** का विमोचन एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम में राजस्थान की प्रगति (विगत 2 वर्षों में)
    - **संख्याः** 4,000 → 8,500+
    - **निवेशः** Rs. 250 Cr. → 1,000 Cr.
    - **रोजगार सृजनः** 22,000 → 47,000+
    - प्रदेश में 9 इन्क्यूबेशन सेंटर, 65 आई–स्टार्ट लॉन्चपैड तथा ग्रामीण/स्कूली स्तर पर नवाचार के लिए 65 आई–स्टार्ट लॉन्चपैड नेस्ट।

- **'जयपुर डिक्लेरेशन':** ई-गवर्नेंस के भविष्य के विजन को लेकर जारी। इसके साथ ही साइटेशन बुकलेट, एक्सीलेंस बुकलेट एवं कंपेंडियम का विमोचन भी हुआ।
- **सत्र : 'ड्राइविंग अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू टेक्नोलॉजी' पर मंथन**–स्मार्ट सिटी विकास के लिए नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन (NUDM) एवं 'सूरत मॉडल' पर बल।

**राजस्थान बना इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) के साथ 'फ्रेमवर्क फॉर एक्शन' पर हस्ताक्षर करने वाला भारत का प्रथम राज्य–**

- **हस्ताक्षर तिथिः** 08 जुलाई 2026
- **समझौताः फ्रेमवर्क फॉर एक्शन – एडवांस क्लीन एनर्जी, ड्रिवन सस्टेनेबल डवलपमेंट** (Framework for Action-Advance Clean Energy, Driven Sustainable Development)
- **हस्ताक्षरकर्ताः** आरती डोगरा (ऊर्जा सचिव, राजस्थान सरकार) एवं आशीष खन्ना (महानिदेशक-ISA)
- **तकनीकी नवाचारः** फ्रेमवर्क के तहत् वर्ष 2030–35 की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए '**एनर्जी ट्रांजिशन प्लान**' तैयार किया जाएगा।
- **पायलट प्रोजेक्ट– 'डिजिटल ट्विन' :** अजमेर विद्युत वितरण निगम में प्रारम्भ किया जाएगा, ताकि विद्युत मांग का सटीक मूल्यांकन हो सके।
  - ♦ **Digital Twin**– किसी वास्तविक वस्तु, मशीन, या पूरी प्रणाली का एकदम हूबहू 'डिजिटल या आभासी मॉडल' बनाना।

## IIT जोधपुर बना <u>CERN</u> के <u>CMS</u> (कॉम्पैक्ट म्यून सोलेनोइड) प्रयोग का पूर्ण सदस्य– 01 जुलाई 2026

❐ <u>**CERN**</u> "Conseil Européen pour la Recherche Nucléaire" (यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन)

| | |
|---|---|
| मुख्य उपलब्धि– | <u>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर को CERN, जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) की प्रतिष्ठित **CMS (Compact Muon Solenoid) Collaboration** का पूर्ण सदस्य बनाया गया।</u> |
| **CERN** की महत्ता– | • विश्व की सबसे बड़ी कण भौतिकी प्रयोगशाला है, जहाँ विश्व का सबसे शक्तिशाली पार्टिकल एक्सीलेटर <u>लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC)</u> स्थापित है।<br>• इस प्रयोगशाला में मानव जीवन को बदलने वाले वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का भी विकास हुआ था। |
| सदस्य की महत्ता– | इस पूर्ण सदस्यता के साथ IIT जोधपुर अब विश्व के चुनिंदा विश्वविद्यालयों और अग्रणी शोध संस्थानों के उस अंतरराष्ट्रीय समूह का हिस्सा बन गया है, जो मानवता के सबसे महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं। |
| अनुसंधान प्रश्न– | निम्नलिखित तीन मूलभूत प्रश्नों के उत्तर तलाश रहा है–<br>1. ब्रह्मांड किससे बना है? 2. इसकी शुरुआत कैसे हुई?<br>3. पदार्थ के सबसे छोटे और मूलभूत कण कौन–से हैं? |
| **CMS** प्रयोग व 'गॉड पार्टिकल'– | • CMS, लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर का एक प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग है।<br>• वर्ष 2012 में इसी प्रयोग के माध्यम से हिग्स बोसॉन (Higgs boson) की ऐतिहासिक खोज की गई थी, जिसे लोकप्रिय रूप से 'गॉड पार्टिकल' भी कहा जाता है। |
| तकनीकी नवाचार– | • संस्थान के वैज्ञानिक CMS के दीर्घकालिक वैज्ञानिक कार्यक्रमों में सीधे भाग लेंगे।<br>• कणों के टकराव से प्राप्त विशाल डेटा के विश्लेषण के लिए AI एवं ML जैसी आधुनिक तकनीकों तथा नई पीढ़ी की 'डिटेक्टर टेक्नोलॉजीज' का विकास किया जाएगा। |
| नेतृत्त्वकर्ता वैज्ञानिक–<br> | • IIT जोधपुर संकाय सदस्य <u>डॉ. लता पंवार</u> एवं <u>डॉ. जितेन्द्र कुमार</u> करेंगे।<br>• इन वैज्ञानिकों को उत्कृष्ट योगदान हेतु <u>वर्ष 2025 में 'ब्रेकथ्रू प्राइज इन फंडामेंटल फिजिक्स'</u> से सम्मानित किया जा चुका है।<br>• दोनों वैज्ञानिक **CERN** की विश्वप्रसिद्ध <u>**ATLAS, ALICE**</u> एवं **CMS Collaborations** के साथ शोध कार्य कर चुके हैं तथा **Experimental Particle Physics** के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। |
| संस्थान नेतृत्त्व | IIT जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में इस फ्रंटियर रिसर्च को विशेष प्रोत्साहन मिला है। |

## पुगल–बीकानेर में बनेगा भारत का सबसे बड़ा 'सोलर एवं बैटरी स्टोरेज' (<u>BESS</u>) पार्क–

❐ **निर्णय:** 2 जुलाई । निविदा 3 अगस्त 2026 को बंद होगी।

❐ **संबंधित संस्थाएँ**–

- ♦ राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग।
- ♦ राजस्थान सोलरपार्क डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड।

❐ **परियोजना क्षमता:** 2,450 मेगावॉट (MW) सोलर पीवी + 1,600 मेगावॉट/6,400 मेगावॉट–घंटा

❐ **मुख्य उद्देश्य:** शाम के समय 'पीक आवर्स' के दौरान बढ़ती <u>बिजली की मांग</u> को **बैटरी ऊर्जा भंडारण (BESS)** के माध्यम से निर्बाध एवं विश्वसनीय रूप से पूरा करना तथा ग्रिड की स्थिरता बढ़ाना।

❐ **विशिष्टता:** यह पारंपरिक नवीकरणीय परियोजनाओं से अलग है, क्योंकि यह **ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ESS)** के साथ **फर्म एवं डिस्पैचेबल नवीकरणीय ऊर्जा (FDRE)** की खरीद पर आधारित है।

❐ **RERC द्वारा स्वीकृत प्रमुख प्रावधान/विचलन:** विद्युत मंत्रालय के <u>**'टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली'**</u> (TBCB) दिशा–निर्देश–

| प्रावधान / शर्त | नया नियम |
|---|---|
| कड़ी पेनल्टी | पीक आवर्स में आपूर्ति घटने पर दंड 1.5× से बढ़ाकर 2 गुना |
| 50% भुगतान नियम | पीक आवर्स में कमी होने पर, गैर–पीक सौर ऊर्जा का भुगतान केवल 50% |
| ग्रीन मार्केट से खरीद | पीक बाध्यता पूरी करने हेतु अधिकतम 5% खरीद की छूट। |
| मूल्यांकन आधार | न्यूनतम CUF(न्यूनतम क्षमता उपयोग) के बजाय पीक आवर्स में BESS आपूर्ति। |
| न्यूनतम बोली क्षमता | **लॉट–1:** 250 मेगावॉट (MW)<br>**लॉट–2:** 225 मेगावॉट(MW) |
| अर्ली कमीशनिंग | समय पूर्व शुरुआत तभी, जब सोलर के साथ BESS भी अनिवार्य रूप से चालू हो। |

## मातृ स्वास्थ्य पर राज्य सरकार का मंथन: विगत 2 वर्षों में मातृ मृत्यु में 25% की कमी–

- **समीक्षा बैठक:** 13 जुलाई । स्वास्थ्य भवन (जयपुर)
- **अध्यक्षता:** गजेन्द्र सिंह खींवसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार)
- **प्रमुख मुद्दा:** प्रसूताओं (गर्भवती महिलाओं) की मृत्यु के कारणों की समीक्षा एवं रोकथाम।
- **मातृ मृत्यु के आँकड़े:** वर्तमान सरकार के कार्यकाल में मातृ मृत्यु में **लगभग 25% की कमी**
  - वर्ष 2023–24 में मातृ मृत्यु: 1,094
  - वर्ष 2024–25 में मातृ मृत्यु: 986
  - **वर्ष 2025–26 में मातृ मृत्यु: 824**
- **हालिया मृत्यु के प्रमुख कारण:** कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा एवं बांसवाड़ा के सरकारी अस्पतालों में (रेफरल केस के माध्यम से) प्रसूताओं की मृत्यु दर्ज की गई जिसमें विशेषज्ञों के अनुसार इन मौतों के मुख्य कारण संक्रमण नहीं, **बल्कि एनीमिया, उच्च रक्तदाब, PPH एवं कुपोषण** रहे।
- **सघन स्क्रीनिंग अभियान:** 15 जुलाई से पाँच दिवसीय अभियान जिसमें राजस्थान में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना।
  - **पंजीकरण:** प्रत्येक गर्भवती का गर्भधारण के **प्रथम 12 सप्ताह** के भीतर एवं स्वास्थ्य सूचनाएँ अनिवार्य रूप से **PCTS** पोर्टल पर दर्ज करना तथा कम से कम **4 गुणवत्तापूर्ण ANC** जांच अनिवार्य।
  - **नवाचार:** 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी' (जैसे-एनीमिया, उच्च रक्तदाब, मधुमेह) के लिए **अलग ट्रैकिंग सिस्टम विकसित** किया जाएगा। साथ ही, मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना का **24 घंटे के भीतर** प्रारंभिक विश्लेषण करना अनिवार्य।

## राजस्थान अंगदान संकल्प अभियान में भारत में द्वितीय स्थान पर– 23 जुलाई 2026 के आँकडों के अनुसार–

- **राष्ट्रीय स्थिति:** प्रथम स्थान–महाराष्ट्र
- राजस्थान केवल **8,136 संकल्पों** के अंतर से पीछे है।
- **समयावधि: 3 अगस्त 2026** तक संचालित अभियान।
- **संकल्प आँकड़ा:** 22 जुलाई तक प्रदेश में **1,08,904** नागरिकों ने अंगदान का संकल्प लिया।
- प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग): **गायत्री राठौड़**
- **सर्वाधिक संकल्प वाले अग्रणी जिले**–
  - **प्रथम:** झुंझुनूं (13,619 संकल्प)
  - **द्वितीय:** हनुमानगढ़ (12,828 संकल्प)
  - **तृतीय:** चूरू (10,780 संकल्प)

## टीबी मुक्त राजस्थान का संकल्प–

- **समीक्षा बैठक:** 13 जुलाई 2026, लोकभवन–जयपुर
- **अध्यक्षता:** हरिभाऊ किशनराव बागड़े (राज्यपाल)
- **विभाग:** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार
- **राज्य स्तरीय लक्ष्य**– चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह के अनुसार, **राजस्थान को वर्ष 2030 तक पूर्णतः TB (Tuberculosis) मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित।** (अब तक 90% लक्ष्य पूर्ण )
- **सर्वेक्षण एवं विशेष शिविर**–
  - राज्य में टीबी उन्मूलन हेतु अधिक जोखिम वाले **11,143 गाँवों** का सघन सर्वे जिसमें से **9,719 गाँवों** में चिकित्सा शिविर लगाकर टीबी मुक्त प्रभावी कार्यवाही।
  - **देश में सर्वाधिक एक्स–रे स्क्रीनिंग** राजस्थान में की गई तथा शहरी स्थानीय निकायों में **'टीबी मुक्त वार्ड अभियान'** चालू किए जाएंगे।

## उदयपुर के भींडर (निवानिया) का 10 वर्ग कि.मी. क्षेत्र यूरेनियम–थोरियम हेतु 5 वर्ष के लिए रिजर्व–

- **आदेश जारी:** जुलाई 2026
- **विभाग:** खान एवं पेट्रोलियम विभाग, राजस्थान सरकार

Springboard Academy

| | |
|---|---|
| नवीन भौगोलिक क्षेत्र | भींडर तहसील– उदयपुर (ग्राम निवानिया–कीकवास)<br>(भौगोलिक सूचकांकः टोपोशीट 45 L/2) |
| कुल आरक्षित क्षेत्र | 10 वर्ग किलोमीटर(6250 बीघा से अधिक), अवधि–आगामी 5 वर्ष हेतु। |
| परमाणु खनिज | यूरेनियम एवं थोरियम– (**Radioactive Mineral**) |
| कार्बोनेटाइट चट्टानें | प्राकृतिक रूप से यूरेनियम, थोरियम एवं अन्य रेडियोधर्मी पदार्थों की सांद्रता अत्यधिक। |
| सर्वेक्षणकर्त्ता (नोडल) | AMD (परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय–GoI)<br>केंद्र सरकार की प्रमुख संस्था–परमाणु ऊर्जा हेतु रेडियोधर्मी खनिजों की खोज करती है। |
| विधिक पाबंदी | परमाणु खनिज रियायती नियम, 2016 (नए लीज निरस्त– पहले से स्वीकृत चालू खदानों पर यह रोक लागू नहीं होगी) |
| पूर्व प्रमुख भंडार | रोहिल क्षेत्र (श्री माधोपुर, सीकर) |

## राजस्थान में '<u>स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक</u>'

- **विषय:** पशुपालकों की आय एवं दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने हेतु 'स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन' तकनीक का उपयोग।
- **विवाद:** हाल ही में इस तकनीक के परिणामों को लेकर कुछ शिकायतें आई जिसमें राज्य सरकार ने रैंडम सैंपल लेकर इसकी **<u>स्वतंत्र जांच इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc), बेंगलुरु</u>** से करवाई।
- **परिणाम:** सीमन में 88-96% तक क्रियाशील 'एक्स-क्रोमोजोम' (मादा/बछिया जन्म के लिए उत्तरदायी) पाए गए।

## राजस्थान ऑनशोर (तटीय) <u>प्राकृतिक गैस में दूसरे व कच्चे तेल उत्पादन में तीसरे स्थान पर</u>–

- **समीक्षा बैठक:** जयपुर, 14 जुलाई । अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम-अपर्णा अरोरा
- **विषय:** राज्य में कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस के उत्पादन में आ रही कमी को दूर करने हेतु नवीनतम तकनीक (**<u>ASP तकनीक</u>**) के उपयोग पर कार्ययोजना।
- **पेट्रोलियम बेसिन:** राज्य में कुल **4 बेसिन**–
  - जैसलमेर
  - बाड़मेर-सांचोर।
  - बीकानेर-नागौर
  - विंध्यन।
  - इनमें से **<u>विंध्यन बेसिन को छोड़कर शेष 3 में खोज एवं दोहन का कार्य जारी</u>**।
  - **HRRL रिफाइनरी:** पचपदरा रिफाइनरी की <u>कुल क्षमता 9 MMTPA</u> जिसमें **1.5 मिलियन टन** राजस्थान में उत्पादित स्थानीय कच्चे तेल का परिशोधन किया जा सकेगा तथा **<u>12 पेट्रोलियम लीज</u>** एवं **<u>12 एक्सप्लोरेशन</u>** लाइसेंस जारी किए।
  - वर्तमान <u>तेल</u> उत्पादन: **54 हजार बैरल प्रतिदिन।**
  - वर्तमान <u>गैस</u> उत्पादन: **2.2 MMSCMD** (Million Metric Standard Cubic Meters per Day)

- **<u>ASP तकनीक</u>: Alkaline Surfactant Polymer** पेट्रोलियम विज्ञान की भाषा में इसे EOR (Enhanced Oil Recovery -उन्नत तेल प्राप्ति) तकनीक कहा जाता है। इसका मुख्य काम कुओं के अंदर फंसे हुए उस आखिरी तेल को निकालना है, जो सामान्य मोटरों या पानी के प्रेशर से बाहर नहीं आता।

## बीज कंपनियों के लिए ब्लॉकचेन आधारित 'संपर्क रहित व चेहरा रहित' ऑनलाइन पंजीकरण मॉड्यूल–

- **नवाचार:** मॉड्यूल **अगस्त 2026 से प्रस्तावित**।
- बीज किस्मों के पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन/डिजिटलीकृत होगी।
- **विकास**– <u>ब्लॉकचेन आधारित पंजीकरण मॉड्यूल</u>।
  - सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग- राजस्थान सरकार
  - **<u>IIT–कानपुर</u>** के IT विशेषज्ञ, **<u>राज किसान साथी</u>** टीम के साथ मिलकर।
- **नियामकीय:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्यरत **केन्द्रीय बीज कमेटी/राज्य बीज सब कमेटी** की परिचालन मार्गदर्शिका के समस्त मानकों के अनुरूप होगी।

- **<u>'बीज किस्म पंजीकरण आमुखीकरण कार्यशाला'</u>**
  - तकनीक के क्रियान्वयन हेतु कृषि आयुक्तालय, जयपुर में 15 जुलाई को आयोजित।
  - जिसमें **117 बीज विशेषज्ञों** ने भाग लिया।

♦ **नया मॉड्यूल प्रस्तुतीकरण:** नेशनल सीड एसोसिएशन ऑफ इंडिया,राजस्थान राज्य प्रमाणित बीज उत्पादक एशोसिएशन-(श्रीगंगानगर),राजस्थान एग्रीकल्चर इनपुट डिलर्स एसोसिएशन-(जयपुर) सहित कई संस्थाएँ।

## IIT जोधपुर: दृश्य प्रकाश से संचालित स्मार्ट मैटेरियल्स एवं MOST तकनीक-

- **नेतृत्त्व:** रसायन विज्ञान विभाग की प्रोफेसर **डॉ. मोनिका गुप्ता।**
- **प्रयोगशाला:** फंक्शनल ऑर्गेनिक मैटेरियल्स प्रयोगशाला।
- **नवाचार:** केवल पराबैंगनी (UV) किरणों के स्थान पर **सूर्य की दृश्य रोशनी (Visible Light)** का उपयोग करने वाले स्मार्ट ऑर्गेनिक मैटेरियल्स का विकास।
- **उपलब्धि:** (Molecular Photoswitches)- दृश्य प्रकाश से संचालित होने वाले सूक्ष्म अणुओं का विकास, जो सामान्य सूर्य प्रकाश में अपनी संरचना बदल लेते है। इन मॉलिक्यूल्स को **लिक्विड क्रिस्टल मैटेरियल्स** के साथ जोड़कर उनके **प्रकाशीय** एवं **यांत्रिक** गुणों में बदलाव लाया जाता है।
- **MOST तकनीक (Molecular Solar Thermal Fuels):** सौर ऊर्जा को सीधे उपयोग करने के बजाय **रासायनिक ऊर्जा** में लंबे समय तक संचित कर आवश्यकता पड़ने पर **गर्मी** के रूप में पुन: प्राप्त करना।
  - ♦ **विशेष:** अत्यधिक ठंडे वातावरण में भी सौर ऊर्जा के नियंत्रित उपयोग को सक्षम बनाती।
  - ♦ **अनुप्रयोग:** स्मार्ट विंडोज, पहनने योग्य उपकरण, स्वत: अनुकूलित ऑप्टिकल उपकरण, स्मार्ट कोटिंग, एडवांस्ड फोटोनिक सिस्टम तथा स्वच्छ ऊर्जा भंडारण।

## IIT जोधपुर-'Fire Safety Technologies' विकास-

- **विकास:** 7 जुलाई को IIT के सिविल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा भविष्य की **'फायर सेफ्टी एवं स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज'** विकसित की।
- **नेतृत्त्वकर्त्ता :** सिविल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर **डॉ. पी. रवि प्रकाश।**
- **शोध आधार:** Performance-Based Structural Fire Engineering (यह तकनीक आग लगने से पहले, आग के दौरान एवं आग बुझने के बाद पूरी इमारत के व्यवहार का वैज्ञानिक विश्लेषण करती है)। कई गंभीर संरचनात्मक विफलताएँ आग बुझने के बाद **'कूलिंग फेज'** के दौरान होती हैं, जिसे सामान्यत: पोस्ट-फायर निरीक्षण में नजरअंदाज कर दिया जाता है।
- **एकीकृत डिजिटल तकनीकें-**
  - ♦ **AI-Based Early Warning System:** सीमित सेंसर डेटा से भवन के फायर रिस्पॉन्स का पूर्वानुमान।
  - ♦ **Intelligent Platform:** BIM (Building Information Modeling), **Digital Twins, IoT** तथा **GIS** जैसी तकनीकों का एकीकरण कर स्मार्ट, टिकाऊ एवं सुरक्षित इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना।

## IIT जोधपुर-'कॉग्निटिव ब्रेन डायनेमिक्स लैब' द्वारा न्यूरो-रिसर्च के परिणाम साझा-

- **प्रयोगशाला:** 24 जुलाई को लैब (CBDL) द्वारा मानव मस्तिष्क के रहस्यों एवं न्यूरो-प्रौद्योगिकियों पर किए जा रहे अत्याधुनिक शोध के परिणाम साझा किए गए।
- **नेतृत्त्वकर्त्ता:** स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस के **प्रोफेसर दीपांजन रॉय।**
- **शोध का विषय:** ध्यान, स्मृति, भावनाएँ, भाषण बोध तथा मस्तिष्क की अनुकूलन क्षमता।
- **प्रमुख तकनीकी निष्कर्ष एवं अनुप्रयोग-**
  - ♦ **श्रवण एवं सहायक उपकरण :** मस्तिष्क को हल्की विद्युत उत्तेजना देकर ब्रेन वेव्स के जरिए शोर-शराबे वाले वातावरण में सुनने/समझने की क्षमता को बेहतर बनाना।
  - ♦ **याददाश्त एवं वृद्धावस्था रोग:** माइल्ड कॉग्निटिव इम्पेयरमेंट (MCI) एवं फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया जैसे तंत्रिका संबंधी रोगों की शुरुआती पहचान करना।
  - ♦ **मानसिक स्वास्थ्य:** डिप्रेशन, एंजायटी एवं OCD (Obsessive Compulsive Disorder) हेतु न्यूरोकॉग्निटिव मार्कर्स की पहचान।
  - ♦ **ध्यान भटकाव:** अचानक आने वाले खतरों एवं अनावश्यक व्यवधानों के प्रति मस्तिष्क प्रतिक्रिया का अध्ययन कर ADHD (Attention Deficit Hyperactivity Disorder) के उपचार खोजना।

Springboard Academy

- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT)-** जोधपुर
  - स्थापना वर्ष 2008 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान के रूप में की गई थी।
  - 852 एकड़ में फैला आधुनिक आवासीय परिसर शिक्षा, बहुविषयक अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक विकास के लिए समर्पित।

**साइबर सुरक्षा ढाँचे को मजबूत करने हेतु COERRA (जयपुर) में राज्य स्तरीय कार्यशाला**– 10 जुलाई 2026

- **आयोजन स्थल:** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रेवेन्यू रिसर्च एंड एनालिसिस (COERRA), जयपुर
- **विषय:** "Strengthening Cybersecurity Frameworks for State Data"
  ('राष्ट्रीय परामर्श प्रक्रिया' के तृतीय चरण का हिस्सा।)
- **आयोजक संस्थाएँ:** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (राजस्थान सरकार) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (भारत सरकार) तथा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सहयोग से।
- डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) अधिनियम, 2023 तथा 'DPDP नियम, 2025' के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया एवं चर्चित तकनीकी शब्दावली–
  - **'साइबर वॉरियर्स'**: साइबर अपराध निस्तारण।
  - **'जीरो ट्रस्ट'** सिद्धांत एवं **'सिक्योर-बाय-डिजाइन'**।
  - **CSIRT** (स्टेट कंप्यूटर सिक्योरिटी इंसिडेंट रिस्पॉन्स टीम) का गठन एवं सभी विभागों में **CISO** (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी) की अनिवार्य नियुक्ति।

**भारतीय रेलवे की लॉन्ड्री तकनीक में AI का समावेश: जयपुर-जोधपुर मंडलों में पायलट प्रोजेक्ट–**

- उत्तर पश्चिम रेलवे-जयपुर मंडल एवं जोधपुर मंडल के साथ पुणे मंडल, मध्य रेलवे भी शामिल।
- **AI तकनीक:** स्वचालित एआई-कैमरा दाग पहचान तकनीक।
- स्वच्छता मापक उपकरण: व्हाइटो-मीटर
- लिनेन सामग्री का निर्धारित सेवाकाल–
  - बिस्तर की चादर: हथकरघा=12 माह, KVIC पॉलीवास्ट्रा=24 माह एवं तकिया कवर=9 माह।
  - चेहरे का तौलिया=9 माह।
  - तकिया एवं ऊनी कंबल=24 माह।
- **उत्तर पश्चिम रेलवे की पहल:** संचालित ट्रेनों एवं कामाख्या-हावड़ा के बीच शुरू नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में एसी श्रेणी यात्रियों को कंबल/कवर उपलब्ध कराना।

**150 TPD क्षमता के 'आधुनिक मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन' का शुभारंभ**– 08 जुलाई 2026

- **स्थान:** झालाना, जयपुर में झाबरसिंह खर्रा द्वारा (नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री-राजस्थान सरकार)
  - लाभ: मालवीय नगर एवं झालाना क्षेत्र-जयपुर।
- **क्षमता: 150 टन प्रति दिवस** जिसमें यहाँ कचरे को **'स्टेटिक कॉम्पैक्टर यूनिट'** में दबाकर मशीन-टू-मशीन तरीके से सीधे अंतिम निस्तारण के लिए भेजा जाएगा।
- **निस्तारण केंद्र:** 'लांगड़ियावास वेस्ट टू एनर्जी प्लांट'
- **मॉडल:** BOT (Build-Operate-Transfer) की तर्ज पर विकसित जिसमें समस्त सिविल, इलेक्ट्रिक एवं मैकेनिकल कार्य कंपनी द्वारा किया जाएगा।

**MNIT जयपुर में एडवांस क्वांटम, AI प्रयोगशालाएँ एवं मेकर्स लैब–**

- **उद्घाटन:** 11 जून 2026 को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव (रेल, सूचना व प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी)।
- **नोडल मंत्रालय व परियोजना:** इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इलेक्ट्रॉनिकी और आईसीटी अकादमिक परियोजना के तहत्।
- **घोषित प्रयोगशालाएँ–**
  1. उन्नत क्वांटम कंप्यूटिंग एवं क्वांटम संचार प्रयोगशाला
  2. AI लैब: इंडियाएआई मिशन से सम्बद्ध।
  3. मेकर्स लैब: सॉफ्टवेयर-हार्डवेयर प्रशिक्षण।
  4. **सेमीकंडक्टर प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म:** लैम रिसर्च का **'सेमीवर्स' प्लेटफॉर्म**- 3D वर्चुअल वातावरण एवं डिजिटल ट्विन आधारित सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन व निर्माण प्रशिक्षण हेतु।

**VGU में राजस्थान का प्रथम जेनेरेटिव एआई कैंपस**

- **घोषणा: 16 जून, 2026** को विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (VGU), **जयपुर** ने **Google Cloud** के साथ साझेदारी में।
- इस पहल के तहत **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) एवं क्लाउड तकनीक** को पाठ्यक्रम, अनुसंधान तथा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में एकीकृत किया जाएगा।

- परिसर में **Google Center of Excellence (CoE)** स्थापित किया जाएगा, जहाँ लाइव लैब, हैकाथॉन, उद्योग-आधारित परियोजनाएँ और **Agentic AI** अनुप्रयोगों पर कार्य होगा।

## राजस्थान के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण (MoUs)

### राजस्थान कृषि विभाग का 32 संगठनों के साथ 'गैर-वित्तीय' MoU- 10 जुलाई 2026

- **आयोजन:** पंत कृषि भवन, जयपुर
- **अध्यक्षता:** मंजू राजपाल (प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, राजस्थान सरकार)
- **मुख्य उद्देश्य:** राजस्थान के कृषि क्षेत्र को आधुनिक, टिकाऊ एवं भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप विकसित कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती विजन को धरातल पर उतारना।
- **प्रकृति:** सभी 32 समझौता **पूर्णत: गैर-वित्त पोषित**-राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा।
- **मॉडल आधार:** **12 जनवरी 2026** को आयोजित '**राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला**' में विभिन्न संस्थाओं से मिले सुझावों एवं अनुभवों के आधार पर तैयार किया गया।
- **32 संगठन जिनमें मुख्य रूप से शामिल-**
  - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल मार्केटिंग।
  - 10 अग्रणी एग्रीटेक स्टार्टअप्स।
  - 20 प्रतिष्ठित सिविल सोसाइटी संगठन।
- कृषि कार्यों में AI के उपयोग हेतु मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर के साथ उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है।
- जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए '**श्री रामशांताय जैविक कृषि एवं प्रशिक्षण केन्द्र**' एवं '**गोयल ग्रामीण विकास संस्थान, कोटा**' में विशेष मंथन आयोजित।

### जयपुर फुट: दिव्यांग पुनर्वास हेतु BMVSS, जयपुर + उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य 2 MoU -

- **संस्था:** भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर (प्रसिद्ध 'जयपुर फुट' की निर्माता)
- **सहयोगी राज्य/संस्थाएँ-**
  1. उत्तर प्रदेश सरकार का 'दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग'
  2. 'डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय' (लखनऊ-उत्तर प्रदेश)
- **हस्ताक्षर:** BMVSS के तकनीकी सचिव डॉ. दीपेंद्र मेहता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राजेश कुमार सिंह।

### राजस्थान की स्कूली शिक्षा में 'डिजिटल क्रांति': शिक्षा विभाग + पिरामल फाउंडेशन के मध्य MoU

- राज्य के शिक्षा विभाग + पिरामल फाउंडेशन के मध्य शासन सचिवालय-जयपुर में 16 जुलाई 2026 को हस्ताक्षरित।
- **नवाचार:** AI एवं पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग (PAL) पर आधारित है, जिसमें फाउंडेशन 'टेक्निकल सपोर्ट यूनिट' (TSU) के रूप में कार्य करेगा।
- **लक्षित वर्ग:** विशेष रूप से कक्षा 8-12 तक के विद्यार्थियों के 'लर्निंग आउटकम' में सुधार।
- **प्रशासनिक विजन-**
  - डेटा एवं डेटाबेस गवर्नेंस को मजबूत करने हेतु **PAL-** पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग **डैशबोर्ड** का निर्माण।
  - बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं को अधिक पारदर्शी बनाना।

### कृषि विभाग व टैफे-जेफार्म के मध्य MoU

- 16 जुलाई को कृषि विभाग, राजस्थान सरकार के साथ (पंत कृषि भवन, जयपुर) हस्ताक्षरित।
- **मुख्य उद्देश्य:** छोटे एवं सीमांत किसानों को बिना किसी अतिरिक्त सेवा शुल्क के किराए पर आधुनिक कृषि मशीनरी/ट्रैक्टर उपलब्ध कराना।
- **तकनीकी एकीकरण:** '**जेफार्म सर्विसेज प्लेटफॉर्म**' को राज्य के **राज किसान साथी पोर्टल** के साथ।
- **विजन :** प्रमुख शासन सचिव (कृषि) मंजू राजपाल के अनुसार, राज्य की **प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर (CHC)** स्थापित करने का लक्ष्य है, जिन्हें फेडरेशन, FPO या उद्यमियों द्वारा संचालित किया जाएगा।

### केंद्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके का उदयपुर प्रवास-TRI एवं BSNL के मध्य डिजिटल लाइब्रेरी हेतु MoU-11 जुलाई 2026

- **आयोजन:** माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं अनुसंधान परिषद (TRI), उदयपुर
- **प्रतिनिधित्व:** बाबूलाल खराड़ी (जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री, राजस्थान सरकार)

| | |
|---|---|
| समीक्षित योजना | धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान।<br>पीएम जनमन–प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान। |
| भारत का प्रथम ट्राइबल टेली–मेडिसिन सेंटर– | मंत्री बाबूलाल खराड़ी– **AIIMS जोधपुर** के सहयोग से **आबू रोड़ (सिरोही)** में संचालित **'भारत का पहला ट्राइबल टेली–मेडिसिन सेंटर'** अपने 3 वर्ष पूर्ण कर चुका है।<br>**टेली–मेडिसिन सेंटर का नवीन प्रस्तावः** प्रतापगढ़ जिले हेतु। |
| डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना– | TRI एवं BSNL के मध्य समझौता राजस्थान के जनजातीय बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग देने हेतु माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं अनुसंधान परिषद् (TRI), उदयपुर में लाइब्रेरी स्थापित होगी। |
| विमोचित पुस्तिका– | जनजाति आश्रम छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में संचालित 'नवादि संदर्भ कौशल कार्यक्रम' की उपलब्धियों पर पुस्तिका–**'हम हैं बदलाव'** |
| जनजातीय स्टूडियो– | **बनफूल स्टूडियो** का अवलोकन (TRI परिसर, उदयपुर) तथा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत द्वारा **IIT जोधपुर** का एक कैंपस उदयपुर में खोलने का प्रस्ताव। |

- केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने **भारत की राष्ट्रीय लैक्रोज टीम में शामिल राजस्थान के खिलाड़ियों** से मुलाकात की।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने **लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028** के लिए **'लैक्रोज'** को शामिल किया।
- **मोहनलाल गमेतीः** एशियन लैक्रोज गेम्स **(रियाद (सऊदी अरब)** में भारत का प्रतिनिधित्व किया और प्रतियोगिता के **'सर्वश्रेष्ठ स्कोरर'** रहे। (पाकिस्तान के विरुद्ध फाइनल मैच में सर्वाधिक गोल कर भारत को **स्वर्ण पदक** दिलाया)।
- **सुनीता मीणाः** वर्तमान में भारतीय महिला लैक्रोज टीम की कप्तान एवं नीरज बत्रा लैक्रोज खेल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक।
- जनजातीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए **राजस्थान माइन्स एवं मिनरल्स लिमिटेड (RSMML) द्वारा वित्तीय सहयोग** प्रदान किया जा रहा है।
- उदयपुर की संभागीय आयुक्त **प्रज्ञा केवलरमानी** वर्तमान में **'लैक्रोज प्रवर्तक'** के रूप में कार्य कर रही।

### 23वाँ आर्केसिया फोरम–2026 (MoU हस्ताक्षर)

- **आयोजन प्रस्तावितः** 11–12 सितंबर, 2026
- **मुख्य आयोजनः** जयपुर (कुछ विशेष सत्र दिल्ली–आगरा)
- **मुख्य थीमः 'ब्रिंगिंग बैक वर्नाक्युलर विजडम'** Bringing Back Vernacular Wisdom
- **आयोजक संस्थाएँ एवं MoU–**
  - द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (IIA)
  - लघु उद्योग भारती (LUB)
- **हस्ताक्षरः** LUB **से नरेश चंद पारीक** तथा IIA से **तुषार सोगानी** ने किए एवं इसमें विश्व के **24 से अधिक देशों** के करीब **3500 प्रतिनिधि हिस्सा** लेंगे।

### राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर (U.K.) के मध्य MoU-

- **तिथि :** 28 जुलाई । पुलिस मुख्यालय (जयपुर)
- **हस्ताक्षरः** RPA-अतिरिक्त निदेशक शंकरदत्त शर्मा तथा यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर-प्रो. (डॉ.) विमल कुमार शर्मा (DGP राजीव कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में)।
- **यूके प्रतिनिधिः** प्रो. कैथरीन रॉबिन्सन, डॉ. एमिली बेबिंगटन।
- **समयावधिः** 05 वर्षों के लिए प्रभावी एवं पारस्परिक सहमति से विस्तार योग्य समझौता।
- प्रथम चरण का सम्बद्ध स्कूल यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर का **'स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज'** एवं इस समझौतें के तहत् डिस्टेंस लर्निंग, सर्टिफिकेट कोर्स, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण, विजिटिंग प्रोफेसर व्यवस्था, पुलिसकर्मियों में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, कार्यस्थल कल्याण एवं आत्महत्या रोधी विशेष अध्ययन शामिल।

**राजस्थान में स्टार्टअप्स एवं MSMEs हेतु वित्तीय प्रोत्साहन अनुबंध**–27 जुलाई 2026

- **RIICO एवं राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड (RVCF) के मध्य** इंडिया ग्रोथ फंड-IV हेतु अनुबंध किया गया। जिसमें RIICO द्वारा रु. 30 करोड़ का अतिरिक्त निवेश जिससे RIICO की कुल निवेश प्रतिबद्धता बढ़कर रु. 75 करोड़ हो जाएगी।
- **फंड का कुल आकार एवं लक्ष्य:** कुल आकार रु. 250 करोड़ एवं इसके माध्यम से इस वर्ष **25 स्टार्टअप्स** को वित्तीय सहायता देने की मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई।
- **नोडल अधिकारी:** रीको के MD सुरेश कुमार ओला।
- **RVCF का ट्रैक रिकॉर्ड:** 3 फंडों के तहत् 44 कंपनियों में निवेश एवं प्रमुख सफल बहु-बैगर स्टार्टअप्स–
  - **Mosambee** (सिनर्जिस्टिक फाइनेंशियल)→ पाइन लैब्स द्वारा अधिग्रहित फिनटेक।
  - **The Wooden Street Furnitures**→ हिस्सेदारी वेस्टब्रिज कैपिटल एवं प्रेमजी इन्वेस्ट को बेची गई।
  - **NPST** (नेटवर्क पीपल सर्विसेज टेक्नोलॉजीज)→ NSE SME एक्सचेंज पर सूचीबद्ध।

**राजस्थान-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय सहयोग–**

- **बैठक:** 14 जुलाई 2026 को लोकभवन-जयपुर
  - हरिभाऊ बागड़े(राज्यपाल, राजस्थान)
  - **पॉल मर्फी** (ऑस्ट्रेलिया के उच्च-स्तरीय राजनयिक एवं वाणिज्यिक महादूत)
  - **नजीन लूथ** (ऑस्ट्रेलिया महावाणिज्यदूत के सहायक)
  - जयपुर, 15 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से ऑस्ट्रेलिया के महावाणिज्य दूत पॉल मर्फी ने भेंट की।
- **सहयोग के 3 मुख्य स्तंभ**–
  - **उच्च शिक्षा विनिमय**–ऑस्ट्रेलिया के नवाचारों को राजस्थान विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं एवं ऑस्ट्रेलिया के शिक्षाविदों एवं कुलपतियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद एवं चर्चा आयोजित होगी।
  - **शुष्क कृषि**–कम पानी में अधिक पैदावार।
  - **आदिवासी संस्कृति संरक्षण:** ऑस्ट्रेलियाई आदिवासी-एबोरिजिनल ओरिजिन पीपल इन ऑस्ट्रेलिया एवं राजस्थान के आदिवासी लोगों की संस्कृति से संबंधित धरोहर संरक्षण करना एवं ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधि मंडल अगले एक-दो माह में उदयपुर स्थित पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का भ्रमण करेगा।

## पर्यावरण एवं भौगोलिक घटनाक्रम

**AFRI-जोधपुर में 77वाँ वन महोत्सव**

- भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (ICFRE) के अंतर्गत **शुष्क वन अनुसंधान संस्थान जोधपुर में 7 जुलाई 2026 को** निदेशक डॉ. ए. के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया।
- वैज्ञानिक डॉ. सचिन शर्मा द्वारा **'लंटाना से प्रभावित क्षेत्रों का प्रबंधन: पारिस्थितिक बहाली एवं जैव-विविधता संरक्षण की रणनीतियाँ'** विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत जिसमें आक्रामक विदेशी प्रजाति लंटाना **(Lantana)** के वैज्ञानिक प्रबंधन पर प्रकाश डाला गया।

**नर्मदा जल विवाद (1979) के लंबित भुगतानों पर 4 राज्यों का ऐतिहासिक 'वन-टाइम सेटलमेंट': पश्चिमी राजस्थान को मिलेगा मानसून का अधिशेष जल–**

- **समझौता:** 07 जुलाई को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न
- **राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्रियों द्वारा **'नर्मदा अवार्ड'** के लंबित भुगतानों के निपटारे पर हस्ताक्षर किए गए।
- **मुख्य विषय: 'सरदार सरोवर परियोजना'** की निर्माण लागत में राज्यों की हिस्सेदारी से जुड़े दशकों पुराने विवादों का अंतिम निपटारा।
  1. **नर्मदा जल विवाद प्राधिकरण :** वर्ष 1979 में 'अवार्ड' के माध्यम से ही चारों राज्यों के मध्य जल का आवंटन किया गया था।
  2. **राजस्थान के लिए आगामी लाभ एवं योजना–**
     - इसी अधिशेष जल के भंडारण के लिए राज्य सरकार द्वारा **बजट 2026-27** की घोषणा के क्रम में DPR तैयार एवं **पश्चिमी राजस्थान** के वंचित एवं अभावग्रस्त क्षेत्रों को मिलेगा, जहाँ पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

## UNCCD प्री-कोप संवाद:गंगनहर शताब्दी वर्ष

- **आयोजन:** 26 जुलाई को चूरू (होटल ग्रैंड शेखावाटी) में गंगनहर शताब्दी वर्ष (1927-2027) के तहत् केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रीय अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर।
- **विषय: 'ए कंट्री ऑफ द गंग कैनाल: लैंड, वाटर एंड क्लाइमेट रेसिलियंस इन द थार डेजर्ट'** (A Country of the Gang Canal: Land, Water and Climate Resilience in the Thar Desert)
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक वर्ष 2026 को **'अंतर्राष्ट्रीय रेंजलैंड एवं पशुपालक वर्ष'** घोषित किया गया है।
- **आयोजक संस्थाएँ:** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) तथा ATREE-अशोका ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकॉलॉजी एंड द एनवायरनमेंट का संयुक्त प्रयास।
- **स्थानिक :** चूरू की उच्च तापीय व जलवायु संवेदनशीलता तथा **ताल छापर अभयारण्य** (काले हिरण एवं घासभूमि/रेंजलैंड पारिस्थितिकी तंत्र)।
- **प्रशासनिक पहल:** समापन सत्र में चूरू जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय **'हीट एक्शन प्लान'** पर विशेष प्रस्तुति।
- **भागीदार प्रमुख अनुसंधान संस्थान:** AFRI (जोधपुर), SAC-ISRO (अहमदाबाद), IGFRI, ATARI, CIAH (बीकानेर) तथा महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय।
- **मुख्य तकनीकी एवं नीतिगत एजेंडा:** लैंड डिग्रेडेशन न्यूट्रैलिटी, मृदा स्वास्थ्य, लवणीयता नियंत्रण, गोडावण संरक्षण तथा उपग्रह-आधारित भूमि परिवर्तन विश्लेषण।

## जल जीवन मिशन 2.0: राजस्थान को 537 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता-

- भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राजस्थान को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए **537.70 करोड़ रुपये** की केंद्रीय सहायता 17 जुलाई 2026 को स्वीकृत की गई है।
- **सहायता राशि का आवंटन**-537.70 करोड़ रुपये
  - **सामान्य क्षेत्र:** 307.45 करोड़ रुपये।
  - **अनुसूचित जाति:** 177.73 करोड़ रुपये।
  - **अनुसूचित जनजाति:** 52.52 करोड़ रुपये।
- प्रदेश में भौतिक रूप से पूर्ण 3,241 योजनाओं में से 2,520 योजनाओं का अंतिम रूप से शीघ्र ही चरणबद्ध तरीके से **'जल अर्पण'** किया जाएगा।

## राजस्थान संरक्षित क्षेत्र संरक्षण समिति (RPACS) की सामान्य सभा बैठक-13 जुलाई 2026 (सचिवालय, जयपुर)

- **अध्यक्षता: वी. श्रीनिवास** (मुख्य सचिव, राजस्थान)
  - **वर्ष 2026 में एक 'राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला'** आयोजित करने का निर्णय लिया।
  - वन्यजीव प्रबंधन को वैज्ञानिक बनाने के लिए केन्द्र सरकार के प्रतिनिधियों विषय विशेषज्ञों को समिति से जोड़ा जाएगा
  - वन्यजीव प्रबंधन हेतु स्वीकृत वार्षिक बजट (2026-27): 144.43 करोड़ रुपये।

## 'मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर' बना राजस्थान का 23वाँ भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-

- केंद्र सरकार की जियोग्राफिकल इंडिकेशन रजिस्ट्री (चेन्नई) ने जोधपुर की पारंपरिक एवं विश्व प्रसिद्ध हस्तकला **'मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर' (Mojari Craft of Jodhpur)** को भौगोलिक संकेतक प्रदान कर दिया है।
  - 200 साल पुरानी विरासत एवं हस्तशिल्पियों को मिली वैश्विक पहचान एवं समृद्धि।
  - वर्तमान में जोधपुरी मोजरी एवं लेदर उत्पादों का घरेलू बाजार लगभग **100 करोड़ रुपये** का है।
- **संबंधित संस्थाएँ (आवेदक)** जिसे प्रदान किया गया।
  - जोधपुर हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन।
  - ग्राम विकास सेवा संस्थान (पीपाड़ सिटी, जोधपुर)
- **सहयोगी संस्थान:** केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के तहत् 'विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय एवं टेक्सटाइल कमेटी।

| तथ्यात्मक विवरण | संख्या |
|---|---|
| 31 दिसंबर 2025 तक की कुल प्रविष्टियाँ- | 21 |
| संयुक्त टैग (फुलकारी)-<br>• पंजाब, हरियाणा,राजस्थान तीनों राज्यों का संयुक्त अधिकार।<br>• केंद्र सरकार के आधिकारिक रिकॉर्ड में 'India (Punjab, Haryana-Rajasthan)' दर्ज। | + 1 |
| वर्ष 2026- मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर (Mojari Craft of Jodhpur) - हस्तशिल्प/चर्म शिल्प<br>735 - Certificate of Registration : 28-03-2026<br>आवेदन तिथि: 04.01.2021 | + 1 |
| कुल GI टैग स्थिति | 23 |

- **Note: केर-सांगरी (सांगरी ऑफ खेजड़ी)**: चूंकि लाइव पोर्टल पर इसका आवेदन संख्या 2001 अभी 'New Application' (प्रक्रियाधीन) है, इसलिए इसे अभी इस कुल फाइनल सूची में नहीं गिना जाएगा।
  - Applicant Name: Agriculture Produce Market Committee
  - Applicant Address: NH-62, Ganganagar Road, Behind Kishan Bhawan, Rajasthan
  - Date of Filing: 02-04-2026
  - Goods: Agriculture
- **Announcement of Total GI Tag = 24**
- **Notify of Total GI Tag = 23**

### थार मरुस्थल में 28 कि.मी. परिधि का विशाल एस्केप रिजर्वायर: कृत्रिम झील-

- 24 जुलाई को **जैसलमेर-बाड़मेर** के लिए इंदिरा गाँधी नहर परियोजना (IGNP) पर निर्मित **बुर्जी 1356 (RD-1356) एस्केप रिजर्वायर** की उपलब्धि साझा की गई।
- **जल भराव क्षमता:** 1,406 MCFT
- यह जलाशय जैसलमेर जिले के घांटियाली क्षेत्र में स्थित है, जिसकी परिधि 28 किलोमीटर तथा गहराई 13 मीटर।
- **मूल उद्देश्य :** नहर में अधिक डिस्चार्ज या आपात स्थिति के दौरान अतिरिक्त पानी को सुरक्षित बाहर निकालना है। मानसून के समय जब सिंचाई की मांग घट जाती है, तब भारी मात्रा में पानी संग्रहण व्यवस्था के अभाव में अंतरराष्ट्रीय सीमा से बहकर बेकार चला जाता है।
- **रिसाव रोकने की तकनीक :** रेतीली मिट्टी में जल रिसाव (seepage) रोकने के लिए जलाशय की तली व ढलानों पर विशेष एचडीपीई (HDPE) शीट बिछाई गई है।
- **प्रस्तावित लाभ :** इन चार जलाशयों से JJM की 43 वृहद् पेयजल परियोजनाओं को अतिरिक्त जल मिलेगा, जिससे 6,707 गाँवों के 20 लाख से अधिक परिवारों को पेयजल व नहरबंदी के दौरान सुरक्षा उपलब्ध होगी।
- जल जीवन मिशन के तहत् स्वीकृत 4 एस्केप रिजर्वायर
  1. **बुर्जी 1356** (RD-1356) एस्केप रिजर्वायर: जैसलमेर
  2. **RD-507** (सत्तासर) एस्केप रिजर्वायर: बीकानेर
  3. **RD-750** (गजनेर) एस्केप रिजर्वायर: बीकानेर
  4. **RD-1121** एस्केप रिजर्वायर: जोधपुर

### जयपुर में आठ बाँधों का जीर्णोद्धार-

- जिला परिषद् जयपुर द्वारा 16 जुलाई को रु. 2.81 करोड़ की स्वीकृति योजनाएं: (1) विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) तथा (2) डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना अभिसरण के तहत् जारी।
- **उद्देश्य:** वर्षा जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं ग्रामीण जल उपलब्धता में सुधार।
- **आठ बाँध**- अगर सागर (मौजमाबाद), बाडसोलीक्यान (मौजमाबाद), बेनीखेड़ा-रहलाना (दूदू), दांतली (आंधी), हरसोली (दूदू), जैतपुरा (सांभरलेक), नीमला (आंधी) तथा श्यामपुरा (कोटखावदा)

### प्रधान खनिजों की ई-नीलामी में राजस्थान अव्वल

- **उपलब्धि: 21 जुलाई** को जारी आँकड़ों के अनुसार, **141 प्रधान खनिज ब्लॉकों** की ई-नीलामी के साथ **राजस्थान देशभर में प्रथम स्थान** पर रहा।
- **ब्लॉकों का विभाजन**-
  - **105** माइनिंग लीज, **30** कंपोजिट लाइसेंस
  - **01** एक्सप्लोरेशन लाइसेंस, **07** क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉकों की नीलामी केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान से की गई है।
  - **सर्वाधिक नीलाम खनिज:** 101 लाइमस्टोन
  - अन्य खनिज: लौह अयस्क (13), बेसमेटल (8), रेयर अर्थ एलिमेंट (4), सिलियस अर्थ (4), मैगनीज (3), सोना (2), पोटाश व हैलाइट (2), तथा गार्नेट, एमरल्ड, फ्लोराइट व रॉक फास्फेट (1-1)
  - **चालू वित्तीय वर्ष का लक्ष्य:** वर्ष 2026-27 में 55 ब्लॉकों का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से शुरुआती 3.5 माह में **14 ब्लॉकों की ई-नीलामी** पूर्ण हो चुकी।
  - **विगत 2.5 वर्षों की प्रगति : 102 प्रधान खनिज ब्लॉकों** की नीलामी की गई।
  - नीलाम ब्लॉकों को पर्यावरण एवं अन्य स्वीकृतियाँ आसानी से दिलाने हेतु खान विभाग में **'पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल'** का गठन किया गया।
  - **राजस्थान की अनूठी व्यवस्था :** अन्य राज्यों में जहाँ **ट्रांजेक्शन एडवाइजर्स** द्वारा नीलामी की तैयारी की

Springboard Academy

जाती है, वहीं राजस्थान में ब्लॉक तैयार करने से लेकर ई-ऑक्शन तक की समस्त प्रक्रिया **खान एवं भूविज्ञान विभाग** स्वयं निष्पादित करता है।

## प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक घटनाक्रम

### सहकारिता से समृद्धि एवं मोबिलिटी क्रांति: राजस्थान में 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ-

- **स्थल:** 25 जुलाई को HCM RIPA, जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल द्वारा 'भारत टैक्सी' वाहनों (कैब, बाइक व ऑटो) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- **संचालक संस्था:** सहकार टैक्सी कॉ-ऑपरेटिव लिमिटेड (अध्यक्ष: जयेन मेहता) द्वारा संचालित।
- **मॉडल: 'सारथी ही मालिक'** (सह-स्वामित्व)।
- **सामाजिक सुरक्षा कवच:** वाहन चालकों (सारथियों) को बिना अतिरिक्त कमीशन कटौती के पूरा लाभांश तथा रु. 5 लाख तक का नि:शुल्क दुर्घटना बीमा।
- **भौगोलिक प्रसार:** दिल्ली, गुजरात एवं महाराष्ट्र के पश्चात् **राजस्थान देश का चौथा राज्य बना।**
  - जयपुर में 30,000+ सारथी एवं 7 लाख+ ग्राहक जुड़े।
  - **राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य:** 500 शहर।
  - **MoUs:** सहकार टैक्सी कॉ-ऑपरेटिव द्वारा RCDF, जयपुर नगर निगम, जयपुर मेट्रो एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC) के साथ।

### सहकारिता मंत्रालय का 5वाँ स्थापना दिवस

- **आयोजन:** 06 जुलाई- भारत मंडपम, नई दिल्ली
- **मुख्य वक्ता:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह
- **राजस्थान सहकारिता क्षेत्र के प्रमुख नवाचार**

| विषय | तथ्यात्मक जानकारी |
|---|---|
| राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त- | • **M-PACS** गठन: 1,977 **M-PACS** का गठन किया गया।<br>• **E**-पैक्स लेनदेन: 10 करोड़ ट्रांजेक्शन (लगभग 1/3 हिस्सा)<br>• बीज सहकारिता: 'भारतीय बीज सहकारी समिति' की सदस्यता। |
| 'सहकार वन' | • स्थान व क्षेत्रफल: सुमेल गाँव (जयपुर) में 64 एकड़ भूमि पर।<br>• पौधारोपण पद्धति: जापानी 'मियावाकी' एवं सामान्य प्रणाली।<br>• प्रमुख वृक्ष: राज्य के स्थानीय वृक्ष- खेजड़ी, रोहिड़ा और नीम। |
| डेयरी एवं दुग्ध सहकारिता रिकॉर्ड | • टर्नओवर: RCDF का 47 वर्षों का सर्वाधिक **10,000 करोड़ रुपये।**<br>• दुग्ध संकलन: 38 लाख लीटर से बढ़कर **45 लाख लीटर** तक पहुँचा। |

### सहकारिता विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा: 'की परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स' (KPI) रैंकिंग-

- **जारी तिथि:** 10 जुलाई 2026
- **मुख्य उद्घोषक:** डॉ. समित शर्मा (शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग-राजस्थान)
- **आयोजन:** शासन सचिवालय, जयपुर (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग)
- **मूल उद्देश्य:** स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से ग्रामीण राजस्थान, किसानों, पशुपालकों एवं महिलाओं तक सहकारी योजनाओं का पारदर्शी लाभ पहुँचाना।
- **मूल्यांकन के 06 आधार-**

  1. अन्न भंडारण 2. डिजिटलीकरण 3. व्यवसाय विस्तार 4. सुरक्षा नेट 5. सहकारिता में सहकार 6. डोर-स्टेप बैंकिंग

- **राजस्थान सहकारिता KPI रैंकिंग (जुलाई 2026)**

| स्थान | जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक | एम-पैक्स (ग्राम सेवा सहकारी समिति) |
|---|---|---|
| प्रथम | सीकर (67.42 अंक) | नीमोद (77.50 अंक) |
| द्वितीय | बूंदी | भीया, बूंदी (76.50 अंक) |
| तृतीय | जोधपुर | घाट का बराना, बूंदी (74.00 अंक) |

### नेशनल एक्सप्रेसवे एवं ग्रीनफील्ड कॉरिडोर निर्माण में राजस्थान अव्वल-

- **उपलब्धि:** 23 जुलाई: भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राजस्थान सर्वाधिक लंबाई के नेशनल एक्सप्रेसवे एवं ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर के निर्माण में देश में **प्रथम स्थान** पर है।

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री **नितिन गडकरी** ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर के माध्यम से बताया।
- **राजस्थान में निर्मित लंबाई:** प्रदेश में अब तक **1,192 किलोमीटर** लंबाई के एक्सप्रेसवे/हाई-स्पीड कॉरिडोर का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जो देश के किसी भी राज्य में सर्वाधिक है।
- **राष्ट्रीय भागीदारी:** देश में जुलाई 2026 तक कुल राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर/ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे (4,809 कि.मी.) का लगभग 25% हिस्सा अकेले राजस्थान में निर्मित।
  - **कुल स्वीकृत लंबाई:** 10,389 किलोमीटर
  - **अब तक निर्मित लंबाई:** 4,809 किलोमीटर

**निवेश अनुकूलता सूचकांक-2026 में राजस्थान का प्रदर्शन**-नीति आयोग द्वारा जारी।

- **पृष्ठभूमि:** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जुलाई 2024 की गवर्निंग काउंसिल बैठक के बाद केंद्रीय बजट 2025-26 में सूचकांक को विकसित करने की घोषणा की गई थी।
- **<u>सूचकांक में राजस्थान की रैंकिंग</u>**
  - **श्रेणी:** निवेश अनुकूलता-**अग्रणी राज्य।**
  - **समग्र रैंकिंग**- देशभर में **10वाँ स्थान**।
    - बड़े राज्यों की श्रेणी में 8वाँ स्थान।
    - नियमों का सरलीकरण-द्वितीय स्थान।
    - निवेश प्रोत्साहन नीतियाँ: तृतीय स्थान।
    - संसाधनों की उपलब्धता में: 5वाँ स्थान।

**ICD (इनलैंड कंटेनर डिपो) जोधपुर से प्रथम पूर्णतः भरी हुई निर्यात कंटेनर रेक रवाना-**

- **संचालक :** राजस्थान स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड **(RAJSICO)** द्वारा संचालित **ICD**, जोधपुर।
  - **रेक (Rake) :** जब कई मालवाहक डिब्बों को आपस में जोड़कर एक पूरी ट्रेन का ढाँचा बनाया जाता है, तो उस पूरी ट्रेन/सेट को रेलवे की तकनीकी भाषा में **'1 रेक'** कहा जाता है।
- **उपलब्धि: 23 जुलाई** को ICD जोधपुर से प्रथम बार केवल निर्यात सामग्री से 100% भरी हुई (<u>बिना किसी खाली कंटेनर के</u>) ट्रेन रेक **मुंद्रा पोर्ट (गुजरात) के लिए रवाना** की गई।
- **कंटेनर आपूर्ति:** निर्यातकों को समय पर खाली कंटेनरों की उपलब्धता हेतु सोनीपत (हरियाणा) से 570 खाली 40 फीट कंटेनर जोधपुर लाए गए थे।

**उद्योग एवं वाणिज्य विभाग पहल : 100 आइकन्स ऑफ राजस्थान (लॉन्च:** 10 जुलाई 2026)

- राज्य के विकास में योगदान देने वाली **<u>55 महिलाओं</u>** एवं **<u>45 पुरुषों को मिलेगा</u> '<u>द 100 आइकन्स कम्पेंडियम</u>'** में विशेष स्थान एवं नीति-निर्धारण व रणनीतिक संवादों में सीधी भागीदारी।
- **नोडल विभाग:** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान
- आवेदन अंतिम तिथि: 15 अगस्त 2026 (ऑनलाइन-industries.rajasthan.gov.in)
- **चयन का मापदंड**-
  - 55 महिलाएँ (आयु 55 वर्ष से कम)
  - 45 पुरुष (आयु 45 वर्ष से कम)

**वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल निर्यात को 4 गुना करने का लक्ष्य: '<u>राज्य स्तरीय डेडिकेटेड टेक्सटाइल सेल</u>'** गठित-

- **दिनांक:** 12 जुलाई 2026
- **नीति:** राजस्थान टेक्सटाइल एवं अपैरल नीति-2025
- **प्रस्तावित:** अक्टूबर 2026 में **'टेक्सटाइल समिट'**
- **टेक्सटाइल एक्सपोर्ट एक्शन प्लान:** राज्य में प्रथम बार स्टेट लेवल के साथ-साथ **<u>11 जिलों के लिए प्लान तैयार</u>**। (7 चैंपियन एवं 4 आकांक्षी जिले शामिल)
  - **7 चैंपियन:** अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जोधपुर एवं कोटा
  - **4 आकांक्षी:** श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, चूरू
- **निर्यात के लक्ष्य एवं आँकड़े**-
  - **राष्ट्रीय:** भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक वस्त्र एवं परिधान निर्यात को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा है।
  - **वर्तमान योगदान:** वर्ष 2024-25 में राज्य का कुल निर्यात रु. 97,171 करोड़ था, जिसमें टेक्सटाइल क्षेत्र का हिस्सा रु. 13,500 करोड़ था। (13%+)
  - **राजस्थान की रैंकिंग**-
    - **ऊन उत्पादन:** देश में **प्रथम** (लगभग 47%)
    - **कपास उत्पादन:** देश में **पांचवें** स्थान पर।

**राजस्थान डी-रेगुलेशन फेज-1: जून 2026 मासिक इम्पैक्ट एसेसमेंट रिपोर्ट**- 17 जुलाई 2026 को जारी-

- **जारी:** मुख्य सचिव **(वी.श्रीनिवास)** कार्यालय के तहत् गठित **डी-रेगुलेशन सेल** द्वारा।
- **उद्देश्य:** विनियामक सुधारों एवं **'राजनिवेश' सिंगल विंडो प्रणाली** के माध्यम से **व्यापार सुगमता** तथा **डिजिटल गवर्नेंस** को सुदृढ़ करना।
- **फेज-1 के प्रमुख सुधार स्तंभ:**
  - स्वीकृति प्रक्रियाओं का सरलीकरण।
  - ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार।
  - जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणाली।
  - अनुपालन बोझ में कमी।
- **निवेश:** जून 2026 में राजनिवेश पोर्टल पर 1,03,003.64 करोड़ रुपये (1.03 'लाख करोड़') से अधिक के निवेश अभिरुचि प्रस्ताव प्राप्त हुए।
  - **जिलावार प्रदर्शन**-
    - **अग्रणी:** जयपुर, जोधपुर, अजमेर एवं कोटा
    - **तीव्र वृद्धि (50% +):** पिछले माह की तुलना में डीडवाना-कुचामन, सिरोही, ब्यावर, करौली एवं फलोदी।
  - **सेवा निस्तारण अवधि में सुधार**-
    - नया विद्युत कनेक्शन हेतु औसत स्वीकृति अवधि पिछले वित्तीय वर्ष के 20 दिनों से घटकर 10 दिन।
    - पर्यटन परियोजना की औसत स्वीकृति अवधि 22 दिनों से घटकर 16 दिन हुई।
    - औद्योगिक इकाइयों की तकनीकी एवं संचालनात्मक भूमिकाओं में महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़कर 26 से 32% हो गई।

**भारत का प्रथम-विधायी गौरव यात्रा-पूर्व एवं वर्तमान विधायकों का ऐतिहासिक समागम-**

- **आयोजन:** 15.07.2026- राजस्थान विधान सभा, जयपुर
- राजस्थान विधानसभा अमृत काल के उत्सव का यह **प्रथम आधिकारिक कार्यक्रम।**
- **अध्यक्षता:** वासुदेव देवनानी (विधानसभा अध्यक्ष)
- **मुख्य अतिथियों का विवरण**-
  - **उद्घाटन :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।
  - **समापन :** उप-राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन।
  - **विशिष्ट अतिथि:** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा।
  - **संसदीय कार्य मंत्री:** जोगाराम पटेल
  - **नेता प्रतिपक्ष:** टीकाराम जूली (कांग्रेस)
  - **राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ:** सचिव संदीप शर्मा
- **मुख्य विमर्श:** 75 वर्ष में पारित हुए **24 महत्त्वपूर्ण कानूनों** पर चर्चा, जिसमें 16 पूर्व एवं वर्तमान अनुभवी विधायकगणों ने भाग लिया।
- **राजस्थान विधानसभा** सदन के उद्घाटन की हिंदू पंचांग (कैलेंडर) तिथि- विक्रम संवत 2006 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा।
- **आयोजन में 410 जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।**
  - 237 पूर्व विधायक।
  - 163 वर्तमान विधायक।
  - 10 अन्य ऐसे पूर्व विधायक भी शामिल हुए जिन्होंने इस कार्यक्रम में अपना पंजीकरण नहीं कराया था।
  - लोकसभा के 25 एवं राज्यसभा के 10 सांसदों को मिलाकर **कुल 35 सांसद** एक ही मंच पर जुटे।
- **पुरस्कार:** सदन की गौरवशाली परंपरा को सुदृढ़ करने में सदन में (**6 बार या उससे अधिक बार विधायक**) योगदान के लिए **कुल 26 वर्तमान एवं पूर्व विधायकों को सम्मानित किया गया** (प्रमुख नाम: गुलाबचंद कटारिया, सी.पी. जोशी, किरोड़ी लाल मीणा, देवी सिंह भाटी,राजेंद्र राठौड़, दीपेंद्र सिंह शेखावत, तारा भंडारी, पंडित रामकिशन शर्मा,राम नारायण मीणा,राव राजेंद्र सिंह, आदि।)
- राजस्थान विधानसभा के **वर्तमान 200 विधायकों एवं 495 पूर्व विधायकों (कुल संख्या = 695)**को ट्रॉली बैग किट्स प्रदान किए। (शामिल सामग्री)
  - संविधान की पुस्तक।
  - 1952 से अब तक के अधिनियमों की पुस्तिका।
  - पूर्व एवं वर्तमान सदस्यों की दूरभाष निर्देशिका।
  - पर्यटन एवं सहकारिता विभाग द्वारा प्रदत्त साहित्य।
- **विधायी गौरव यात्रा का (प्रथम सत्र)**-
  - **मंच संचालन:** वासुदेव देवनानी (वर्तमान अध्यक्ष), डॉ. सी.पी. जोशी (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष) एवं संदीप शर्मा (राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के सचिव)
- **विधायी गौरव यात्रा का (द्वितीय सत्र)**-
  - **मंच संचालन:** वासुदेव देवनानी (वर्तमान अध्यक्ष),पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं संदीप शर्मा (राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के सचिव)

## India-UK CETA: जयपुर से ब्रिटेन के लिए दो निर्यात खेपों का प्रेषण-

- **प्रथम आभूषण निर्यात खेप** –फ्लैगऑफ समारोह: रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार, जयपुर कार्यालय के सहयोग से किया गया।

| 15.07.2026 | 1. प्रथम आभूषण निर्यात खेप | 2. बहु–उत्पाद निर्यात खेप |
|---|---|---|
| प्रस्थान स्थल– | एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, सांगानेर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जयपुर। | ICD कॉनकॉर (CONCOR) डिपो, कनकपुरा, जयपुर |
| परिवहन माध्यम | हवाई मार्ग (Air Cargo Parcels) | रेल / ड्राई पोर्ट मार्ग |
| सहयोगी नोडल संस्था– | GJEPC<br>(रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद्) | EPCH<br>(हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्) |
| मुख्य उत्पाद– | स्वर्ण, चाँदी, प्लैटिनम, हीरा जड़ित व रंगीन रत्नों के हस्तनिर्मित आभूषण। | हस्तशिल्प, फार्मास्युटिकल्स एवं आभूषण। |
| खेप की मात्रा एवं कुल मूल्य– | +10 मिलियन USD<br>(राष्ट्रव्यापी +10M पहल का हिस्सा) | 04 कंटेनर्स : कुल मूल्य : 1,68,395.54 GBP |
| सहभागी फर्में– | द्वारका जेम्स लिमिटेड, गैलेंट ज्वेलरी, विनायक ज्वेल्स इंडिया, वैभव ग्लोबल लिमिटेड | मैसर्स परंपरा, मैसर्स पॉलीमेडिक्योर लिमिटेड, मैसर्स आर्टएशिया। |
| टैरिफ एवं सीमा शुल्क लाभ– | UK द्वारा लगाया जाने वाला 4% तक का आयात शुल्क समाप्त। | UK बाजार में राजस्थान के उत्पादों की सीधी और सुलभ पहुंच। |
| भावी निर्यात लक्ष्य– | UK को आभूषण निर्यात अगले 3 वर्षों में +754 मिलियन से बढ़कर +2.5 बिलियन USD पहुंचने का अनुमान। | राजस्थान के कुटीर उद्योगों एवं MSMEs क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभांश। |

❖ रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद् (GJEPC)
- **स्थापना एवं मंत्रालय** : वर्ष 1966 में **भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय** द्वारा स्थापित।
- **मूल उद्देश्य** : देश के रत्न एवं आभूषण निर्यात को बढ़ावा देना और सुगम बनाना।
- **स्वायत्तता** : वर्ष 1998 में स्वायत्त संस्था का दर्जा प्राप्त।
- **सदस्यता आधार** : वर्तमान में देशभर के **11,000 से अधिक सदस्यों** का प्रतिनिधित्व करती है।
- **मुख्यालय** : **मुंबई–क्षेत्रीय कार्यालयः** नई दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, सूरत और **जयपुर**।
- **भूमिका** : निर्यातकों को व्यावसायिक सेवाएँ प्रदान करना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वार्ताओं में उद्योग का प्रतिनिधित्व करना (जैसे–CETA समझौता) और भारतीय शिल्पकला एवं आभूषणों को वैश्विक मंच पर प्रमोट करना।

## भारत टेक्स 2026 में राजस्थान का टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट– 14–17 जुलाई । भारत मंडपम (नई दिल्ली)

- **आयोजक:** भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन (BTTF) तथा वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार।
- **राजस्थान पैवेलियन थीम:** जयपुर के **'गुलाबी नगर'**
  - ♦ **प्रवेश द्वार: 'अजमेरी गेट'** की तर्ज पर निर्मित।
  - ♦ **प्रमुख उत्पाद:** बगरू एवं सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट, कोटा डोरिया, कशीदाकारी,एप्लीक वर्क, टाई एंड डाई (बंधेज/लहरिया) 12 स्टॉल लगाए गए।
  - ♦ **लाइव डेमोंस्ट्रेशन:** 'बगरू ब्लॉक प्रिंट' एवं 'टाई एंड डाई' (बंधेज/लहरिया)
  - ♦ **नोडल विभाग:** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार + RIICO + BIP + RAJSICO

## राजस्थान में 'डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स' (DGGI)

- **घोषणा: 15 मई, 2026** को केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने **राजस्थान में प्रथम बार** 'डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स' (जिला सुशासन सूचकांक) लागू करने के लिए वर्क ऑर्डर जारी किया।

केंद्र सरकार के **DARPG विभाग** ने **CGG हैदराबाद** को राजस्थान प्रोजेक्ट के लिए **नॉलेज और टेक्निकल पार्टनर** नियुक्त किया है।

- ❒ **लागत व समय-सीमा:** करीब **रु. 39.29 लाख** का खर्च आएगा एवं आगामी 6 महीनों में इसकी अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी।
- ❒ **मूल्यांकन के मुख्य आधार**-प्रत्येक जिले की प्रशासनिक रैंकिंग-योजनाओं का क्रियान्वयन, सेवा वितरण,प्रशासनिक दक्षता, जनसुविधाएँ निर्धारित करेगी।

## जयपुर में 'अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन कॉन्फ्रेंस': देश के प्रत्येक विद्यालय में खुलेंगे ELC- 15 जुलाई 2026

- ❒ **विषय:** इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्शंस, मीडिया एंड वोटर एजुकेशन: स्ट्रेंथनिंग डेमोक्रेसी थ्रू इन्फॉर्म्ड पार्टिसिपेशन-
- ❒ **आयोजक:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी (राजस्थान)
- ❒ **सहयोगी संस्थाएँ**-
  - ♦ इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (IIIDEM), नई दिल्ली
  - ♦ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (NLU), जोधपुर
  - ♦ 07 वैश्विक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
    - ● भारत, जॉर्जिया, क्रोएशिया, उज्बेकिस्तान
    - ● नेपाल, फिलीपींस, गुयाना
- ❒ **पैनल 1: विषय**-बियोंड ब्रॉडकास्टिंग: द इवोल्विंग रोल ऑफ मीडिया इन वोटर एजुकेशन।
- ❒ **पैनल 2: विषय**-मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग: प्रमोटिंग ट्रांसपेरेंसी, इक्विटी एंड पब्लिक ट्रस्ट।
- ❒ **घोषणा:** निर्वाचन आयोग महानिदेशक आशीष गोयल-देश के 'प्रत्येक विद्यालय' में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ELC) स्थापित किए जाएंगे।
- ❒ राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देशभर से उत्कृष्ट कार्य हेतु 1,000 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## राजस्थान समान नागरिक संहिता (UCC) 2026

- ❒ **समिति गठन:** 22 जून को आधिकारिक घोषणा एवं 'राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026' का प्रारूप तैयार करने हेतु **5-सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति** गठित की गई।
- ❒ **समिति की संरचना**-
  - ♦ **अध्यक्ष:** न्यायमूर्ति **रंजना प्रकाश देसाई** (सेवानिवृत्त न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय)
  - ♦ **सदस्य: 1.** शत्रुघ्न सिंह (सेवानिवृत्त IAS), **2.** बसंत सिंह छाबा (अतिरिक्त महाधिवक्ता), **3.** रामस्वरूप अग्रवाल (सेवानिवृत्त प्राचार्य), **4.** डॉ. शुचि चौहान।
  - ♦ **सदस्य-सचिव:** अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह विभाग), राजस्थान सरकार (भास्कर ए. सावंत)
- ❒ **जनजातीय संरक्षण:** राज्य मंत्रिमंडल के 14 अप्रैल 2026 के निर्णय अनुसार, राजस्थान के **आदिवासी/जनजातीय समुदायों के पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं प्रथाओं को सुरक्षित** रखा जाएगा।
- ❒ **फोकस क्षेत्र:** बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध, लिव-इन रिलेशनशिप का अनिवार्य पंजीकरण, विवाह-विच्छेद व संपत्ति अधिकारों में समानता।
- ❒ राजस्थान में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने पर जनता से 5 अगस्त 2026 तक सुझाव मांगे गए। 19 सवालों वाली प्रश्नावली उपलब्ध है।
- ❒ **संवैधानिक: संविधान के भाग-4 (DPSP) का अनुच्छेद 44** (''राज्य भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा'')।
- ❒ **राष्ट्रीय स्थिति UCC लागू -**
  - ♦ **प्रथम राज्य** (औपनिवेशिक): **गोवा**
  - ♦ **दूसरा राज्य** (स्वतंत्र भारत): **उत्तराखंड**
  - ♦ **तीसरा राज्य** (पूर्वोत्तर का प्रथम): **असम**
  - ♦ **21वाँ विधि आयोग:** UCC अप्रवर्तनीय (Non-enforceable DPSP) है। UCC 'न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय', बल्कि व्यक्तिगत कानूनों में लैंगिक सुधार पर बल दिया जाना चाहिए।

## RPSC में सदस्यों का ओरिएंटेशन एवं निरीक्षण कार्यक्रम

- ❒ **मुख्य पहल : 20 जुलाई 2026** को यह कार्यक्रम **RPSC के 41वें अध्यक्ष (9वें कार्यवाहक) लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह** की विशेष पहल पर आयोजित।
- ❒ **उद्देश्य:** आयोग की आंतरिक प्रक्रियाओं, संगठनात्मक ढाँचे, सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी पहलुओं से अवगत कराकर सदस्यों व अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना।

Springboard ACADEMY

**वासुदेव देवनानी का कोलकाता में '<u>PRIDE</u>' प्रबोधन कार्यक्रम**– 03 जुलाई– कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

- **आयोजक संस्था:** यह राष्ट्रीय प्रबोधन कार्यक्रम लोकसभा सचिवालय के **'पार्लियामेंटरी रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसीज' (<u>PRIDE</u>)** तथा **पश्चिम बंगाल विधानसभा** के संयुक्त तत्वावधान में।
- **विषय:** 'संसदीय व्यवस्था में वित्तीय कार्य एवं बजटीय प्रक्रिया' पर संबोधन।
- वर्तमान में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष को **<u>वर्षभर में 50 लाख रुपये तक के विकास एवं प्रशासनिक कार्य</u>** बिना किसी पूर्व स्वीकृति के कराने का वित्तीय अधिकार प्राप्त है।

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का राजस्थान दौरा–**

- **दिनांक:** 04 जुलाई 2026 : 28,840 करोड़ रुपये की **'संशोधित उड़ान योजना'** का राष्ट्रीय शुभारंभ तथा 480 करोड़ की लागत से <u>जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन</u>–
  - **नियमित विमान सेवा प्रारंभ:** 12 जुलाई 2026
  - **मुख्य अतिथि:** गजेन्द्र सिंह शेखावत (केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री–भारत सरकार)
  - **प्रथम यात्री:** चंद्रवीर सिंह
- **रोजगार सृजन:** राज्य के **54,000 से अधिक युवाओं** को विभिन्न सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे गए।
- **अवसंरचना:** बालोतरा(पचपदरा) में **देश की प्रथम 'ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी'** व जयपुर मेट्रो फेज-2 सहित रु. 1.06 लाख करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- **<u>HPCL राजस्थान रिफाइनरी</u>**
  - **लागत:** लगभग रु. 80,000 करोड़।
  - रिफाइनरी का **'नेल्सन कॉम्प्लेक्सिटी इंडेक्स' 17** है। तकनीकी दृष्टि से यह विश्व की टॉप 25% रिफाइनरीज में शामिल। भारत **<u>विश्व का चौथा सबसे बड़ा</u>** रिफाइनरी क्षमता वाला देश बन गया।

# विविध–खबर

**बीकानेर के NRCC द्वारा सफेद रंग के 'नुकरा' घोड़े को पहचान दिलाने की प्रक्रिया शुरू–**

- **नोडल संस्थान:** राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, बीकानेर
- 'नुकरा' घोड़े का प्रथम वैज्ञानिक सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण किया जा रहा है जिससे केंद्रीय स्तर पर आधिकारिक मंजूरी मिलने के बाद, 'नुकरा' <u>भारत की **9वीं** आधिकारिक स्वदेशी अश्व/घोड़ा नस्ल</u> बन जाएगा।
- **शारीरिक विशेषताएँ–**
  - **रंग:** <u>पूरी तरह सफेद रंग</u> की होती है।
  - **ऊँचाई:** लगभग **160–170 सेंटीमीटर** के बीच।

**88वाँ स्थापना दिवस–केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल**

- **आयोजन:** 27 जुलाई । रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर
- **नोडल मंत्रालय:** गृह मंत्रालय, भारत सरकार
- **विशेषता:** 3.25 लाख से अधिक कार्मिकों के साथ **<u>विश्व का सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक बल</u>**।
  - CRPF की स्थापना <u>27 जुलाई 1939 को मध्य प्रदेश (नीमच)</u> में **'<u>क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव पुलिस</u>'** के रूप में।
  - **<u>28 दिसंबर 1949</u>** को 'केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम, 1949' के तहत् केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) नामकरण।

**दौलतपुरा टोल प्लाजा (NH-48) पर राजस्थान की प्रथम <u>MLFF</u> टोलिंग प्रणाली**– 19 जून 2026

- **नोडल एजेंसी:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण।
  **<u>MLFF- Multi-Lane Free Flow</u>**
- **तकनीक: ANPR** (<u>Automatic Number Plate Recognition</u>) कैमरे **+ FASTag** आधारित स्वचालित RFID/इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह।
- **नियम व समय–सीमा:** FASTag अमान्य या अपर्याप्त बैलेंस होने पर ई–नोटिस; **72 घंटे** में भुगतान न करने पर **दोगुना शुल्क Penalty**।
- **विस्तार योजना:** NH-48 कॉरिडोर को पूरी तरह बैरियर–मुक्त बनाने हेतु **शाहजहाँपुर एवं मनोहरपुर टोल प्लाजा** में भी MLFF प्रणाली लागू की जाएगी।

Springboard Academy

- **पूर्व स्थापित राष्ट्रीय केंद्र**–
  - चोरायसी टोल प्लाज- गुजरात
  - मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा-दिल्ली

**रामगढ़ (जैसलमेर) में 20 kW क्षमता का आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर**– 11 जून 2026

- अश्विनी वैष्णव द्वारा आकाशवाणी-जयपुर से उद्घाटन (रेल, सूचना व प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी)
- **राजस्थान में FM ट्रांसमीटर:** संख्या बढ़कर 39 हो गई है।
- **कवरेज:** 80 Km. दायरा तथा जैसलमेर जिले का लगभग 20,000 वर्ग Km. का सीमावर्ती क्षेत्र।
- **नोडल मंत्रालय व संस्था:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा प्रसार भारती (आकाशवाणी-AIR)

**7वाँ लीड्स (LEADS) रिपोर्ट 2025– राजस्थान**

- **जारी:** 13 मई 2026; उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली।
- **राजस्थान विशेष (लीड्स 2025 रैंकिंग)**–
  - **श्रेणी व वर्गीकरण:** राजस्थान को **'भू-बद्ध राज्य'** (Landlocked States) समूह के अंतर्गत **'प्रगति खोजने वाले राज्य' (Aspirers-Growth-Seekers)** वर्ग में रखा गया है। राजस्थान रसद प्रणाली के संस्थागत सुदृढ़ीकरण और प्राथमिक विकास के शुरुआती चरण में है।

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-(1025-2025)**

- **11 मई, 2026** को भारत सरकार के निर्देशानुसार देशव्यापी स्तर पर मनाया गया। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर हुए **प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष** होने तथा मंदिर के **पुनर्निर्माण के 75 वर्ष** पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया।
- **राज्य स्तरीय:** जयपुर के **श्री झारखंड महादेव मंदिर** में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन। राजधानी जयपुर के साथ-साथ प्रदेश के **41 जिलों के प्रमुख शिवालयों** (महादेव मंदिरों) में भी इसके तहत विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन किए गए।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

**राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU)**

- वी. श्रीनिवास (मुख्य सचिव, राजस्थान) द्वारा **जयपुर के कोचिंग हब, टॉवर संख्या-8 प्रताप नगर** में (NFSU) के **अस्थाई परिसर** का निरीक्षण 11 जुलाई 2026 को किया जिसकी स्थाई परिसर योजना दौलतपुरा, जयपुर में प्रस्तावित।

**'भगवान बुद्ध' की प्रतिमा**

- आबूरोड (सिरोही) में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने 13 जुलाई 2026 को अनावरण किया।

**पूर्वी अफ्रीकी देश मलावी**

- 8-सदस्यीय दल जयपुर स्थित 'भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति' (BMVSS) में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के सहयोग से 'जयपुर फुट'(कृत्रिम अंगों के वैश्विक ब्रांड) बनाने की विधा का 8 सप्ताह का प्रशिक्षण।

**होम्योपैथी विश्वविद्यालय: जयपुर**

- दीक्षांत समारोह-बिड़ला सभागार: जयपुर में 16 जुलाई को मनाया गया जिसमें मुख्य उपस्थिति राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े तथा केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव।
- विश्व का प्रथम होम्योपैथी विश्वविद्यालय जो राजस्थान में वर्ष 2010 में स्थापित हुआ।
  - **संस्थापक:** पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया।
  - **प्रेरणास्रोत:** डॉ. गिरेंद्रपाल।

**RSMML के निदेशक मंडल की 424वीं बैठक**

- **कार्यक्रम: 23 जुलाई**– शासन सचिवालय, जयपुर
- **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास द्वारा।**
- **राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड** –
  - स्थापना: 30 अक्टूबर 1974
  - मुख्यालय: उदयपुर
  - पंजीकृत कार्यालय: जयपुर

Springboard ACADEMY

**SC/ST उद्यमियों हेतु विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम**

- केन्द्रीय MSMEs मंत्रालय की **नेशनल एससी–एसटी हब (NSSH)** पहल के अंतर्गत **7 जुलाई 2026** को जयपुर स्थित डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी (झालाना) में **'उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम (EA-SVDP)'** का आयोजन किया गया।
- **आयोजक:** राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC) द्वारा दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (DICCI), राजस्थान चैप्टर के सहयोग से।
- **मुख्य अतिथि:** MSMEs मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती मर्सी एपाओ।

**CAZRI, जोधपुर: अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम**

- **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), जोधपुर–2** द्वारा **केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली** के तत्वावधान में **20–24 जुलाई 2026**
- **अध्यक्षता:** डॉ. एस. पी. एस. तंवर
- **प्रशिक्षण:** 25 अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे है।

**RSRTC की 144 'ब्लू लाइन एक्सप्रेस' बस**

- **शुभारंभ:** 26 जुलाई । हीरापुरा बस टर्मिनल, जयपुर से किया गया जिसमें CCTV कैमरे, पैनिक बटन, लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम, आपातकालीन सचेतक प्रणाली, ऑटोमैटिक अनाउंसमेंट सिस्टम एवं रिवर्स सेंसर। गैर-संचालन आय बढ़ाने हेतु वैशाली नगर आगार की 5 नई बसों में पायलट आधार पर LED TV स्थापित।

**जयपुर में JDA द्वारा तीन स्वागत द्वारों का निर्माण**

- लगभग रु. 5.36 करोड़ की लागत से 6 माह की समय-सीमा में निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य।
- **अनुपयोगी सामग्री** के रचनात्मक पुनर्चक्रण द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं राजस्थानी लोक-संस्कृति का प्रदर्शन।
  - **थीम:** दिल्ली कुंडा मोड़ (आमेर मार्ग) → 'खम्मा घणी'
  - **थीम:** घाट की गुणी टोल प्लाजा → 'लहरिया' डिजाइन।
  - **थीम:** गंगा मार्ग → 'पधारो म्हारे देस'।

**वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना: राजस्थान**

- **संसद उत्तर:** शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत आँकड़े (27 जुलाई 2026)
- **कुल राष्ट्रीय कवरेज:** 7,073 उच्च शिक्षा संस्थान + 426 R&D संस्थान = 7,499 संस्थान।
- **राजस्थान में ONOS कवरेज–**
  - उच्च शिक्षा संस्थान : 629
  - अनुसंधान एवं विकास संस्थान: 10
  - कुल आच्छादित संस्थान: 639

**देवस्थान विभाग-गुरू वंदन संदेश: 2026**

- **देवस्थान विभाग** द्वारा **गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई** को देवस्थान आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी के अनुसार प्रदेश के समस्त जिलों में **'गुरू वंदन संदेश'** के तहत् **516 संतों-महंतों** का उनके आश्रम, मठ अथवा मंदिर पर जाकर सम्मान एवं अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष 'गुरू वंदन संदेश' भेंट कर श्रीफल, शॉल, दुपट्टा, मिठाई एवं रु. 2,100 नकद राशि प्रदान की।

**बालिका सैनिक स्कूल: हाथीखेड़ा- अजमेर**

- **शिलान्यास:** 20 जुलाई को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा रु. 20.35 करोड़ की अनुमानित लागत से **30 एकड़** भूमि पर निर्मित होगा।
- **निर्माण: समग्र शिक्षा अभियान** के तहत्।

**जयपुर की नीलिमा अरोड़ा माउंट एवरेस्ट फतह**

- **मई, 2026** को जयपुर की नीलिमा अरोड़ा ने थैलेसीमिया माइनर (एक आनुवंशिक रक्त विकार) से पीड़ित होने के बावजूद माउंट एवरेस्ट (ऊँचाई **8848.86 मीटर**)पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया।
- आनुवंशिक स्थिति से जूझते हुए एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली वे **दुनिया की पहली महिला** बन गई। नीलिमा वर्तमान में **कैलिफोर्निया (अमेरिका) में सिलिकॉन वैलिडेशन इंजीनियर** के रूप में कार्यरत।

**महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती**

- हिंदू पंचांग **(ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया)** के अनुसार **17 जून,** 2026 को जन्मस्थली **कुम्भलगढ़ दुर्ग (21 हजार दीयों** की रोशनी)में पहली बार एक भव्य दीपोत्सव के साथ मनाई गई।

- **महाराणा: 'द स्टोरी ऑफ द रूलर्स ऑफ उदयपुर' पुस्तक का विमोचन मई 2026** में किया गया। जिसके लेखक इतिहासकार **ब्रायन मास्टर्स** है। यह 5वाँ संस्करण था। जिसमें **मेवाड़ के राजवंश के 1500 वर्षों** की ऐतिहासिक यात्रा एवं उनके शासकों का विस्तृत व प्रमाणिक वर्णन किया गया है।

**राजस्थान विधानसभा: वर्ष में होने वाले 4 सम्मेलन**

- **जुलाई 2026:** पूर्व व वर्तमान विधायक सम्मेलन।
- **अक्टूबर 2026:** महिला विधायक सम्मेलन।
- **जनवरी 2027:** युवा संसद का आयोजन।
- **मार्च 2027 (राजस्थान दिवस):** अखिल भारतीय विधायी महाकुंभ का आयोजन।

**'द थार ड्राई पोर्ट'– हिरनोदा, फुलेरा–जयपुर**

- **शुभारंभ: 30 मई, 2026** को राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री **कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़**
- **विकास**– **राइजिंग राजस्थान** एवं केंद्र सरकार के **PM गतिशक्ति मिशन** के तहत् इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क के माध्यम से मरुधरा (राजस्थान) के व्यापार को सीधे समुद्र से जोड़ने हेतु।
- **विशेषता**– यह ड्राई पोर्ट सीधे **वेस्टर्न डेडिकेटेड** फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ा है, जो राज्य के प्रमुख औद्योगिक हब जैसे बिचुन, बगरू, दूदू और सीतापुरा को सीधे गुजरात के **मुंद्रा और पीपावाव पोर्ट** से जोड़ता है।



# 02 राष्ट्रीय समसामयिकी

## सारनाथ के प्राचीन बौद्ध स्थल

- **वाराणसी, उत्तर प्रदेश** में स्थित प्राचीन बौद्ध स्थल सारनाथ को 2025-26 चक्र के लिए **यूनेस्को** की **विश्व धरोहर सूची** में शामिल किया।
- **मंजूरी:** बुसान, दक्षिण कोरिया (25 जुलाई 2026) में आयोजित यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में।
- **इस सूची में शामिल स्थल के दो भाग-**
  i. **चौखंडी स्तूप**
  ii. **सारनाथ पुरातात्विक अवशेष** (धमेक स्तूप, धर्मराजिका स्तूप, मूलगंधकुटी विहार, अशोक स्तंभ, आदि।)
- बौद्ध परंपरा में इस स्थल को अलग-अलग नामों-**ऋषिपत्तन, इषिपत्तन, मृगदाव** से जाना जाता है।
- सारनाथ बौद्ध स्थल को वर्ष 1998 में विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया था।
- <u>**भारत में अब 45**</u> विश्व धरोहर स्थल (36 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक, 1 मिश्रित) हैं।
  - ♦ भारत विश्व में **छठे एवं एशिया-प्रशांत क्षेत्र** में **दूसरे (चीन के बाद)** स्थान पर है।
  - ♦ भारत के 69 स्थल यूनेस्को विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल हैं।

## राष्ट्रपति भवन में शुरू की गई प्रमुख पहलें

- **शुभारंभ:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 28 जुलाई को राष्ट्रपति पद के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में।
  - ♦ **राष्ट्रपति भवन एक्सेस एंड हेरिटेज इंटरकनेक्टर।**
  - ♦ **'बचपन बाल परिसर'का उद्घाटन :** इसमें बच्चों के खेलने के लिए **'किलकारी' प्ले जोन एवं 'समर्थ आंगनवाड़ी-सह-पालना' (Creche)** शामिल हैं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने **25 जुलाई, 2022** को भारत के राष्ट्रपति का **पदभार ग्रहण** किया था।
- उपराष्ट्रपति द्वारा निम्नलिखित पुस्तकों का विमोचन किया गया, जो राष्ट्रपति के कार्यकाल के विभिन्न वर्षों को दर्शाती हैं:
  1. **राष्ट्रपति भवन : राष्ट्र का भवन** (प्रथम वर्ष)
  2. **सेवा और संवेदना** (द्वितीय वर्ष)
  3. **समावेशी सहभागिता** (तृतीय वर्ष)
  4. **भारतीयता का उत्सव** (चतुर्थ वर्ष)
  5. **'अमा राष्ट्रपति-अमा गौरव':** प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा लिखे गए लेखों का यह ओड़िया भाषा में संकलन।

## धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार

- NEET-UG 2026 पेपर लीक विवाद और जंतर-मंतर पर 36 दिन चले छात्र प्रदर्शनों के चलते धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री पद (शिक्षा मंत्रालय) से इस्तीफा दे दिया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री की सलाह पर अनुच्छेद **75 (2)** के तहत इसे तत्काल स्वीकार कर लिया।
- प्रह्लाद जोशी अब शिक्षा मंत्रालय के साथ उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार भी संभालेंगे।

## परीक्षा सुधार के लिए हाईपावर टास्क फोर्स का गठन

- **अध्यक्ष :** नंदन नीलेकणी(टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट और इंफोसिस के सह-संस्थापक)।
- **सदस्य:** डॉ. एस. सोमनाथ (इसरो के पूर्व अध्यक्ष), तपन डेका, वी. कामकोटी, अनीता करवाल, अमृत लाल मीणा।
- **नोट:** केन्द्र सरकार ने लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 लोकसभा में पेश किया।

## आत्मनिर्भर पंचायत कार्यक्रम

- **शुभारंभ:** पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने नई दिल्ली में 27 जुलाई 2026 को।
- यह **ग्राम और ब्लॉक पंचायतों** को स्थानीय संसाधनों और अवसरों की पहचान कर उन्हें **राजस्व उत्पन्न करने वाली परियोजनाओं में बदलने में** सक्षम बनाने की एक पहल है।
- **उद्देश्य:** स्थायी परिचालन लागत (OSR) का निर्माण करने वाली, ऋण योग्य, राजस्व उत्पन्न करने वाली परियोजनाओं में उनका समावेश करना।

- **मंत्रालय:** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार।
- **वित्तपोषण: सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP), कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR), बैंक ऋण और** अन्य योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से।
- **संस्थागत भागीदार:** नाबार्ड और हुडको ।
- **पात्रता मानदंड:** (कार्यकाल कम से कम 3 वर्ष शेष हो)
  - **ग्राम पंचायतें** जिनका OSR क्षमता **न्यूनतम रु. 50 लाख** हो।
  - **ब्लॉक पंचायतें** जिनकी OSR क्षमता **न्यूनतम रु. 1 करोड़** हो।
- **लक्ष्य:** 4 वर्षों में **350 स्थायी परियोजनाओं** का विकास (पहले वर्ष 50 और अगले 3 वर्षों में प्रति वर्ष 100)।

### समर्थ पंचायत पोर्टल

- **लॉन्च:** पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 27 जुलाई को।
- यह करदाता पंजीकरण, मांग सृजन, ऑनलाइन भुगतान, कर संग्रह, और वास्तविक समय की निगरानी के लिए एक एकीकृत, विन्यास करने योग्य राष्ट्रीय डिजिटल मंच है।
- **उद्देश्य:** OSR (स्वयं के राजस्व स्रोत) के संपूर्ण जीवनचक्र को डिजिटल रूप से प्रबंधित करके ग्राम पंचायतों की वित्तीय क्षमता को मजबूत करना एवं कर संग्रहण में पारदर्शिता लाना।

### 'दानवीर (DAANVEER)' पहल

- **शुभारंभ:** पंचायती राज मंत्रालय ।
- **सहयोगी संस्थाएँ:** नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (NIC) और डिजीहाट (DigiHaat)।
- **टैगलाइन: "Give Back to Your Village"**
- **उद्देश्य:** 'मेरी पंचायत' मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायतों को स्वेच्छा से **कंप्यूटर दान** करने की पारदर्शी सुविधा प्रदान करना।

### भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 2026

- यह मुख्य यात्रा प्रतिवर्ष ओडिशा के **पुरी शहर** में **आषाढ़ शुक्ल द्वितीया** को शुरू होती है।
- इसमें भगवान **जगन्नाथ**, उनके भाई **बलभद्र** और बहन **सुभद्रा** की पूजा की जाती है।
- इनके रथों के नाम क्रमश: 'नंदीघोष', 'तालध्वज' और 'दर्पदलन' होता हैं।

### देश की प्रथम 'स्पेस एक्सप्लोरेशन गैलरी': भोपाल

- **उद्घाटन:** संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा।
- **स्थान:** क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र भोपाल, मध्यप्रदेश।
- **तैयार :** राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् द्वारा नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई के तकनीकी सहयोग ।
- **उद्देश्य:** वैज्ञानिक सोच और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना ।
- आधुनिक डिजिटल तकनीक से लैस यह गैलरी भारत की **प्राचीन ज्ञान परंपरा, ब्रह्मांड और आर्यभट्ट, चंद्रयान** व **गगनयान जैसे** अंतरिक्ष अभियानों को प्रदर्शित करती है।

## नियुक्तियाँ

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) में नई नियुक्तियाँ

- **अध्यक्ष:** हरजीत सिंह ग्रेवाल
- **उपाध्यक्ष:** मुनावरी बेगम
- **सदस्य:** ग्लेन ई. सूजा टिकलो
- **अन्य सदस्य:** बर्जिस देसाई (मार्च 2026 में नियुक्त)
- **कार्यकाल:** 3 वर्ष

### अनुराग जैन

- नीति आयोग के **मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)** नियुक्त जिनका कार्यकाल 2 वर्ष या अगले आदेश तक।
- पूर्व में मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव के पद पर थे।
- नीति आयोग के डेवलपमेंट मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिस (DMEO) की महानिदेशक निधि छिब्बर का स्थान लिया।
- **निधि छिब्बर**, B.V.R. सुब्रह्मण्यम का कार्यकाल समाप्त होने पर 24 फरवरी, 2026 से CEO का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही थीं।

### डॉ. जगन्नाथ नायक

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के 'मिसाइल और रणनीतिक प्रणाली' (MSS) विभाग का महानिदेशक नियुक्त।

## चर्चित-व्यक्तित्व

### डॉ. तीजन बाई: छत्तीसगढ़

- प्रसिद्ध **पंडवानी गायिका (कापालिक शैली)** का 70 वर्ष की आयु में 5 जुलाई को निधन हो गया।

Springboard Academy

- **जन्म:** गनियारी गाँव, दुर्ग, छत्तीसगढ़।
- **पुरस्कार: पद्म श्री (1988),** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1995), **पद्म भूषण (2003),** फुकुओका पुरस्कार (2018), **पद्म विभूषण (2019)।**

### डॉ. गिरीश भारद्वाज : सुलिया (कर्नाटक)

- **'भारत के सेतु पुरुष/बन्धु'** के नाम से प्रसिद्ध डॉ. गिरीश भारद्वाज का निधन हो गया।
- देश भर के दुर्गम और नदी/पहाड़ी क्षेत्रों में 140 से अधिक 'कम लागत वाले सस्पेंशन फुटब्रिज' विकसित किए।
- पहला सस्पेंशन पुल **: पयस्विनी नदी (वर्ष 1989 में)** पर ।
- **पुरस्कार:** पद्मश्री (2017)- सड़क संपर्क एवं समाज सेवा।

### तेगबीर सिंह : रोपड़ (पंजाब)

- **माउंट यूनम (ऊँचाई- 6,111 मीटर, हिमाचल प्रदेश)** पर चढ़ाई करने वाले **विश्व के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही (मात्र 7 वर्ष 10 महीने के)।**
- वह अफ्रीका के 'माउंट किलिमंजारो' और यूरोप के 'माउंट एलब्रस' पर भी सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुके हैं।

## चर्चित-स्थान

### कोयंबटूर (तमिलनाडु)

- केंद्रीय वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने कोयंबटूर स्थित **भारतीय वन्यजीव संस्थान-सालिम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र** में मानव-वन्यजीव संघर्ष उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया
- इस दौरान उन्होंनें **मानव-वन्यजीव संघर्ष पर राष्ट्रीय पोर्टल** का भी शुभारंभ किया ।

### माउंट ख्याम त्सो (5901 मीटर), लद्दाख

- **'जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान' (JIM -WS), पहलगाम** के एक 22-सदस्यीय दल ने पर्वतमाला पर चढ़ाई की।
- अभियान का **नेतृत्व कर्नल हेमचंद्र सिंह ने** किया। इन्होंने 5600 मीटर की ऊँचाई से प्रथम बार पैराग्लाइडिंग उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की।

### कामराजार बंदरगाह, चेन्नई, तमिलनाडु

- कामराजार पोर्ट लिमिटेड ने **'कैपिटल ड्रेजिंग फेज VI'** परियोजना पूरी कर **18 मीटर परिचालन ड्राफ्ट** क्षमता हासिल की है।
- 18-मीटर ड्राफ्ट क्षमता वाला भारत का **दूसरा बंदरगाह** (1ST विशाखापत्तनम बंदरगाह)।
- यह बंदरगाह अब 1,70,000 टन तक भार ढोने वाले कैपसाइज जहाजों को समायोजित कर सकता है।

### नवी मुंबई हवाई अड्डा, महाराष्ट्र

- औषधि नियम, 1945 के तहत **दवाओं के आयात** के लिए अधिकृत सूची में शामिल हो गया है।
- इस संशोधन से कुल प्रवेश द्वारों (सड़क/रेल/जहाज/हवाई मार्ग) की **संख्या 42** हो गई है।

### मंगलुरु, कर्नाटक

- ONGC बोर्ड ने मंगलुरु में 17.5 लाख टन की **रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण (SPR)** क्षमता को मंजूरी दी।
- **भारत का SPR कार्यक्रम:**

| चरण | क्षमता | स्थान |
|---|---|---|
| चरण-I | 5.33 MMT | विशाखापट्टनम, मैंगलुरु, पादुर |
| चरण-II | 6.5 MMT | चांदीखोल (ओडिशा), पादुर विस्तार |

- ♦ **संचालन:** इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (ISPRL) द्वारा।

### पुगा घाटी, लद्दाख

- भारत ने लद्दाख की पुगा घाटी में प्रथम और सबसे गहरे भू-तापीय कुओं का लोकार्पण किया है।

### कर्तव्य भवन कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

- केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने घोषणा की है कि **'सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास क्षेत्र' को अब 'कर्तव्य भवन कॉम्प्लेक्स' या 'कर्तव्य भवन एरिया'** के नाम से जाना जाएगा।

## पोर्टल

### 'ट्राइबएक्स' (TribeX)

- **लॉन्च:** केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम द्वारा भुवनेश्वर में **जनजातीय कार्य मंत्रालय** की राष्ट्रीय कार्यशाला में।



Springboard Academy

- यह जनजातीय कला, संस्कृति, ज्ञान और कौशल विकास को समर्पित देश का **पहला व्यापक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म व भंडार** है।
- **उद्देश्य :** समृद्ध विरासत को संरक्षित व डिजिटल करना।
- **कोर्स:** विभिन्न कला रूपों पर 20 मुफ्त सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध (भविष्य में 100+ की योजना)।

# अवॉर्ड्स/सम्मान

## वर्ल्ड समिट ऑन द इंफॉर्मेशन सोसाइटी प्राइज 2026

- **प्रदाता:** इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (ITU)
- **विश्व विजेता (एक्शन लाइन C6 कैटेगरी-(enabling environment):** टेलीकम्युनिकेशन विभाग (DoT), भारत के प्रोजेक्ट **'समृद्ध ग्राम: भारतनेट द्वारा सक्षम इंटीग्रेटेड फिजीटल सर्विस डिलीवरी मॉडल'** के लिए यह अवॉर्ड जिनेवा में मिला।
- भारत से सिर्फ दो प्रोजेक्ट्स को 18 कैटेगरी में 'चैंपियन प्रोजेक्ट्स' (कुल 90) के तौर पर चुना गया: समृद्ध ग्राम एवं स्कूल ऑफ होप एंड एम्पावरमेंट (S.H.E)।
- **समृद्ध ग्राम:** यह DoT का एक प्रोजेक्ट है जो गांव के लेवल पर 'समृद्धि केंद्रों' के जरिए इंटीग्रेटेड 'फिजीटल' (फिजिकल + डिजिटल) सर्विस देता है।

## स्कूल ऑफ होप एंड एम्पावरमेंट (S.H.E)

- यह प्रोजेक्ट टाटा कम्युनिकेशंस ने 'द बेटर इंडिया' के साथ मिलकर शुरू किया था। यह एक मल्टीमीडिया पहल है जिसे भारत के छोटे शहरों की महिलाओं एवं लड़कियों को शिक्षित करने एवं उन्हें सपोर्ट करने के लिए बनाया गया है।

## रेजलैंड रिस्टोरेशन अवॉर्ड 2026

- **प्राप्तकर्ता:** श्री सुमेर सिंह भाटी, जैसलमेर
- **प्रदानकर्त्ता:** Global Alliance for Rangland & Pastoralists
- यह पुरस्कार 18 अगस्त 2026 को उलानबोर, मंगोलिया में आयोजित होने वाले UNCCD (COP17) के साइड इवेंट के दौरान प्रदान किया जाएगा।
- राजस्थान के जैसलमेर जिले के सावंता गांव के पर्यावरण प्रेमी, पशुपालक एवं चारागाह संरक्षण कार्यकर्ता है।

## बेस्ट एग्मोंट केस अवॉर्ड (BECA) 2026

- <u>**फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया**</u> (FIU-IND) ने बाकू, अजरबैजान में एग्मोंट ग्रुप प्लेनरी के दौरान रु. 868 करोड़ के क्रॉस-बॉर्डर क्रिप्टो साइबर फ्रॉड का पता लगाने के लिए रनर-अप का स्थान हासिल किया।
- एग्मोंट ग्रुप 182 फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट्स (FIUs) का एक ग्लोबल नेटवर्क है।

## जेष्ठ वर्ण महाविहार (ज्याबा बही)

- यह **नेपाल** के ललितपुर में 17वीं सदी का एक **बौद्ध मठ** है। 2015 के भूकंप के बाद समुदाय के नेतृत्व में इसके जीर्णोद्धार (बहाली) के लिए 2025 का **यूनेस्को एशिया-पैसिफिक सांस्कृतिक विरासत संरक्षण पुरस्कार** मिला।
- इस जीर्णोद्धार परियोजना को भारत का सहयोग मिला एवं इसे 1984 में स्थापित **'इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज' (INTACH)** ने पूरा किया।

## लीडरशिप अवॉर्ड 2026

- **प्राप्तकर्त्ता-**
  - **सुनील भारती मित्तल:** भारतीय नागरिक, भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) के संस्थापक और अध्यक्ष।
  - **वी. प्रेम वत्स:** भारत-कनाडाई व्यवसायी, हैदराबाद (भारत) में जन्म **व क्रिस्टोफर टी. कैलिओ:** अमेरिकी व्यवसायी।
- **योगदान:** दूरसंचार क्षेत्र में क्रांतिकारी योगदान एवं भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच आर्थिक, रणनीतिक एवं व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करना।
- **प्रदाता:** यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF), वाशिंगटन, डी.सी. में।

## कॉमनवेल्थ शॉर्ट स्टोरी प्राइज 2026

- **वैश्विक विजेता: जामीर नाजिर** की कहानी **'द सर्पेंट इन द ग्रोव'** (The Serpent in the Grove)। इनके पूर्वज बिहार से हैं।
- **एशियाई क्षेत्र के विजेता:** भारत की **शेरोन अरुपरयिल,** जिनकी कहानी का शीर्षक **'मेहंदी नाइट्स' (Mehendi Nights)** है।

## समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन पर राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड

- **आयोजन:** कोच्चि में **'सीफूड एक्सपो भारत 2026'** में।
- **विजेता:** पी. सूर्य भास्कर (देवी फिशरीज लिमिटेड, आंध्र प्रदेश)-पुरस्कार राशि: रु. 1,00,000
- **आयोजक:** समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

## 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2024

### स्वर्ण कमल विजेता

- **सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म:** आर्टिकल 370 (हिंदी)
  **निर्देशक:** आदित्य सुहास जंभाले
- **सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म:** भंगार (मराठी एवं अंग्रेजी)
  **निर्माता एवं निर्देशक:** सुमीरा रॉय
- **किसी नए निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ फिल्म :** स्वातंत्र्य वीर सावरकर- रणदीप हुडा
- **संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सबसे लोकप्रिय फिल्म:** कल्कि 2898 एडी (तेलुगु)
  **निर्देशक:** नाग अश्विन सिंगिरेड्डी
- **सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म:** 35- चिन्ना कथा कादु (तेलुगु)
  **निर्देशक:** नंद किशोर इमानी
- **सर्वश्रेष्ठ निर्देशन:** राजकुमार पेरियासामी (फिल्म: अमरन)
- **सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म निर्देशन:** आनंद एल. राय (फिल्म: स्टैच्यू ऑफ यूनिटी - एकता का प्रतीक)
- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक:** संजीव श्रीवास्तव (हिंदी)

### रजत कमल विजेता

- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (अग्रणी भूमिका):** ममूटी (फिल्म: ब्रमायुगम) एवं कार्तिक आर्यन (फिल्म: चंदू चैंपियन)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (अग्रणी भूमिका):** यामी गौतम (फिल्म: आर्टिकल 370)
- **सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म:** श्रीकांत
  **निर्देशक:** तुषार हीरानंदानी
- **राष्ट्रीय, सामाजिक एवं पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** कैप्टन मिलर (तमिल)
- **सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री (गैर-फीचर):** राम-नामी (हिंदी)
- **सर्वश्रेष्ठ जीवनी / ऐतिहासिक पुनर्निर्माण फिल्म (गैर-फीचर):** काकोरी (हिंदी)
- **सामाजिक एवं पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म:**
  **पिपलांत्री:** ए टेल ऑफ इको फेमिनिज्म (हिन्दी, **राजस्थानी,** अंग्रेजी)
  **निर्माता:** जॉनसन्स सूरज फिल्म

- **सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी: विजय गांगुली (फिल्म: स्त्री 2, गाना:** 'आज की रात')
- **सर्वश्रेष्ठ गीत:** मनोज मुंतशिर (फिल्म: मैदान, गाना: 'जाने दो')

## अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं गणित ओलंपियाड (जुलाई, 2026)

- **कुल पदक:** 12 स्वर्ण एवं 7 रजत पदक
- **आयोजक:** राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम का नेतृत्व होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (HBCSE) द्वारा किया जा रहा है, जिसे परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) का सहयोग प्राप्त है।

### 56वाँ अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (IPhO) - बुकारामंगा, कोलंबिया

- **परिणाम:** 5 स्वर्ण पदकों के साथ भारत संयुक्त रूप से विश्व में पहले स्थान पर रहा।
- स्वर्ण पदक विजेता: कनिष्क जैन (महाराष्ट्र), रिद्धेश अनंत बेंडाले (मध्य प्रदेश), ऋषित गर्ग (नई दिल्ली), श्रेष्ठ सुरैया (महाराष्ट्र) एवं स्वरित जोशी (गुजरात)।
- **दल के नेता (टीम लीडर्स):** प्रो. अन्वेष मजूमदार एवं डॉ. लीना जोशी।

### 58वाँ अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड (IChO) - ताशकंद, उजबेकिस्तान

- परिणाम: 4 स्वर्ण पदकों के साथ भारत संयुक्त रूप से विश्व में पहले स्थान पर रहा।
- स्वर्ण पदक विजेता: देबदत्त प्रियदर्शी (ओडिशा), हर्षित सिंगला (पंजाब), कबीर छिल्लर (दिल्ली) एवं संदीप कुचि (तेलंगाना)।

### 37वाँ अंतरराष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलंपियाड (IBO)

- परिणाम: भारत ने 1 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक जीते।
- स्वर्ण पदक: भव्या गुनवाल (हरियाणा)।
- रजत पदक: सौमिल मैती (पश्चिम बंगाल), **निशित कलानी (पाली, राजस्थान)** एवं अनमोल कुमार (पंजाब)।

### 67वाँ अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) – शंघाई, चीन

- **परिणाम:** 117 देशों में से वैश्विक स्तर पर भारत ने 7वां स्थान हासिल किया (2 स्वर्ण एवं 4 रजत पदक)।
- **स्वर्ण पदक विजेता:** आरव गुप्ता (दिल्ली) एवं एबेल जॉर्ज मैथ्यू (कर्नाटक)।
- **रजत पदक विजेता:** भैरव मुरुगन (कर्नाटक), कनव तलवार (दिल्ली), संजना फिलो चाको (केरल) एवं श्रेया शांतनु मुंढड़ा (मुंबई)।

### 5G प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार

- केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत 6G गठबंधन (B6GA) की प्रगति की समीक्षा की और 5G प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए।
- ट्रिपल आईटीडीएम कुर्नूल (IIITDM Kurnool) ने भारत में 5G उपयोग-मामले (Use Case) प्रयोगशालाओं के बीच उत्कृष्ट समग्र प्रदर्शन के लिए सभी **4 श्रेणियों में प्रथम स्थान** हासिल किया:
  - 5G प्रयोगशाला उत्कृष्टता
  - 5G प्रयोगशाला उपयोग उत्कृष्टता
  - 5G प्रयोगशाला भागीदारी उत्कृष्टता
  - 5G प्रयोगशाला नवाचार उत्कृष्टता

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय टेलीकॉम एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2025

- **पुरस्कार प्रदाता:** ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया (केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री)।
- **पुरस्कार विजेता संस्थाएँ:**
  1. अमंत्या टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड।
  2. फिनारा।

### 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता (2024-25)

- **स्थान:** जीएमसी बालायोगी सभागार, संसद पुस्तकालय भवन, संसद भवन परिसर, नई दिल्ली।
- **अध्यक्षता:** विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल
- **राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम:** कश्मीर विश्वविद्यालय
- **समूह स्तरीय विजेता (7 विश्वविद्यालय/कॉलेज):**
  1. डीएवी कॉलेज, जालंधर (पंजाब)
  2. जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)
  3. शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर (महाराष्ट्र)
  4. पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा
  5. एसएसएमआरवी कॉलेज, बेंगलुरु (कर्नाटक)
  6. चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना (बिहार)
  7. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (हरियाणा)

## राष्ट्रीय सम्मेलन

### प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एवं सस्टेनेबिलिटी पर तीसरा ग्लोबल कॉन्क्लेव (GCPRS)

- **आयोजन:** 2-5 जुलाई, भारत मंडपम, नई दिल्ली
- **आयोजक:** ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (AIPMA) एवं केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (CPMA)

### तीसरा भारत टेक्स 2026

- विश्व की सबसे बड़ी वैश्विक वस्त्र प्रदर्शनी।
- इसमें **75वें भारत अन्तर्राष्ट्रीय परिधान मेलें** को शामिल किया गया है।
- **आयोजन:** 14-17 जुलाई, भारत मंडपम, नई दिल्ली
- **आयोजक:** भारत टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन (BTTF), भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से।
- **भागीदार राज्य:** 8 पार्टनर, 9 प्रदर्शक **(राजस्थान)**।
- **PM का 5F विजन :** फार्म (खेत) से फाइबर (रेशा) से फैक्ट्री (कारखाना) से फैशन से फॉरेन (विदेश) तक।
- BTTF एवं प्रीमियर विजन पेरिस ने भारत एवं यूरोपीय संघ (EU) के बीच टेक्सटाइल एवं कपड़ों के व्यापार सहयोग को गहरा करने के लिए एक लेटर ऑफ इंटेंट (LoI) पर हस्ताक्षर किए ।
- ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के माध्यम से भाग लिया एवं लखपति दीदियों (स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिला उद्यमियों) को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया।

- **सरस शक्ति कलेक्शन:** DAY-NRLM के तहत ग्रामीण महिला SHGs (स्वयं सहायता समूहों) की अपनी तरह की प्रथम प्रीमियम गिफ्टिंग पहल।

### इंडी हाट 2026

- यह कार्यक्रम 'भारत टेक्स 2026' का हिस्सा है।
- **आयोजन:** 10–19 जुलाई 2026, नेशनल क्राफ्ट्स म्यूजियम एंड हस्तकला अकादमी, नई दिल्ली।
- **आयोजक:** विकास आयुक्त (हस्तशिल्प एवं हथकरघा) कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी द्वारा क्यूरेट किया गया।
- प्रदर्शित शिल्प में **राजस्थान का लकड़ी पर बोन इनले** (हड्डी की नक्काशी), **उस्ता कला**, **पिछवाई कला**, **मोलेला क्ले क्राफ्ट**, **जयपुर की ब्लू पॉटरी**, **बगरू ब्लॉक प्रिंट** शामिल हैं।

### 17वाँ टॉय बिज इंटरनेशनल B2B एक्सपो

- **आयोजन:** 4–7 जुलाई, 2026 को नई दिल्ली
- इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में **जयपुर** स्थित 'वू टॉयज (vu toys) का स्टॉल मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसके CEO श्री पंकज शर्मा हैं।

### NextGen एडमिनिस्ट्रेटिव एवं ई-गवर्नेंस रिफॉर्म्स पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन:** 13–14 जुलाई 2026, शिलांग, मेघालय
- **आयोजक:** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG), मेघालय सरकार के सहयोग से

### तृतीय नमस्ते (NAMASTE) दिवस–14 जुलाई, 2026

- **मुख्य कार्यक्रम:** कोलकाता, पश्चिम बंगाल। इसके साथ ही देश भर के शहरी स्थानीय निकायों में भी समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- यह नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (NAMASTE) योजना के 3 साल पूरे होने का प्रतीक है, जो सफाई कर्मचारियों के सम्मान के लिए समर्पित है।

### सौश्रुतम् 2026 इंटरनेशनल सेमिनार – 15 जुलाई

- **आयोजक:** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली
- आचार्य सुश्रुत **(सर्जरी के जनक)** के सम्मान में सुश्रुत जयंती के अवसर पर आयोजित।
- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में एआई-सक्षम 3 टेस्ला हाई-फील्ड MRI सिस्टम का उद्घाटन।

### सिंचन 2026 (SYNCHN)

- **आयोजन:** एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद
- **पूरा नाम:** **Synergistic Collaboration in Healthcare Innovation.**
- **BRIC-THSTI** की तीसरी वार्षिक उद्योग बैठक।
- **मेजबान:** ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (THSTI), जो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च एंड इनोवेशन काउंसिल (BRIC) का एक संस्थान है।
- **BRIC-THSTI:** इसकी स्थापना 2009 में बायोटेक्नोलॉजी विभाग (DBT) द्वारा एक स्वायत्त संस्थान के रूप में की गई थी। यह हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित है।

### 91वीं SC-NBWL, 46वीं केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA), 29वीं NTCA, 28वीं WII सोसाइटी एवं 7वीं CAMPA GB की बैठकें

- **अध्यक्षता:** श्री भूपेंद्र यादव
- **आयोजन:** जुलाई, 2026 कोयंबटूर, तमिलनाडु में

### SC-NBWL (नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की स्थायी समिति)

- लुप्तप्राय पिग्मी हॉग को 'प्रजाति बहाली कार्यक्रम' (Species Recovery Programme) में शामिल किया गया।

### NTCA (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) की बैठक

- NTCA ने अपनी बैठक में दो दस्तावेज जारी किए।
  - 'बचाव का रोडमैप'
  - स्ट्राइड्स 2026

### 7वीं राष्ट्रीय कैम्पा शासी निकाय की बैठक

- **नए वाइल्डलाइफ प्रोजेक्ट्स:** गंगा नदी डॉल्फिन (लुप्तप्राय), प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड फेज-II (खतरे की कगार पर), भारतीय गैंडा (खतरे की कगार पर), जंगली जल भैंस (लुप्तप्राय) के लिए रिकवरी प्लान को मंजूरी एवं मणिपुर के संगाई के लिए लगातार समर्थन।
- **MISHTI योजना:** मैंग्रोव वनों की बहाली के लिए अतिरिक्त रु.500 करोड़ (कुल खर्च: रु. 600 करोड़) के साथ वर्ष 2029 तक बढ़ाई गई।

- **<u>आस्था वन संरक्षण योजना</u>**– मंजूरी = 10 जुलाई
  - **अवधि:** वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक।
  - **प्रारंभिक कोष :** 3,000 करोड़ रुपये।
  - **लक्ष्य:** भारत की पारंपरिक पर्यावरणीय और सांस्कृतिक विरासत वाले लगभग 15,000 पवित्र वनों की रक्षा करना।

### प्रथम अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन 2026

- **आयोजन: जुलाई 2026, नई दिल्ली**
- **आयोजक:** भारत निर्वाचन आयोग (ECI)
- **विषय :** 'हितधारकों को जोड़ना, लोकतंत्र को मजबूत करना: चुनावों में मीडिया की भूमिका'
- **मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC):** श्री ज्ञानेश कुमार (26वें)

### संकल्प सेमिनार

- **आयोजन:** नई दिल्ली, 30 जुलाई 2026 को रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अध्यक्षता की ।
- **आयोजक:** भारतीय वायु सेना (IAF) और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) का संयुक्त आयोजन।
- **विषय:** स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता।
- **रक्षा राज्य मंत्री ने 'संकल्प 2026: प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स ऑफ इंडियन एयरफोर्स'** नामक पुस्तक का विमोचन किया।

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **'प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय' (NHM): मिजोरम विश्वविद्यालय (आइजोल)** स्थित संग्रहालय को भारत के **21वें 'निर्दिष्ट भंडार'** के रूप में अधिसूचित किया। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (NBA) की सिफारिश पर।
- **'गोल्डन स्पाइस' मिशन:** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया **ने मेघालय की** जीआई-टैग वाली **लकाडोंग हल्दी** के लिए शुभारंभ किया।
- मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा **जस्टिस बीवी नागरत्ना** को **उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष** के रूप में नामित किया गया है।
- **म्यूजियम ऑफ वर्ड, कोलकाता:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसके पहले फेज का उद्घाटन किया। यह शब्द संग्रहालय ओंकार से लेकर व्याकरण, श्रुति-स्मृति, ताड़पत्र-शिलालेख और प्रिंटिंग प्रेस से होते हुए AI तक की समूची भाषा-यात्रा का वर्णन करता है।
- **रेलवे विद्युतीकरण:** भारत का **99.6 प्रतिशत** ब्रॉड गेज नेटवर्क पूर्णत: विद्युतीकृत हो चुका है। भारत स्विट्जरलैंड के बाद विश्व में **दूसरे स्थान** पर है।
- देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन **'नमो ग्रीन रेल':** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई 2026 को हरियाणा में शुभारंभ किया। यह ट्रेन उत्तर रेलवे के **जींद-सोनीपत खंड** पर चलाई जा रही है।
- **तपोवन विष्णुगाड़ जलविद्युत परियोजना (520 मेगावॉट)** ने हेड रेस टनल का सफल ब्रेकथ्रू किया।
  - **निर्माण:** NTPC **द्वारा** चमोली, **(उत्तराखंड)** में **धौलीगंगा नदी** पर।
- **23 व्यक्तियों को व्यक्तिगत आतंकवादी नामित**–
  - केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967 की धारा 35 के तहत
  - 17 पाकिस्तानी और 6 भारतीय नागरिक शामिल
  - वर्तमान में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर से गतिविधियाँ चला रहे हैं।
  - कुल व्यक्तिगत आतंकवादी नामित संख्या 80 हो गई है।
- इस्पात मंत्रालय द्वारा **'मेटलर्जिकल एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स (इंडिया) लिमिटेड' (मेकॉन) को 'मिनीरत्न श्रेणी-I' का दर्जा** दिया गया।
  - **स्थापना:** वर्ष 1959 में। **मुख्यालय:** रांची, झारखंड ।
- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा **चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को नवरत्न दर्जा (28वाँ नवरत्न उपक्रम) प्रदान किया गया।**
- **द्री उत्सव** अरुणाचल प्रदेश की जीरो वैली (Ziro Valley) में रहने वाले **अपातनी जनजाति** का एक प्रमुख कृषि उत्सव है। यह त्योहार हर साल **जुलाई** के महीने में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता हैं।

# आर्थिक–समसामयिकी

## सेमीकॉन 2.0 (Semicon 2.0)

- **मंजूरी:** केन्द्रीय मंत्रीमंडल द्वारा **15 जुलाई 2026** को।
- **उद्देश्य:** भारत में सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और अनुसंधान का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना।
- **वित्तीय आवंटन:** रु. 1,27,500 करोड़।
- **क्रियान्वयन:** इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 द्वारा।
- **छह प्रमुख स्तंभ:** डिजाइन, मशीनें और सामग्रियाँ, अधिक फैब्रिकेशन संयंत्र (फैब) स्थापित करना, ATMP/OSAT उद्योग को और मजबूत बनाना, अनुसंधान एवं विकास (R&D), प्रतिभा विकास।
- **सेमीकॉन 1.0 (शुरूआत–2021) की प्रगति:** स्वीकृत रु. 76,000 करोड़ के तहत रु. 1.64 लाख करोड़ निवेश वाली 12 विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी।

## संशोधित उड़ान–'विकसित उड़ान' योजना

- **शुरुआत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **4 जुलाई 2026** को राजस्थान के जोधपुर में एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन के दौरान।
- **क्रियान्वयन:** वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2035–36 तक।
- **कुल परिव्यय:** 28,840 करोड़ रुपये
- **मूल 'UDAN'(उड़े देश का आम नागरिक) योजना की शुरुआत:** अक्टूबर 2016 में ।
- **प्रकार:** केंद्रीय **क्षेत्रक** योजना
- **मंत्रालय:** नागरिक विमानन मंत्रालय
- **क्रियान्वयन एजेंसी:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI)।
- **प्रमुख घटक**
  - i. एयरोड्रोमों का विकास (100 नए हवाई अड्डे का विकास)
  - ii. आधुनिक हेलीपैड (200 नए हेलीपैड का विकास)
  - iii. संचालन और रखरखाव सहायता
  - **iv. व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (VGF):** इसके लिए 10,043 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एयरलाइन परिचालकों को 5 वर्षों तक वित्तीय सहायता दी जाएगी
- भारत विश्व का **तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागरिक उड्डयन बाजार** है।
- देश में **हवाई अड्डों की संख्या** 2014 के 74 से बढ़कर 15 जुलाई 2026 तक **165 हो** गई है।

## मोबाइल फोन विनिर्माण योजना (MPMS)

- **मंजूरी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **15 जुलाई 2026** को।
- योजना 31 मार्च 2026 को समाप्त हुई उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI-LSEM) का विस्तार है।
- **उद्देश्य:** प्रौद्योगिकीय संप्रभुता हासिल करना और भारतीय ब्रांड्स का निर्माण करना।
- **वित्तीय आवंटन:** रु. 62,500 करोड़।
- **क्रियान्वयन: वित्त वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक।**
- **प्रोत्साहन–**
  - ♦ पात्र बिक्री पर **2.25% से 5%** तक का प्रोत्साहन।
  - ♦ **घरेलू पुर्जों** के अधिकाधिक इस्तेमाल (घरेलू सोर्सिंग) पर **1.5% अतिरिक्त प्रोत्साहन।**
  - ♦ भारतीय ब्रांडों को **डिजाइन और रिसर्च एंड डेवलपमेंट** के लिए पात्र बिक्री पर **3% अतिरिक्त** प्रोत्साहन दिया जाएगा।

## भारत औद्योगिक विकास योजना– रसायन (BHAVYA Rasayan)

- **मंजूरी: 24 जुलाई 2026** को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने।
- **मंत्रालय:** रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार।
- **उद्देश्य:** देश में 3 समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करना।
- **घोषणा:** केंद्रीय बजट 2026-27 में।
- **क्रियान्वयन अवधि:** वित्त वर्ष 2026–27 से 2030–31 (5 वर्ष)।
- **कुल वित्तीय आवंटन:** रु. 3,030 करोड़।
  - ♦ **रु. 3,000 करोड़:** पार्कों की आंतरिक अवसंरचना एवं बुनियादी सुविधाओं के लिए।
  - ♦ **रु. 30 करोड़:** प्रशासनिक व्यय।

Springboard ACADEMY

- **केंद्रीय सहायता:**
    - प्रत्येक पार्क के लिए **केंद्र सरकार** अधिकतम **रु. 1,000 करोड़** का अनुदान देगी।
    - इसके लिए संबंधित राज्य सरकार को **न्यूनतम रु. 500 करोड़** का योगदान करना होगा।
- **भूमि क्षेत्र:** प्रत्येक पार्क में कम से कम **8 वर्ग किमी (लगभग 2,000 एकड़)** का निर्बाध भूमि क्षेत्र होगा।
- **प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना:** रसायन उद्योग के लिए कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं और बुनियादी उपयोगिताओं के रूप में प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना उपलब्ध करायी जाएगी।
- **चैलेंज रूट:** केंद्र सरकार प्रतिस्पर्धी, प्रदर्शन आधारित वित्त पोषण तंत्र **(चैलेंज रूट)** के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा **तीन समर्पित रासायनिक पार्कों** के विकास में सहायता प्रदान करेगी।

### कॉरपोरेट मित्र योजना

- **उद्देश्य:** द्वितीय और तृतीय श्रेणी शहरों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक एवं अनुपालन सेवाएँ उपलब्ध कराना।
    - युवाओं को उद्योग से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर **प्रशिक्षित पैरा-प्रोफेशनल** तैयार कराना।
- **मंत्रालय:** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय।
- **लक्ष्य: पहले चरण** में देशभर में **2,000 प्रतिभागियों (पूर्वोत्तर क्षेत्र-200)** को शामिल करना।
- मान्यता प्राप्त 'कारपोरेट मित्र' स्थानीय उद्यमों को उनके व्यवसाय संचालन के गैर-कोर पहलुओं-जैसे कि नियामक, अनुपालन, वित्तीय, कराधान, लेखांकन और शासन से जुड़ी आवश्यकताओं के लिए सस्ती और सुलभ पेशेवर सहायता प्रदान करेंगे।

### यूरिया के लिए 'राष्ट्रीय निवेश नीति'(NIPU) 2026

- **मंजूरी:** आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने 15 जुलाई 2026 को।
- **उद्देश्य:** देश में **गैस-आधारित नई यूरिया निर्माण इकाइयों** की स्थापना को आकर्षित करना।
- **लक्ष्य:** देश में **8 से 9 नए गैस-आधारित यूरिया प्लांट** स्थापित करना।
    - **1 करोड़ टन (10 मिलियन टन) अतिरिक्त यूरिया उत्पादन क्षमता** तैयार करना।
- निश्चित और परिवर्तनशील लागतों को अलग-अलग किया जाएगा।
- **व्यावहारिक रिटर्न:** इक्विटी पर रिटर्न (RoE) के लिए **12% न्यूनतम और 16% अधिकतम सीमा** तय।
- **विदेशी मुद्रा जोखिम कम:** चार वर्ष बाद प्रचलित विनिमय दर के आधार पर स्थिर लागत को भारतीय रुपये में बदलने का प्रावधान।

## रिपोर्ट्स/सूचकांक

### निवेश अनुकूलता सूचकांक (IFI) रिपोर्ट

- **जारी: नीति आयोग** द्वारा 17 जुलाई 2026 को।
- **उद्देश्य:** राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र का मूल्यांकन करना और देश में प्रतिस्पर्धी एवं सहकारी संघवाद को सशक्त बनाना।
- **सूचकांक की मुख्य विशेषताएँ एवं श्रेणियाँ:**
    - इसमें सभी 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल कर **कुल 84** संकेतकों (62 द्वितीयक और 22 प्राथमिक सर्वेक्षण आधारित) पर मूल्यांकन किया गया ।
    - **आधार :** आठ स्तंभ (अवसंरचना, कारोबारी वातावरण, संसाधनों की उपलब्धता, सरकारी नीतियाँ, नियामकीय सुगमता, संस्थागत वातावरण, वित्तीय सुदृढ़ता, पर्यावरणीय लचीलापन)
    - समग्र अंकों के आधार पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को **चार प्रदर्शन श्रेणियों** में वर्गीकृत किया गया है:

1. शीर्ष प्रदर्शनकर्ता (50 से अधिक अंक)
2. अग्रणी राज्य (45-50 अंक)
3. उभरते प्रदर्शनकर्ता ( ≥ 40 - <45 अंक)
4. आकांक्षी राज्य (40 से कम अंक)

- **शीर्ष रैंकिंग और प्रदर्शन :**

| श्रेणी | प्रथम स्थान (अंक) | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| समग्र रैंकिंग/बड़े राज्य | गुजरात (56.6) | महाराष्ट्र (53.7) | तमिलनाडु (53.3) |
| पर्वतीय एवं पूर्वोत्तर राज्य | उत्तराखंड (47.5) | असम | हिमाचल प्रदेश |
| नगर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश | गोवा( 53.1) | दिल्ली | चंडीगढ़ |

## प्रमुख उद्योग सूचकांक (ICI) की नई संशोधित शृंखला

❑ **जारी: आर्थिक सलाहकार कार्यालय (OEA),** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने **20 जुलाई को ।**

❑ वर्तमान अद्यतन ICI की शुरुआत के बाद किया गया **चौथा** संशोधन है।

❑ **प्रमुख बदलाव:**

| मापदंड | पुराना संस्करण | नया संस्करण |
|---|---|---|
| आधार वर्ष | 2011—12 | 2022—23 |
| कोर उद्योगों की कुल संख्या | 8 | 9 (नया उद्योग—लौह अयस्क) |
| औद्योगिक उत्पादन सूचकांक(IIP) में कोर उद्योगों का भार | 40.27% | 32.88% |

♦ **भारांश : विद्युत-30.93% (सर्वाधिक),** रिफाइनरी उत्पाद-22.57%, इस्पात-17.58%, कच्चा तेल-7.43%, कोयला-5.59%, लौह अयस्क-4.90%, सीमेंट-4.41%, प्राकृतिक गैस-3.84% तथा **उर्वरक-2.73% (न्यूनतम)**

❑ सूचकांक OEA द्वारा **मासिक** आधार पर संकलित किया जाता है।

## सेवा उत्पादन सूचकांक (ISP) का पहला संस्करण

❑ **जारी:** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने **(14 जुलाई 2026 को)**

❑ इसके बाद प्रत्येक महीने की **29 तारीख** को जारी किया जाएगा।

❑ आधार वर्ष: **2024-25**

❑ इसमें **19 उप-क्षेत्र शामिल** हैं, जो भारत के **औपचारिक सेवा क्षेत्र** का लगभग **60 प्रतिशत हिस्सा कवर** करते हैं।

❑ ISP विकास हेतु, मई 2025 में **देबजानी घोष** की अध्यक्षता में **तकनीकी सलाहकार समिति** का गठन किया।

## एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस (UDISE+) 2025-26 रिपोर्ट

❑ **जारी:** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने

❑ **प्रमुख विशेषताएँ**

♦ **शिक्षकों की संख्या:** वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्तमान वर्ष में **8.3% की वृद्धि** दर्ज की गई।

♦ **विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात (PTR):** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) द्वारा अनुशंसित 30:1 अनुपात की तुलना में उल्लेखनीय सुधार-

- **आधारभूत-10**
- **प्रारंभिक-12**
- **मध्य-17**
- **माध्यमिक-21**

| मानदंड | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|
| ड्रॉपआउट दर – प्रारंभिक | 2.3% | **1.8%** (सुधार) |
| ड्रॉपआउट दर – माध्यमिक | 8.2% | 7.0% (सुधार) |
| नामांकन दर – माध्यमिक | 82.8% | 83.7% (वृद्धि) |
| नामांकन दर – उच्च माध्यमिक | 47.2% | 51.9% (वृद्धि) |
| सकल नामांकन अनुपात (GER)– मध्य स्तर | 90.3% | 89.6% |
| सकल नामांकन अनुपात (GER) – माध्यमिक स्तर | 68.5% | 71.7% |
| कंप्यूटर सुविधा वाले स्कूल | 64.7% | 69.9% |
| इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले स्कूल | 63.5% | 67.4% |

❑ **शिक्षा मंत्रालय** ने वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए **अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) की रिपोर्ट** भी जारी की।

## प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक (PGI-S) 2.0 रिपोर्ट 2025-26

❑ **जारी: केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय** ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए।

❑ इस दौरान जिलों के लिए **प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक (PGI-D)** पर वर्ष 2025-26 की रिपोर्ट जारी की गई।

❑ **तैयार:** विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (DoSEL)

❑ **उद्देश्य:** राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा क्षेत्र में प्रदर्शन का विभिन्न श्रेणियों और स्तरों में मूल्यांकन करना।

❑ **मूल्यांकन संरचना:**

♦ इसमें 70 संकेतकों के लिए कुल 1000 अंकों का भार है।

♦ इसे मुख्य रूप से **दो श्रेणियों** में बाँटा गया है:

1. **परिणाम**
2. **शासन एवं प्रबंधन।**

♦ **छह डोमेन:** अधिगम, परिणाम एवं गुणवत्ता , पहुँच, अवसंरचना एवं सुविधाएँ, शासन प्रक्रियाएँ, शिक्षक शिक्षा एवं प्रशिक्षण।

❑ **PGI-S ग्रेडिंग**

♦ **सर्वोच्च प्रदर्शनकर्त्ता: चंडीगढ़** ने उच्चतम श्रेणी 'उत्तम-3' (Uttam-3) प्राप्त की।

Springboard Academy

- **राजस्थान:** राज्य ग्रेड- प्राचेष्टा-3
  - कुल स्कोर: 589.5/1000
- किसी भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश ने **शीर्ष तीन श्रेणियों- 'उत्कर्ष', 'उत्तम-1' अथवा 'उत्तम-2'** में स्थान प्राप्त नहीं किया।
- किसी भी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश को **'आकांक्षी-2' (11-20%) अथवा 'आकांक्षी-3' (10% तक) श्रेणी** में स्थान नहीं मिला।

### आरोह: वार्षिक खान बंदीकरण रिपोर्ट

- **जारी:** कोयला मंत्रालय ।
- वैज्ञानिक खान बंदीकरण और पुन: उपयोग पद्धतियों पर भारत की पहली रिपोर्ट ।
- वैज्ञानिक खान बंदीकरण, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन तथा खनन के बाद भूमि के सतत उपयोग के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने में भारत की प्रगति को रेखांकित किया गया।
- इसमें 42 वैज्ञानिक रूप से बंद की गई कोयला खानों की परिवर्तनकारी यात्रा का दस्तावेजीकरण किया गया।

- "टू-बी क्लोज्ड माइन्स" पर तकनीकी सहयोग के लिए कोयला मंत्रालय और डॉयचे गेजेलशाफ्ट फ्यूर इंटरनेशनल जुसामेनआर्बाइट (GIZ) के बीच कार्यान्वयन समझौता
  - **उद्देश्य:** वैज्ञानिक खान बंदीकरण, खान पुन: उपयोग, तकनीकी क्षमता निर्माण, ज्ञान आदान-प्रदान तथा वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने में सहयोग को सुदृढ़ करना।
- भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) और झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण (JRDA) द्वारा हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा राजधानी यूनिवर्सल फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय समझौता
  - यह साझेदारियाँ झरिया कोयला क्षेत्र में पुनर्वास, अवसंरचना विकास, सामुदायिक कल्याण तथा सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए समन्वित प्रयासों को बढ़ावा देंगी।

# विविध

### विकसित भारत-जी राम जी (VB-G RAM G) योजना

- **राष्ट्रीय शुभारंभ:** 2 जुलाई 2026 को **मुक्कावरिपल्ली गाँव (तिरुपति, आंध्र प्रदेश)** में शिवराज सिंह चौहान, चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा।
- **नोड्ल मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय
- **मजदूरी वृद्धि:** औसतन लगभग 10% की वृद्धि (सभी राज्य में न्यूनतम मजदूरी-रु. 300 प्रतिदिन)
- **वित्तीय आवंटन:** रु. 95,692.31 करोड़

### विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025

- यह अधिनियम महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम -(मनरेगा) 2005 की जगह लाया गया है।
- **सदन से पारित**
  - **लोकसभा: 18 दिसम्बर, 2025**
  - **राज्यसभा: 19 दिसम्बर, 2025**
  - **राष्ट्रपति की मंजूरी: 21 दिसम्बर, 2025**
- **भारत सरकार द्वारा अधिसूचित:** 11 मई 2026
- **अधिनियम लागू:** 1 जुलाई 2026 से।

### 'प्रगति' (PRAGATI) प्रोजेक्ट

- **शुभारंभ:** 7 जुलाई 2026 को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा।
- **मंत्रालय:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
- **उद्देश्य: 20 हजार ग्रामीण युवाओं** को **कृषि-उद्यमी** बनाकर 20 लाख छोटे-सीमांत किसानों की आय व आजीविका सुधारना।
- प्रमुख कृषि राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, **राजस्थान**, प. बंगाल, असम और झारखंड में लागू।

### 'राष्ट्रीय रूफटॉप सोलर कार्यक्रम' को वित्तीय सहायता

- **मंजूरी: विश्व बैंक** ने
- **वित्तीय सहायता:** 890 मिलियन डॉलर।
- **विवरण :**
  - **इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) ऋण:** $820 मिलियन।

- **क्लीन टेक्नोलॉजी फंड (रियायती ऋण):** $60 मिलियन।
- **लिवेबल प्लैनेट फंड (अनुदान):** $10 मिलियन

### WTO का मत्स्य पालन सब्सिडी समझौता (AFS)

- भारत 20 जुलाई 2026 को अपनी स्वीकृति का दस्तावेज जमा करके औपचारिक रूप से इस बहुपक्षीय समझौते का **123वाँ सदस्य** बन गया है।
- **पारित:** समझौता जून 2022 में जिनेवा में **12वें WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC12)** में।
- **लागू:** 15 सितंबर 2025 को (दो-तिहाई WTO सदस्यों की स्वीकृति के बाद)।

### आयुर्वेद को वैश्विक बनाने के लिए रणनीतिक रोडमैप

- **जारी:** 2 जुलाई 2026 को **नीति आयोग** ने प्राइसवाटरहाउसकूपर्स (PwC) के सहयोग से ।
- **उद्देश्य:** आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर एक साक्ष्य-आधारित, मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के रूप में स्थापित करने के लिए एक चरणबद्ध रणनीति (2047 तक) प्रस्तुत करना है।
- आयुर्वेद के वैश्वीकरण की तीन-स्तंभीय रूपरेखा: **उपलब्धता , स्वीकार्यता, प्रसार।**

### खुले समुद्र में मत्स्य पालन हेतु 'प्राधिकार पत्र' (LOA)

- **राष्ट्रीय शुभारंभ:** 9 जुलाई 2026 को उपराष्ट्रपति द्वारा भुवनेश्वर ओडिशा में।
- **उद्देश्य:** यह पत्र भारतीय ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाजों को भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) से परे, खुले समुद्रों में **विनियमित मत्स्य पालन** की **अनुमति** देता है।
- LOA पूर्णत: से **पोत-विशिष्ट** और **गैर-हस्तांतरणीय** है।
- इसे **'रियलक्राफ्ट' मत्स्यन पोत पंजीकरण पोर्टल** के साथ एकीकृत किया गया है।
- इस दौरान 'ओडिशा डीप सी फिशिंग मिशन (2026-2036)' का शुभारंभ किया।

### भारत का समुद्री विनिर्माण

- **मंजूरी: पत्तन, पोत और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW)** ने **जहाज निर्माण विकास योजना (SBDS)** के तहत्।
- **परियोजनाएँ-**
  1. **पोरबंदर ग्रीनफील्ड जहाज निर्माण क्लस्टर**
     - **स्थान:** कुच्छड़ी, पोरबंदर जिला (गुजरात) में
     - **विकास:** राष्ट्रीय जहाज निर्माण और भारी उद्योग पार्क **(NSHIP)-गुजरात** द्वारा एवं यह क्लस्टर MoPSW और गुजरात समुद्री बोर्ड का संयुक्त उद्यम।
     - **क्षमता:** वार्षिक 1.2 से 1.5 मिलियन ग्रॉस टन (GT) के बड़े वाणिज्यिक जहाजों का निर्माण।
  2. **वाडीनार जहाज मरम्मत सुविधा**
     - **स्थान:** वाडीनार, कच्छ की खाड़ी (गुजरात)।
     - **विकास: कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL)** और **दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी (DPA)** द्वारा

### प्राइवेट 'प्वाइंट-इन-स्पेस' (PinS) प्रक्रिया

- **स्वीकृति:** आंध्र प्रदेश के **उंडवल्ली हेलीपोर्ट** पर हेलीकॉप्टर परिचालन हेतु।
- **भारत** की पहली **प्राइवेट प्वाइंट-इन-स्पेस (PinS) इंस्ट्रूमेंट अप्रोच प्रक्रिया**
- **विकासकर्ता:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI)
- **अनुमोदनकर्ता:** नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA)
- **PinS** में उन्नत **उपग्रह-आधारित नेविगेशन तकनीक का** उपयोग किया गया।

### कोयला खदान को 'फाइव स्टार रेटिंग'

- **प्रदाता: कोयला नियंत्रक कार्यालय (CCO),** कोयला मंत्रालय द्वारा।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एनटीपीसी की तीन खदानों को फाइव स्टार रेटिंग मिली है:
  1. पकरी-बरवाडीह (झारखंड) - लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष स्थान।
  2. दुलंगा (ओडिशा) 3. तलाईपल्ली (छत्तीसगढ़)

# 03 अंतरराष्ट्रीय समसामयिकी

## प्रधानमंत्री की यात्राएँ

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 से 11 जुलाई 2026 तक इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा की।

### इंडोनेशिया (6-8 जुलाई)

- **इंडोनेशिया राष्ट्रपति:** श्री प्रबोवो सुबियांतो
- प्रधानमंत्री श्री मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो ने योग्याकार्ता (जोग्जा) में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल प्रम्बानन मंदिर परिसर में जीर्णोद्धार और संरक्षण कार्य का उद्घाटन किया।
- नरेन्द्र मोदी को इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान **बिंतांग आदिपूर्ण** प्रदान किया गया
- **प्रमुख समझौते**–
  1. **केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन** और इंडोनेशिया की ड्रग्स एजेंसी BPOM के बीच चिकित्सा उत्पाद विनियमन पर।
  2. **स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड** और इंडोनेशिया की PT Krakatau Steel के बीच इंडोनेशिया में स्टेनलेस स्टील स्लैब निर्माण संयुक्त संयंत्र।
  3. **रेयर अर्थ मैगनेट** विकास हेतु NFTDC की कंपनी मिडवेस्ट लिमिटेड और PT Perminas के बीच।
  4. भारत के **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण** (NDMA) और इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के बीच समझौता।
  5. **भारत निर्वाचन आयोग** और इंडोनेशिया के चुनाव आयोग (KPU) के बीच सहयोग समझौता।
  6. **अन्य समझौतें**– अंतरिक्ष सहयोग, स्वास्थ्य कार्यबल सहयोग, खनिज एवं इस्पात, कृषि, समुद्री सहयोग, दूरसंचार एवं नवाचार और रक्षा (ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली व वायु से वायु मिसाइल पर सहयोग।)
- **प्रमुख घोषणाएँ**–
  1. **प्रंबानन मंदिर** के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार में भारत की सहायता।
  2. Information Fusion Centre – Indian Ocean Region (IFC-IOR) में **इंडोनेशियाई अंतर्राष्ट्रीय संपर्क अधिकारी** की तैनाती करने वाला 17वाँ देश बना।
  3. इंडोनेशिया को 100 टन उच्च गुणवत्ता वाले **DWR-162 गेहूँ** के बीज उपलब्ध कराना।
  4. **'टैगोर-देवंतारा सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कूटनीति वर्ष'** का आयोजन।
  5. इंडोनेशिया के सिंघासरी विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) में **IIM, बेंगलुरु** का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय कैंपस स्थापित किया जाएगा।
  6. भारत के **ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स** (ONDC) मॉडल पर आधारित **Indonesia Open Network (ION)** का शुभारंभ।

### ऑस्ट्रेलिया (9-10 जुलाई)

- **3rd भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन:** मेलबर्न
- **ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री:** एंथनी अल्बनीज
- **परिणामों की सूची**
  1. **भारतीय तटरक्षक बल** एवं ऑस्ट्रेलिया के **Maritime Border Command** के मध्य।
  2. ऑस्ट्रेलिया के **रक्षा महाविद्यालय** (2028-29) में भारतीय सैन्य प्रशिक्षक की तैनाती।
  3. 2014 के **असैन्य नागरिक परमाणु समझौते** के क्रियान्वयन हेतु प्रशासनिक व्यवस्था को अंतिम रूप। (ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त।)
  4. **साइबर एवं उभरती प्रौद्योगिकी:** PACTS (Partnership for Cyber, Critical Technologies and Supply Chains) का शुभारंभ और ACITI (Australia-Canada-India Technology and Innovation Partnership) के अंतर्गत त्रिपक्षीय सहयोग।
  5. **शिक्षा एवं कौशल:** बेंगलुरु में **Flinders University** तथा गुरुग्राम में **Victoria University**

के परिसर स्थापित करने की अनुमति, National Council for Vocational Education and Training(NCVET)-Australian Skills Quality Authority (ASQA) के बीच समझौते के तहत् **TVET (Technical and Vocational Education- Training)** गुणवत्ता सहयोग और **भुवनेश्वर** में Mining-METS Centre of Excellence की स्थापना।

6. **विज्ञान एवं नवाचार:** GSI-Geoscience Australia के मध्य और CSIR-University of Melbourne के मध्य पारम्परिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (TKDL) तक की पहुँच हेतु।
7. **संस्कृति एवं हरित विकास:** ऑस्ट्रेलिया ने भारत को तीन महत्वपूर्ण प्राचीन कलाकृतियाँ लौटाई-
   - i. **नंदी (शिव का वाहन)**-ग्रेनाइट, 11वीं-12वीं शताब्दी, तमिलनाडु।
   - ii. **भद्रकाली सहित त्रिशूल**-कांस्य, 11वीं शताब्दी, तमिलनाडु।
   - iii. **छह मुख वाले स्कंद (कार्तिकेय)**-बेसाल्ट, 12वीं शताब्दी, तमिलनाडु
8. गांधीनगर में Rooftop Solar Training Academy के माध्यम से **2000 महिलाओं एवं युवाओं** को सौर तकनीशियन के रूप में प्रशिक्षित करने की पहल।
9. सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता और ग्रिफिथ फिल्म स्कूल, ऑस्ट्रेलिया के मध्य
10. **अन्य समझौतें:** रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा (JDSC) जारी, समुद्री सुरक्षा सहयोग प्रारूप (MSCR) की शुरुआत, हिंद-प्रशांत एवं समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा एवं महत्वपूर्ण खनिज

## न्यूजीलैंड (10-11 जुलाई)

- न्यूजीलैंड प्रधानमंत्री: क्रिस्टोफर लक्सन
- यह यात्रा 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है।
- प्रधानमंत्री ने ऑकलैंड विशेष कार्यक्रम **'भारत-न्यूजीलैंड: एक सफल साझेदारी'** में भाग लिया
- दोनों देशों के संबंधों को **'रणनीतिक साझेदारी'** के स्तर पर उन्नत किया गया
- **प्रमुख समझौते (10)**
  1. **पारस्परिक रसद सहायता व्यवस्था:** भारतीय नौसेना और न्यूजीलैंड रक्षा बल के बीच लॉजिस्टिक सहयोग।
  2. **जलविज्ञान एवं समुद्री मानचित्रण:** नौवहन चार्ट निर्माण और जलवैज्ञानिक डेटा साझा करना एवं प्रशिक्षण।
  3. गुजरात के लोथल स्थित राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिषद् (NMHC) के विकास में सहयोग।
  4. **अन्य समझौतें:** सांस्कृतिक सहयोग, खेल, पर्यटन, पशुपालन एवं डेयरी, आपदा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह, रक्षा एवं समुद्री सहयोग
- **प्रमुख घोषणाएँ (8)**
  1. **भारत-न्यूजीलैंड रणनीतिक साझेदारी (2030)**
  2. **व्यापार लक्ष्य:** 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना (7 बिलियन न्यूजीलैंड डॉलर/35,000 करोड़)
  3. समुद्री सुरक्षा संवाद तंत्र स्थापित।
  4. Indo-Pacific Oceans Initiative (IPOI) में न्यूजीलैंड की भागीदारी (IUU Fishing-Illegal, Unreported and Unregulated Fishing) पर फोकस।)
  5. न्यूजीलैंड **वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन** में शामिल होगा।
  6. **कीवी फल कार्य योजना:** नागालैंड और उत्तराखंड में 2 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होंगे।
  7. **अंटार्कटिक अनुसंधान सहयोग:** NCPOR (गोवा) और University of Canterbury (न्यूजीलैंड) के बीच समझौता।
  8. **शिक्षा:** NIFTEM- कुंडली और Massey University के बीच शोध एवं छात्र विनिमय सहयोग।

## 16वाँ भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन

- **आयोजन:** नई दिल्ली
- जापान प्रधानमंत्री ताकाइची सनाए ने 1-3 जुलाई 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा की।
- 15वें सम्मेलन की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, वे तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के आधार पर सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए-
  1. रक्षा और सुरक्षा सहयोग।
  2. आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित आर्थिक साझेदारी।
  3. लोगों के बीच आपसी संपर्क।

- **प्रमुख समझौते**

1. 75वीं वर्षगांठ-वर्ष 2027 को "India-Japan Year of Shared Horizons" के रूप में मनाना।
2. भारत-जापान को-ऑपरेटिव बायोगैस फॉर ग्रोथ (CBG): - भारत में 1,000 बायोगैस एवं जैविक उर्वरक संयंत्र स्थापित करने में सहयोग।
3. **इंडियाएआई मिशन** तथा **जापान के अर्थव्यवस्था,** व्यापार **एवं उद्योग मंत्रालय के मध्य:** कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सरकार-से-सरकार (G2G) व व्यवसाय-से-व्यवसाय (B2B) सहयोग और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर इंडियाएआई मिशन और जापान की **जेनिएक (GENIAC) पहल** के बीच संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देता है।
4. भारत के **सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर प्लेटफॉर्म्स** तथा जापान के **राइकेन** के मध्य: डीप-टेक तथा जीवन विज्ञान के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि तथा पर्यावरण को शामिल करते हुए शैक्षणिक, ट्रांस्लेश्नल रिसर्च तथा स्टार्टअप-उन्मुख नवाचार में सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है।
5. **नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज-टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च तथा राइकेन के मध्य:** मूलभूत जीवविज्ञान और तंत्रिका विज्ञान अनुसंधान में सहयोग।
6. **IIT बॉम्बे-भारतजेन-NII समझौता**-उन्नत लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) के विकास हेतु संयुक्त अनुसंधान और सहयोग।
7. **सर्वमAI-प्रिफर्ड नेटवर्क समझौता**-फाउंडेशन मॉडल सहित AI प्रौद्योगिकी के विकास में सहयोग।
8. **नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया तथा जापान नेटवर्क इन्फॉर्मेशन सेंटर**-आईपीवी6, इंटरनेट सुरक्षा, क्षमता निर्माण और इंटरनेट शासन में सहयोग।
9. **अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण तथा जापान की वित्तीय सेवा एजेंसी पत्रों का आदान-प्रदान**
10. अगली पीढ़ी की गतिशीलता साझेदारी (NGMP) : रेल, सड़क, ऑटोमोबाइल, विमानन, जहाज निर्माण, बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स एवं शहरी परिवहन में निजी निवेश और सहयोग को बढ़ावा देकर **"Make in India for the World"** को प्रोत्साहन देना
11. ऊर्जा क्षेत्र में मजबूती पर संयुक्त वक्तव्य (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा जापान के METI के बीच)
12. **अन्य समझौतें:** कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बैटरी सहयोग, औषधि सहयोग, क्रिटिकल मिनरल्स के अन्वेषण

# सूचकांक/ रिपोर्ट

## ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स-2026

- **जारीकर्ता:** रेजीडेंसी और सिटिजनशिप एडवाइजरी फर्म ग्लोबल सिटिन सॉल्यूशंस (GCS)
- **कुल:** 197 देश
- **शीर्ष:**
  1. स्वीडन 2.स्विट्ज़रलैंड 3.फिनलैंड
- **अंतिम:** अफगानिस्तान
- **भारत:** 125 वा स्थान (2025 में 124वाँ)
  - **मोबिलिटी इंडेक्स:** 136वाँ स्थान
  - **क्वालिटी ऑफ लिविंग इंडेक्स:** 118वाँ स्थान
  - **इन्वेस्टमेंट इंडेक्स:** 94वाँ स्थान
- भारतीय पासपोर्ट 26 देशों में बिना वीजा यात्रा की सुविधा देता है।
- भारत का वीजा-फ्री मोबिलिटी स्कोर 2021 में 18 से सुधारकर 2026 में 23 हो गया

## विश्व निवेश रिपोर्ट 2026

- **जारीकर्ता:** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD)
- **शीर्ष निवेश प्राप्तकर्त्ता गन्तव्य:**
  1. अमेरिका 2. सिंगापुर 3. हांगकांग
  4. चीन 5. ब्राजील

1. वैश्विक FDI (2025): 1.6 ट्रिलियन डॉलर (6% वृद्धि)
2. विकसित अर्थव्यवस्थाएँ: 11% वृद्धि
3. विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ: 2% वृद्धि

- **भारत की स्थिति (2025 में)**
  1. **आवक (Inward) FDI:** 11वाँ(2024 में 13वाँ)
  2. **बहिर्मुखी (Outward) FDI:** 18वाँ(2024 में 20वाँ)
  3. FDI 44 फीसदी बढ़कर 38.89 अरब डॉलर पहुंचा,

Springboard ACADEMY

4. **ग्रीनफील्ड निवेश:** 2024 के 111.14 अरब डॉलर से घटकर 2025 में 74.12 अरब डॉलर।

5. भारतीय कंपनियों ने 2025 में विदेश में
   - ♦ निवेश: 35.66 अरब डॉलर (47% वृद्धि)
   - ♦ ग्रीनफील्ड निवेश: 25.29 अरब डॉलर (41% वृद्धि)।

### वर्ल्ड्स हैप्पिएस्ट सिटीज 2026

- ❐ **जारीकर्ता:** Time Out
- ❐ **जयपुर की रैंक:** 6th (शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय शहर)
- ❐ **शीर्ष:** बाथ (इंग्लैंड)

### विश्व बैंक देश आय वर्गीकरण 2027

- ❐ **जारीकर्ता:** विश्व बैंक
- ❐ **आधार:** पिछले कैलेंडर वर्ष की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय
- ❐ भारत निम्न-मध्यम आय श्रेणी में बना हुआ है (2009 से इसी श्रेणी में है।)
  - ♦ 2025 में प्रति व्यक्ति GNI: 2,760 अमेरिकी डॉलर
- ❐ **निम्न-मध्यम आय से उच्च-मध्यम आय:** श्रीलंका,वियतनाम,फिलीपींस,जॉर्डन और माइक्रोनेशिया
- ❐ **निम्न आय से निम्न-मध्यम आय:** टोगो

### ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2026

- ❐ **जारीकर्ता:** Economist Intelligence Unit (EIU)
- ❐ **कुल शहर:** 173
- ❐ **शीर्ष:** कोपेनहेगन (डेनमार्क)
- ❐ **भारतीय शहरों की रैंकिंग**
  - ♦ नई दिल्ली-120वाँ
  - ♦ मुंबई-121वाँ
  - ♦ चेन्नई-123वाँ
  - ♦ बेंगलुरु-127वाँ

### WDMMA ग्लोबल एयर पावर्स रैंकिंग 2026

- ❐ **जारीकर्ता:** World Directory of Modern Military Aircraft (WDMMA)
- ❐ 1. अमेरिका 2. रूस 3. भारतीय वायुसेना (IAF)
- ❐ **Note:** स्वतंत्र शाखाओं (Branch-wise) की सूची में भारतीय वायुसेना 6th स्थान पर आती है (अमेरिकी सेना की अलग-अलग शाखाओं के कारण)।

## प्रमुख समझौतें

- ❐ **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) – सेमीकंडक्टर लैब (SCL), मोहाली:** स्वदेशी सेमीकंडक्टर डिजाइन, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास तथा eChipHub के माध्यम से 1.2 μm तकनीक का Process Design Kit (PDK) उपलब्ध कराने हेतु।
- ❐ **DRDO की सेन्टर फॉर एयरबोर्न सिस्टम CABS ने Airborne Early Warning & ControlA ( AEW-C) Mk-II कार्यक्रम के अंतर्गत** Airborne Early Warning-Control (AIESL ) और Adani Defence Systems & Technologies Ltd- (ADSTL) **के साथ दो समझौते किए-**
  - (i) AIESL के साथ 6 Airbus A321 विमानों को ग्रीन कॉन्फिगरेशन में परिवर्तित करने हेतु
  - (ii) ADSTL को **विकास सहउत्पादन भागीदार** नियुक्त करने के लिए।
- ❐ **आंध्र प्रदेश सरकार और पंजाब नेशनल बैंक:** अमरावती में भारत का पहला बैंक-संचालित क्वांटम फाइनेंस हब स्थापित करने के लिए। μ
- ❐ **वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और नालंदा विश्वविद्यालय:** विज्ञान आधारित सतत विकास, प्रौद्योगिकी प्रसार, ग्रामीण परिवर्तन, कौशल संवर्धन एवं वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए।
- ❐ **CSIR-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (CSIR-NIScPR) और पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय (CGPDTM):** राष्ट्रीय ज्ञान संसाधन कंसोर्टियम (NKRC) के माध्यम से वैश्विक वैज्ञानिक, तकनीकी एवं बौद्धिक संपदा (IPR) संबंधी ज्ञान संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने हेतु।
- ❐ **रिलायंस इंडस्ट्रीज और मेटा:** जाम नगर, गुजरात में भारत के प्रथम 168 मेगावॉट क्षमता के बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर की स्थापना के लिए।
- ❐ **रक्षा मंत्रालय-अकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु:** भारतीय नौसेना के लिए 449 करोड़ की लागत के 20 उन्नत क्षमता वाले वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली जैमर की खरीद के लिए।

Springboard ACADEMY

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

### उपभोक्ता संरक्षण कानून एवं नीति पर विशेषज्ञों के अंतर-सरकारी समूह का 9वाँ सत्र

- यह संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (UNCTAD) के तहत आयोजित 3-दिवसीय शिखर सम्मेलन है।
- **आयोजन:** 6-8 जुलाई, 2026 तक जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- **अध्यक्षता: भारत द्वारा;** भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे।
- भारत में दिसम्बर 2025 में UN द्वारा अपनाए गए **संयुक्त राष्ट्र उपभोक्ता उत्पाद संरक्षण सिद्धांत** को लॉन्च किया।

### भारत-कोस्टा रिका की पहली संयुक्त आर्थिक एवं व्यापार समिति (JETCO) बैठक।

- **आयोजन:** 6-7 जुलाई, 2026।
- **सह-अध्यक्ष:** भारत: श्री विमल आनंद, संयुक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय।
- **कोस्टा रिका:** सुश्री एड्रियाना कास्त्रो।

### 13वीं आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता (AITIGA) संयुक्त समिति (JC) बैठक

- **आयोजन:** नई दिल्ली, 6-10 जुलाई
- **उद्देश्य:** AITIGA की प्रगति की समीक्षा करना। **AITIGA** भारत और आसियान देशों के मध्य 2009 में हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौता है।
- **सहअध्यक्षता:** श्री नितिन कुमार यादव (अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, भारत) और मस्तुरा अहमद मुस्तफा (उप महासचिव-व्यापार, मलेशिया)।
- **आठ में से तीन उप-समिति बैठकें आयोजित की गईं:**
  - सीमा शुल्क प्रक्रियाएं एवं व्यापार सुगमता।
  - राष्ट्रीय व्यवहार एवं बाजार तक पहुँच।
  - उत्पत्ति के नियम।

### AI गवर्नेंस पर पहला UN ग्लोबल डायलॉग

- **आयोजन:** 6-7 जुलाई, 2026, जिनेवा, स्विट्जरलैंड में।
- इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 79/325 के तहत स्थापित किया गया है।
- भारत का प्रतिनिधित्व विदेश राज्य मंत्री **कीर्ति वर्धन सिंह** ने किया।

### 8वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता

- **आयोजन:** 13 जुलाई 2026 को टोक्यो, जापान में
- **सह-अध्यक्षता:** रक्षा सचिव **राजेश कुमार सिंह** एवं जापान के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के रक्षा उप-मंत्री **कानो कोजी**।
- **उद्देश्य:**
  - द्विपक्षीय सैन्य संबंधों की समीक्षा।
  - आगामी भारत जापान 2+2 मंत्रीस्तरीय वार्ता के लिए रणनीतिक रूपरेखा तैयार करना।

### 49वाँ कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग सत्र (CAC49)

- **आयोजन:** 6-10 जुलाई, 2026, जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- आयोग ने भारत की अध्यक्षता एवं सह-अध्यक्षता में विकसित किए गए सात अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों एवं दिशा-निर्देशों को अपनाया।
- **भारत की अध्यक्षता में:**
  - **सूखे धनिये के बीज एवं ताजी करी पत्तियों** के लिए कोडेक्स मानक।
- **भारत की सह-अध्यक्षता में:**
  - **वनीला एवं बड़ी इलायची** के लिए कोडेक्स मानक।
  - **खाद्य उत्पादन एवं प्रसंस्करण में पानी के सुरक्षित उपयोग एवं पुनः उपयोग** के लिए दिशा-निर्देश।
  - **चिकन मांस में कैम्पिलोबैक्टर एवं साल्मोनेला को कंट्रोल** करने के लिए दिशा-निर्देश।
  - **प्री-पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की लेबलिंग के लिए सामान्य मानक।**
- **अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ:**
  - CAC49 ने **काजू की गिरी** के लिए एक वैश्विक कोडेक्स मानक विकसित करने के भारत के **प्रस्ताव को मंजूरी** दी।
  - भारत को नए खाद्य स्रोतों एवं उत्पादन प्रणालियों के लिए बने **इलेक्ट्रॉनिक वर्किंग ग्रुप का सह-अध्यक्ष** चुना गया है।

### रोम डिक्लेरेशन फॉर एन अनआर्म्ड एंड डिसआर्मिंग पीस

- यह जुलाई 2026 में इटली में अपनाया गया एक **गैर-सरकारी एवं नागरिक समाज घोषणापत्र** है जिसका उद्देश्य **परमाणु मिसाइल लॉन्च प्रणालियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को प्रतिबंधित करना** है।

- इस घोषणापत्र पर 200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों, धार्मिक नेताओं एवं नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने हस्ताक्षर किए एवं भारत इसका भागीदार नहीं हैं।

### ब्रिक्स महिला मंत्रिस्तरीय बैठक

- **आयोजन:** 8-9 जुलाई कोच्चि, केरल
- **अध्यक्षता:** अन्नपूर्णा देवी (केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री)
- महिला मंत्रियों के इस ट्रैक में इतिहास में पहली बार एक 'प्रथम संयुक्त वक्तव्य' सर्वसम्मति से अपनाया गया
- **ब्रिक्स डिजिटल रिपॉजिटरी ऑफ बेस्ट प्रैक्टिसेज:** यह सदस्य देशों के बीच महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी सफल नीतियों, नवाचारों के दस्तावेजीकरण और आदान-प्रदान के लिए एक साझा मंच बनेगा।
- **ब्रिक्स डिजिटल क्षमता निर्माण दिशानिर्देश:** डिजिटल क्षेत्र में संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देना, महिलाओं के वित्तीय समावेश व उद्यमिता को गति देना है।
- **राजस्थान** के झुंझुनूं जिले के **लाम्बी अहीर गाँव** (बुहाना तहसील) की सरपंच, **नीरू यादव ("हॉकी वाली सरपंच")** ने मूलभूत स्तर पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देना विषय पर अपने विचार साझा किए।

### ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रियों की 16वीं बैठक

- **आयोजन:** 22-24 जुलाई, चंडीगढ़
- **मानसिक स्वास्थ्य:** मानसिक स्वास्थ्य पर **उत्कृष्टता केंद्रों के एक नए ब्रिक्स नेटवर्क** की स्थापना की घोषणा की गई। इसका समन्वय बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान **(NIMHANS)** करेगा।
- **चंडीगढ़ घोषणापत्र:** 16वें ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रालयों के घोषणापत्र को सर्वसम्मति से मंजूर किया गया, जो यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज और सस्ती दवाओं, टीकों व डायग्नोस्टिक्स तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताता है

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की तीन देशों की यूरोपीय यात्रा

**मोल्दोवा (20 जुलाई):** राजधानी - चिसीनाउ (Chisinau)

- **राष्ट्रपति**-महामहिम मैया सैंडू (Maia Sandu) से मुलाकात।
- किसी भारतीय राष्ट्रपति की मोल्दोवा की यह पहली यात्रा थी।
- भारत ने **भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग** (ITEC) कार्यक्रम के तहत मोल्दोवा के लिए प्रशिक्षण सीटों को **दोगुना** करने की घोषणा की।

**उत्तर मैसेडोनिया (21-22 जुलाई): राजधानी - स्कोप्जे (Skopje)**

- **राष्ट्रपति**-गोर्दाना सिजानोव्का-दावकोवा (Gordana Siljanovska-Davkova)।
- पहली ऐतिहासिक यात्रा।
- भारत-उत्तर मैसेडोनिया **बिजनेस फोरम** का उद्घाटन किया।
- स्कोप्जे के एक संग्रहालय में **महात्मा गांधी** की एक **संरचनात्मक प्रतिमा** का अनावरण किया और **मदर टेरेसा** के आधिकारिक स्मारक का दौरा किया।

**रोमानिया (23-25 जुलाई, 2026): राजधानी - बुखारेस्ट (Bucharest)**

- **राष्ट्रपति**-निकुसोर डैन (Nicusor Dan) और **प्रधानमंत्री** -इलिया बोलोन (Ilie Bolojan)।
- पिछले **32** वर्षों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली यात्रा एवं शिक्षा, संस्कृति और जन सम्पर्क से जुड़े तीन महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर।
- भारत ने **भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्** के सहयोग से बुखारेस्ट विश्वविद्यालय में **'भारतीय अध्ययन पीठ'** की स्थापना की।
- बुखारेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज ने राष्ट्रपति मुर्मु को **मानद डॉक्टरेट** से सम्मानित किया।
- दोनों देश के राजनयिक संबंधों के 80 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2028 को **'भारत-रोमानिया नवाचार वर्ष'** के रूप में मनाएंगे।

### समर फैंसी फूड शो 2026

- **आयोजन:** 28 जून, 2026 को न्यूयॉर्क, उत्तरी अमेरिका
- **विशेष:** इंडिया पैविलियन ने अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी दर्ज की।
- **आयोजक:** 'एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी' एवं 'इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन' द्वारा एवं उद्घाटन बिनाय श्रीकांत प्रधान एवं शेफ विकास खन्ना ने संयुक्त रूप से किया।

Springboard Academy

## दूसरा पैक्स सिलिका समिट : 2026

- **आयोजनः** 25-26 जून को वाशिंगटन, D.C.
- **भारत का प्रतिनिधित्वः** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, साथ ही भारतीय उद्योग के प्रतिनिधि।
- **एआई अवसरों पर संयुक्त वक्तव्य :** भारत ने 34 अन्य देशों के साथ मिलकर, AI टेक्नोलॉजी को सपोर्ट करने के लिए भरोसेमंद एवं मजबूत सप्लाई चेन बनाने की U.S. की इस पहल पर हस्ताक्षर किए।
- भारत, फरवरी 2026 में दिल्ली में आयोजित 'इंडिया AI इम्पैक्ट समिट' में पैक्स सिलिका घोषणा में शामिल हुआ।

## UNCITRAL@60

- UNCITRAL की 60वीं वर्षगांठ (वर्ष 1966 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का मुख्य कानूनी निकाय)।
- **संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग-**
  - ♦ **स्थापना :** वर्ष 1966
  - ♦ **सदस्य देशः** 70 (भारत संस्थापक सदस्य)
  - ♦ **आयोजनः** 24-26 जुलाई, 2026 नई दिल्ली
  - ♦ **आयोजकः** भारत का सर्वोच्च न्यायालय एवं विदेश मंत्रालय

## बिम्सटेक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की 5वीं बैठक

- **आयोजनः** 16 जुलाई 2026 नई दिल्ली (भारत)
- **अध्यक्षता :** अजित डोभाल (भारत के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार)
- **बिम्सटेक महासचिवः** महामहिम इंद्र मणि पांडे

## 21वां जेजू फोरम फॉर पीस एंड प्रॉस्परिटी

- **आयोजनः** 24 - 26 जून 2026 जेजू, दक्षिण कोरिया
- यह एशिया का एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक संवाद मंच है, जिसकी शुरुआत 2001 में हुई थी।
- भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग पर एक प्रमुख भाषण दिया।

## जुलाई माह में आयोजित ब्रिक्स की प्रमुख बैठकें

| कार्यक्रम | स्थान | मुख्य विवरण और परिणाम |
|---|---|---|
| ब्रिक्स देशों की मादक पदार्थ निरोधक एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक | गुवाहाटी, असम | • **आयोजकः** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) इसमें **'विजन डॉक्यूमेंट ऑन नारकोटिक्स कंट्रोल (2026–2029)'** प्रस्तुत किया गया । |
| 15वें ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम शिखर सम्मेलन | हैदराबाद, तेलंगाना | • **अध्यक्षताः** श्री सुनकारी मल्लेशम(मेजबानी भारतीय मजदूर संघ (BMS) |
| 12वीं श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक | हैदराबाद, तेलंगाना | • **अध्यक्षताः** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया<br>• भारत के प्रस्ताव पर 'BRICS CONNECT' पहल को लॉन्च किया गया। यह मंच ब्रिक्स देशों के बीच तकनीकी सहयोग, क्षमता निर्माण और ज्ञान साझा करने को संस्थागत रूप देगा। |
| 5वीं राष्ट्रीय मानक निकायों के प्रमुखों की | बेंगलुरु | • **मेजबानीः** भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा |
| ब्रिक्स देशों की अभियोजन सेवाओं के प्रमुखों की 8वीं बैठक | नई दिल्ली (वर्चुअल) | • **विषयः** 'अभियोजन पक्ष के नजरिए से आपराधिक मामलों के निपटारे में अनुभवों और बेहतरीन तौर–तरीकों का आदान–प्रदान'<br>• **अध्यक्षताः** महान्यायवादी श्री आर. वेंकटरमणी |
| ब्रिक्स विज्ञान अकादमियों के फोरम की बैठक | IIT हैदराबाद, तेलंगाना | • आयोजकः इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी<br>• विषयः 'सतत विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग और वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ बनाना'। |
| आपदा जोखिम कम करने पर ब्रिक्स मंत्रियों की तीसरी बैठक | नई दिल्ली | • आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने इसका आयोजन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में किया |

# विविध

## भारत-मलेशिया-सिंगापुर पनडुब्बी केबल प्रणाली

- यह परियोजना भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच उच्च गति तथा उच्च क्षमता वाली डिजिटल संपर्क व्यवस्था स्थापित करेगी।
- **कुल लंबाई:** 3600 किलोमीटर से अधिक।
- **सेवा प्रारंभ का लक्ष्य:** वर्ष 2029 की चौथी तिमाही।
- **परियोजना में शामिल संस्थाएँ:** माइक्रोसॉफ्ट, लाइटस्टॉर्म,सिंगटेल और टाटा कम्युनिकेशंस
- **कार्यन्वयन :** जापान की NEC Corporation को इसका सिस्टम सप्लायर और सिंगापुर की ASEAN Cableship समुद्री स्थापना का कार्य करेगी
- भारत के पूर्वी तट से प्रारंभ होगी तथा भारत में दो लैंडिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।
  1. **मछलीपटनम (आंध्र प्रदेश):** हैदराबाद तक सबसे कम दूरी वाला समुद्री संपर्क।
  2. **दक्षिण चेन्नई (तमिलनाडु)**
- इसके बाद यह केबल कुआलालंपुर (मलेशिया) तथा सिंगापुर से जुड़ेगी।
- यह सीधा मार्ग हैदराबाद और चेन्नई के प्रमुख डेटा केंद्रों को सिंगापुर और कुआलालंपुर (मलेशिया) के एआई हब से जोड़ेगा

## एआई फॉर गुड ग्लोबल कमीशन

- **संस्थापक सदस्य:** मुकेश अंबानी और सुनील भारती मित्तल
- यह संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक वैश्विक आयोग है।
- **उद्देश्य:** AI का सुरक्षित, नैतिक, पारदर्शी और समावेशी उपयोग सुनिश्चित करना।
- **नेतृत्व:** अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ।
- **सह-अध्यक्ष:** रवांडा के राष्ट्रपति **पॉल कगामे** और सेल्सफोर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी **मार्क बेनियॉफ**
- **प्रथम बैठक:** जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में होगी।

## ऑपरेशन हार्ड बॉल

- **संचालन:** अमेरिकी खुफिया एजेंसी FBI, अमेरिकी न्याय विभाग, कनाडा की RCMP और यूरोपीय सुरक्षा एजेंसियाँ।
- भारत से जुड़े संगठित अंतरराष्ट्रीय अपराध गिरोहों के खिलाफ एक बड़ा वैश्विक अभियान है।

# महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- **भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL):** ब्राजील की IBV ब्राजील पेट्रियोल लिमिटेड (IBV Brasil Petroleo Ltda)में 100% हिस्सेदारी खरीद ली है।
- भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (CETA) तथा सामाजिक सुरक्षा समझौता 15 जुलाई 2026 से औपचारिक रूप से लागू हुआ।
- **कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य** में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अंतर्गत तैनात 651 भारतीय सेना के जवानों को संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया।
- **'शांतिपूर्ण न्यूक्लियर को-ऑपरेशन एग्रीमेंट'** (123 **एग्रीमेंट) :** संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) और सऊदी अरब ने 22 जुलाई 2026 को हस्ताक्षर किए। **हस्ताक्षरकर्त्ता:** अमेरिकी ऊर्जा सचिव **क्रिस राइट** और सऊदी ऊर्जा मंत्री प्रिंस **अब्दुलअजीज बिन सलमान** ने रियाद में।
- थाईलैंड के पेचबुरी प्रांत के डॉन याई थोंग पुरातात्विक स्थल पर लगभग 2,000 साल पुरानी सोने की दो अंगूठियाँ मिली हैं। जिसमें एक अंगूठी पर प्राचीन भारतीय ब्राह्मी लिपि में **'पुसारखितास' (पुष्य द्वारा संरक्षित)** लिखा है, और दूसरी **सादी** है।
- **ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी** ने भारतीय उपमहाद्वीप से जुड़े देसी शब्दों को शामिल किया जिसमें दक्षिण एशिया से 13 शब्द है **(प्रमुख शब्द:** अल्पना, निहारी, नाजिम)
- **SHANTI (Securing Holistic Advancement through Norms, Trust and Integrity) अभियान:** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की गैर-स्थायी सदस्यता हेतु न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शुरू किया। [**प्रतिद्वंद्वी:** ताजिकिस्तान (एशिया-प्रशांत समूह)]
- **अटारैक्सिस** द्वारा जारी ग्लोबल AI आउटसोर्सिंग रेडीनेस इन्डेक्स भारत (84.55) ने **प्रथम स्थान** प्राप्त किया।
- **दक्षिण अफ्रीका** के उपराष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलस माशातिले और **वेनजुएला** की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने भारत की अधिकारिक यात्रा की।

- द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को गहरा करने के लिए बमाको (Bamako) में उद्घाटन **भारत–माली फोरम** का आयोजन किया गया, जिसमें शुल्क मुक्त टैरिफ प्राथमिकता (DFTP) योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में व्यापार में रिकॉर्ड 55% की वृद्धि के साथ 326.61 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का जश्न मनाया गया।
- सैन्य प्रशिक्षण, अभ्यासों, चिकित्सा सहयोग और रक्षा उद्योगों में संबंधों का विस्तार करने के लिए नई दिल्ली में (6–7 जुलाई, 2026) **दूसरी भारत–रवांडा संयुक्त रक्षा सहयोग समिति** (JDCC) की बैठक आयोजित की गई, जिसकी सह–अध्यक्षता अमिताभ प्रसाद (संयुक्त सचिव, रक्षा मंत्रालय) और ब्रिगेडियर जनरल लुई कानोबायिरे
- फॉर्च्यून इंडिया की 2026 की सबसे शक्तिशाली महिलाओं (MPW) की सूची में रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन **नीता अंबानी** शीर्ष पर हैं। इस 16वीं वार्षिक सूची में 100 प्रभावशाली महिलाओं को शामिल किया गया है।

**(रवांडा) ने की।**

- ब्रिक्स परिवहन मंत्रियों की तीसरी बैठक: **नागपुर, महाराष्ट्र**
- पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा पर ब्रिक्स बैठक: **चंडीगढ़**

# चर्चित व्यक्तित्व

| चर्चित व्यक्तित्व | |
|---|---|
| केइको फुजिमोरी | • पेरू की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति |
| मिंडौगास सिंकेविसियस | • लिथुआनिया के नए प्रधानमंत्री |
| सर्ही कोरेत्स्की I | • यूक्रेन के नए प्रधानमंत्री |
| एंडी बर्नहमः | • ब्रिटेन के 59वें प्रधानमंत्री |
| शेख हमद बिन खलीफा अल थानी | • कतर के पूर्व अमीर और 'फादर अमीर' शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का 12 जुलाई 2026 को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, उन्होंने 1995 से 2013 तक कतर के अमीर के रूप में देश का नेतृत्व किया था। |
| कनिष्क नारायण | • ब्रिटेन सरकार ने भारतीय मूल के सांसद कनिष्क नारायण को देश का पहला कैबिनेट–स्तरीय **AI मंत्री** नियुक्त किया है |
| बसिरो डियोमाये फे | • सेनेगल के राष्ट्रपति बसिरो डियोमाये फे को **पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (ECOWAS)** का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो का स्थान लिया है। |
| वोल्कर तुर्क (ऑस्ट्रिया) | • लगातार दूसरी बार **संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त** नियुक्त किया गया था |
| अनिल मेनन | • भारतीय मूल के NASA अंतरिक्ष यात्री Soyuz MS–29 मिशन के तहत बैकोनूर कॉस्मोड्रोम (कजाकिस्तान) से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए रवाना हुए, जहाँ वे मानव शरीर पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के प्रभावों सहित विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। |
| रुचि अग्रवाल और अभिषेक साहू | • ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस (GBA) ने अपने फ्लैगशिप ग्लोबल बायोफ्यूल चैंपियन फेलोशिप (GBCF) प्रोग्राम के उद्घाटन बैच के लिए रुचि अग्रवाल और अभिषेक साहू सहित दुनिया भर के 15 शोधकर्ताओं को GBA एंबेसडर और फेलो के रूप में नियुक्त किया है |
| कैप्टन अमन जौहरी | • भारतीय एनालॉग अंतरिक्ष यात्री एवं एयरोस्पेस शोधकर्ता ने प्रोजेक्ट एस्ट्रा फार्म के तहत महाराष्ट्र की प्रमुख फसलों (प्याज एवं आलू) पर माइक्रोग्रैविटी में सफल कृषि प्रयोग किया। |

# चर्चित स्थल

| चर्चित स्थान | |
|---|---|
| फ्रांस | • फ्रांस 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के **सोशल मीडिया** पर रोक लगाने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया है, जहां सितंबर 2026 से नए खातों पर रोक और जनवरी 2027 तक पुराने खाते बंद करने की योजना है |
| चीन | • चीन ने शंघाई में विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन के दौरान **वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (WAICO)** लॉन्च किया है, जिसके 29 संस्थापक सदस्य देश हैं और इसका मुख्यालय शंघाई, चीन में बनाया गया है।<br>• जियुकुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च–4B रॉकेट से **HY-2E(Haiyang-2E)** समुद्री निगरानी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया।<br>• प्रशांत महासागर में परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी से **JL-3 (जुलांग–3)** (पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल SLBM) का सफल परीक्षण किया।<br>• ओरियनस्पेस ने पूर्वी चीन सागर में समुद्र पर बने मोबाइल प्लेटफॉर्म से अपने **Gravity-1 रॉकेट** का सफल प्रक्षेपण किया।<br>• चीन ने **हीलियम** के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाया |
| रूस | • मॉस्को स्थित पुश्किन लाइब्रेरी में AI–संचालित ह्यूमनॉइड रोबोट Robert और Matilda के बीच दुनिया की पहली प्रतीकात्मक **Robot की शादी** आयोजित की गई। |
| जापान | • JAXA ने **RV-X** नामक अपने पहले पुनः प्रयोज्य रॉकेट का सफल परीक्षण किया।<br>• **टायफून बावी:** जापान और चीन में प्रभाव |
| स्पेनः | • मैड्रिड और एविला क्षेत्रों में जंगल की आग के कारण पहली बार **राष्ट्रीय आपातकाल** घोषित किया है। |
| अमेरिका | • **जबरन श्रम** का उपयोग से उत्पादित वस्तुओं के आयात को रोकने के लिए धारा 301 की जांच के तहत भारत और अन्य देशों से आयात पर 10% शुल्क लगाया। |
| वेनेजुएला | • **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय** से हटने की सूचना औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र को दी। |
| आयरलैंड | • **यूरोपीय यूनियन परिषद** की अध्यक्षता ग्रहण की। |

Springboard ACADEMY

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### विक्रम-1: भारत का पहला निजी ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल (मिशन आगमन)

- **लॉन्च व विकास:** 18 जुलाई 2026 को स्काईरूट एयरोस्पेस ने।
- **कक्षा:** लो-अर्थ ऑर्बिट (LEO) में।
- **लॉन्च स्थल:** सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC), श्रीहरिकोटा।
- **ईंधन:** तीन चरण ठोस (कलाम-1200, कलाम-250, कलाम-100) व चौथा चरण द्रव (4 रमन इंजन)
- 350 किलोग्राम तक पेलोड को LEO में स्थापित करने की क्षमता।
- **आकार:** लम्बाई-24 मीटर और व्यास 1.7 मीटर
- भारत का पहला पूर्ण कार्बन-कम्पोजिट ऑर्बिटल रॉकेट जो 100% 3D-प्रिंटेड लिक्विड इंजन आधारित Orbital adjustment Module से लेस है।
- **प्रमुख तकनीक:** Ultra-Low Shock Pneumatic Separation System, स्वदेशी प्रोपल्शन, एवियोनिक्स, टेलीमेट्री, नेविगेशन एवं फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम।
- **प्रमुख पेलोड:**
  1. **SCOPE:** स्काइरूट का प्रायोगिक उपग्रह
  2. **SOLARAS:** ग्राहा स्पेस का कॉम्पैक्ट उपग्रह
  3. **EMBRACE:** कॉस्मोसर्व स्पेस की रोबोटिक भुजा (यह अंतरिक्ष में मलबा हटाने की क्षमता का परीक्षण करेगा।)
  4. **UD3PP और MD3RN (Experimental Technology Demonstration Payloads):** जर्मन कंपनी DCUBED द्वारा विकसित।
- इसमें निम्न वस्तुएँ भेजी गई-
  - **कॉस्मिक ब्लूम**-बेंगलुरु की कॉसमॉस डायमंड्स द्वारा विकसित फूलों के आकार की हीरे की कलाकृति।
  - **सूक्ष्म कला/श्रद्धांजलि**-भारतीय वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और प्रोफेसर सतीश धवन को सम्मानित करने के लिए 18 कैरेट सोने से बना एक लघु रॉकेट। **(माइक्रो-आर्टिस्ट अजय कुमार मत्तेवाड़ा)**
  - **प्रधानमंत्री का पोस्टकार्ड**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हस्तलिखित 'वंदे मातरम' का पोस्टकार्ड
  - इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और यात्रियों के पोस्ट कार्ड
- USA और चीन के बाद निजी क्षेत्र में ऑर्बिटल लॉन्च करने वाला भारत **तीसरा देश** बना।
- स्काईरूट एयरोस्पेस को कौन-सा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था?-**नेशनल टेक्नोलॉजी स्टार्ट-अप अवॉर्ड 2022**
- **ट्रैक्सन की रिपोर्ट** के अनुसार, निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने कुल 150 मिलियन डॉलर की फंडिंग के साथ भारत के स्पेसटेक स्टार्टअप्स में सर्वाधिक धनराशि हासिल की है

### गगनयान मिशन

#### एकीकृत मुख्य पैराशूट एयरड्रॉप परीक्षण

- **आयोजक:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
- **परीक्षण स्थल:** एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (ADRDE) ड्रॉप जोन, श्योपुर (मध्य प्रदेश)
- **उद्देश्य:** गगनयान के प्रथम मानवरहित मिशन के लिए मुख्य पैराशूट प्रणाली का सत्यापन।

#### SOLVE का पहला ग्राउंड परीक्षण

- **आयोजक:** 3 जुलाई 2026 को ISRO
- **परीक्षण स्थल:** सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा।
- **SOLVE :** Sub-Orbital Launch Vehicle for Experiments
- यह एक ठोस ईंधन आधारित प्रायोगिक उप-कक्षीय प्रक्षेपण यान है, जिसे इसरो ने गगनयान मिशन के इंटीग्रेटेड पैराशूट टेस्ट (IPT) के लिए विकसित किया है।

Springboard ACADEMY

- **उद्देश्य:** वास्तविक उड़ान जैसी परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल की गति कम करने, पैराशूट प्रणाली के संचालन तथा सुरक्षित रिकवरी का परीक्षण करना है।

### LSST मिशन (Legacy Survey of Space and Time)

- **वेधशाला :** वेरा सी. रुबिन वेधशाला, चिली
- **उद्देश्य:** पूरे दक्षिणी आकाश की बार-बार तस्वीरें लेकर समय के साथ होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करना है।
- इसमें विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा (3.2 गीगापिक्सेल) है।
- **कार्य:** छोटे क्षुद्रग्रह धूमकेतुओं, ब्लैक होल, सुपरनोवा, किलोनोवा, दूरस्थ आकाशगंगाओं का मानचित्रण, डार्क मैटर और डार्क एनर्जी के रहस्यों को समझना, ब्रह्मांड के विस्तार की दर तथा उसके भविष्य का अध्ययन और गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग का विस्तृत विश्लेषण।
- **भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका:** IUCAA(Inter-University Centre for Astronomy and Astrophysics), पुणे तथा NCRA-TIFR (National Centre for Radio Astrophysics - Tata Institute of Fundamental Research) के वैज्ञानिक इस परियोजना में सक्रिय भागीदार हैं।

### *अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के मुख्य तथ्य*

- भारत ने वर्ष 2033 तक 44 अरब अमेरिकी डॉलर की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- जुलाई 2023-जून 2026 के मध्य भारत ने 12 सफल **प्रक्षेपण यान मिशन** संपन्न किए और 11 **भारतीय उपग्रह** तथा 9 **विदेशी ग्राहकों के उपग्रह** प्रक्षेपित किए।
- 31 मार्च 2026 तक **निजी निवेश** 618.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है **2026 में** 187 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निजी निवेश दर्ज।
- 14 जुलाई 2026 तक **105 गैर-सरकारी संस्थाओं (NGEs)** को IN-SPACe द्वारा प्राधिकरण जारी।
- 17 अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को अनुमति दी गई।
- भारतीय निजी कंपनियों ने 30 से अधिक उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित किए।
- IN-SPACe ने 45 से अधिक देशों के साथ सहयोग स्थापित किया है।
- PSLV Orbital Experimental Module (POEM) के माध्यम से लगभग 45 पेलोड प्रक्षेपित किए गए।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

### महेंद्रगिरि (F-38)

- भारतीय नौसेना में 11 जुलाई 2026 को विशाखापत्तनम में शामिल।
- यह प्रोजेक्ट 17A के तहत निर्मित छठी स्टील्थ फ्रिगेट है।
- **डिजाइन:** भारतीय नौसेना वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो
- **निर्माण:** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई।
- **नामकरण:** पूर्वी घाट की महेंद्रगिरि पर्वत के नाम पर। इस नाम का यह भारतीय नौसेना का पहला युद्धपोत है।
- **प्रमुख विशेषताएँ-**
  - 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री
  - अत्याधुनिक स्टील्थ डिजाइन
  - सीओडीओजी (Combined Diesel or Gas) प्रोपल्शन प्रणाली
  - उच्च गति एवं लंबी दूरी की क्षमता
  - उच्च स्तर का ऑटोमेशन
- **हथियार एवं सेंसर**
  - महेंद्रगिरि में सतह से सतह तथा सतह से हवा में मार करने वाली आधुनिक मिसाइल प्रणालियाँ लगी हैं।
  - यह उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर प्रणाली से लैस है,।
  - इसमें एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (ASW) प्रणाली है।
  - युद्ध संचालन को प्रभावी बनाने के लिए इसमें इंटीग्रेटेड कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम (ICMS) लगाया गया है।

### लंबी दूरी का निर्देशित रॉकेट (LRGR) पिनाका

- **परीक्षण:** DRDO ने 8 जुलाई, 2026 को चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से।
- रॉकेट के उड़ान परीक्षण का समन्वय एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टेब्लिशमेंट ने संयुक्त रूप से किया।
- इस रॉकेट का परीक्षण निर्धारित न्यूनतम 60 किलोमीटर की मारक क्षमता के लिए किया गया।
- **विकास और डिजाइन:** DRDO के आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान ने उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के साथ मिलकर

- ♦ **सहयोग:** रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला और अनुसंधान केंद्र इमारत
- इस परीक्षण में रॉकेट को भारतीय सेना में पहले से सेवा में मौजूद पिनाका प्रक्षेपक से दागा गया।

### 'बाज बटालियन'

- भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने युद्धक्षेत्र में खुफिया, निगरानी एवं टोही क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए 'बाज बटालियन' के गठन की घोषणा की है।
- यह भारतीय सेना की विशेष ड्रोन बटालियन है।
- यह सेना की मौजूदा रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट क्षमता का उन्नत स्वरूप है।

### ASW-SWC युद्धपोत मालवन

- भारतीय नौसेना में कारवार में 22 जुलाई, 2026 को शामिल किया।
- यह माहे श्रेणी के पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत (Anti-Submarine Warfare Shallow Water Craft) का दूसरा पोत है।
- **निर्माता:** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL), कोच्चि
- **स्वदेशी सामग्री:** 80% से अधिक
- **आदर्श वाक्य:** साइलेंट क्लोज
- **प्रतीक चिन्ह्:** शेर का पंजा (बाघनख)
- उथले जल क्षेत्रों में पनडुब्बी रोधी अभियान के लिए विशेष रूप से विकसित।
- यह उच्च गतिशीलता एवं सटीक परिचालन क्षमता के साथ लंबे समय तक समुद्र में तैनात रहने में सक्षम और बहु-भूमिका वाला युद्धपोत है।

### समुद्र प्रदक्षिणा

- भारत का पहला त्रि-सेवा सर्व-महिला विश्व परिक्रमा नौकायन अभियान 22 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
- इसमें तीनों सेनाओं की 9 महिला अधिकारियों ने भाग लिया।
- **प्रारंभ:** 11 सितंबर 2025
- 314 दिनों में लगभग 25,500 समुद्री मील की दूरी तय की।
- अभियान भारतीय सेना के नौकायन पोत (IASV) **'त्रिवेणी'** पर संचालित किया गया (50 फीट लंबा)

### कुशा (Kusha)

- **परीक्षण:** DRDO ने 23 जुलाई को एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से Long Range Surface-to-Air Missile (LR-SAM) का सफल परीक्षण किया।
- **परास:** 3 इंटरसेप्टर (150, 250, 350-400 कि.मी.)
- **लक्ष्य:** उच्च गति एवं उच्च ऊँचाई वाला इलेक्ट्रॉनिक हवाई
- **प्रमुख घटक:** मिसाइल, रडार, कमांड एवं कंट्रोल सेंटर (सभी स्वदेशी)
- यह **सुदर्शन चक्र** का हिस्सा है। यह भारत के S-400 की क्षमता को मजबूत करेगा।
- 'कुशा' लड़ाकू विमान, क्रूज मिसाइल, UAV (ड्रोन) तथा बड़े हवाई प्लेटफॉर्म जैसे AWACS विमानों को निशाना बनाने में सक्षम है।

## जैव प्रौद्योगिकी

### अविकली

- डेनमार्क की दवा निर्माता कंपनी **नोवो नॉर्डिस्क** ने भारत में लॉन्च किया।
- यह विश्व का प्रथम **साप्ताहिक बेसल इंसुलिन इंजेक्शन**
- यह इंसुलिन वयस्कों में टाइप 1 और टाइप 2 मधुमेह के इलाज के लिए है।
- इससे सालाना इंजेक्शन 365 से घटकर मात्र 52 रह जाते हैं।

### क्यूडेंगा/TAK-003

- यह भारत की पहली डेंगू वैक्सीन है।
- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने मंजूरी दी।
- यह टेट्रावलेंट वैक्सीन है
- **विकास:** जापानी कंपनी टाकेडा।
- यह 4 से 60 वर्ष की आयु के लोगों के लिए है
- डेंगू के चारों प्रकार (DENV-1, DENV-2, DENV-3 और DENV-4) से बचाती है।

## प्रमुख अभ्यास

### Exercise Pitch Black

- **आयोजक:** Royal Australian Air Force (RAAF)
- **स्थान:** 20 जुलाई-7 अगस्त, डार्विन, ऑस्ट्रेलिया
- **भारतीय विमान:** Rafale, C-17 Globemaster III, IL-78

## टाइगर लाइटनिंग 2026

- **भागीदार:** संयुक्त राज्य अमेरिका और बांग्लादेश
- **स्थान:** 19-31 जुलाई 2026 जलालाबाद छावनी, सिलहट (बांग्लादेश)
- **प्रतिभागी:** दोनों देशों के 160 से अधिक सैन्यकर्मी।

# विविध-गतिविधियाँ

## NIDAR 2-0 (National Innovation Challenge for Drone Application and Research)

- **शुभारंभ:** 13 जुलाई 2026 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ड्रोन फेडरेशन इंडिया के सहयोग से SwaYaan पहल के अंतर्गत
- यह एक राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगिता है।
- **उद्देश्य:** छात्रों एवं नवाचारकर्ताओं को स्वदेशी ड्रोन, ड्रोन कंपोनेंट्स एवं ऑटोनॉमस सिस्टम विकसित करने के लिए मंच प्रदान करना है।

## अति संवेदनशील अमोनिया सेंसर

- **विकास:** 14 जुलाई 2026 को सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (CeNS), बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने
- यह VOx/VS2 (वैनेडियम ऑक्साइड-वैनेडियम सल्फाइड) हेटरोस्ट्रक्चर पर आधारित है।
- यह कमरे के तापमान पर कार्य करते हुए 319 पार्ट्स प्रति बिलियन (ppb) तक की अत्यंत कम अमोनिया सांद्रता का पता लगा सकता है।

## भारत का पहला वेरिफाइड क्वांटम एडवांटेज

- बिट्स पिलानी (के.के. बिड़ला गोवा कैंपस) के वैज्ञानिकों ने IBM Quantum के सहयोग से भारत का पहला वेरिफाइड क्वांटम एडवांटेज प्राप्त किया।
- नए क्वांटम एल्गोरिदम ने जटिल फिजिक्स सिमुलेशन केवल 20 सेकंड में पूरा किया।
- यही कार्य सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर को लगभग 2 घंटे में पूरा करना पड़ता।
- IBM Quantum Processor पर 120 क्यूबिट्स का उपयोग।

## भारत का पहला मोबाइल स्मार्ट एल्गल लिक्विड ट्री 'सॉल्ट' (SALT)"

- **विकास:** CSIR-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (CSIR-CIMFR), धनबाद
- इससे शहरी वायु प्रदूषण से निपटने में मिलेगी बड़ी मदद।
- लिक्विड ट्री एक छोटा और मोबाइल एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम है ।
- **कार्य:** यह सूक्ष्म शैवाल की मदद से काम करता है। यह हवा से कार्बनडाइऑक्साइड सोखता है और ऑक्सीजन छोड़ता है।

## ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2

- भारतीय नौसेना 20-23 जुलाई, 2026 के दौरान कोच्चि (केरल) स्थित दक्षिणी नौसेना कमान में ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 नामक की मेजबानी करेगी।
- **आयोजन:** 20-23 जुलाई, दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि (केरल)
- **सहयोगी संगठन:** संयुक्त समुद्री बल
- यह चार दिवसीय बहुराष्ट्रीय समुद्री प्रशिक्षण अभ्यास है।

## उत्कृष्टता केंद्र

- राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) ने भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए अहमदाबाद और गुवाहाटी में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की है
- **अहमदाबाद केंद्र:** चांदखेड़ा में, Infineon Technologies के साथ समझौता।
- **गुवाहाटी केंद्र:** जागीरोड में, Tata Electronics के साथ साझेदारी।

## UNNATI AI 2.0

- **शुभारंभ:** माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और FITT, IIT दिल्ली।
- **उद्देश्य:** छोटे और मध्यम (टियर-2/3) शहरों के स्टार्टअप्स और रचनाकारों को आगे बढ़ाना।
- **फोकस क्षेत्र:** स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और पर्यावरण स्थिरता जैसे सामाजिक हित के क्षेत्र।

**पहले स्वदेशी एक्सपेंडेबल टर्बो जेट इंजन**

- **विकास :** GTRE (Gas Turbine Research Establishment), DRDO
- **उद्योग भागीदार:** आजाद इंजीनियरिंग, हैदराबाद
- यह 350 किलोग्राम थ्रस्ट क्लास Expendable Turbojet Engine है
- **उपयोग:** क्रूज मिसाइल एवं अन्य एकबार उपयोग वाले हवाई प्लेटफॉर्म

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **पुणे:** CSIR राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला, पुणे ने अपने नवनिर्मित, अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया है।
- **मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के **थाने क्रिक फ्लेमिंगो अभयारण्य में** भारत का **प्रथम AI-संचालित पक्षी अभयारण्य** और इको-नेचर पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है।
- **खावड़ा सोलर पार्क गुजरात:** डेलेक्ट्रिक सिस्टम्स भारत की **पहली 100 MWh वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी परियोजना** स्थापित करेगी। यह भारत की पहली गैर-लिथियम यूटिलिटी-स्केल एनर्जी स्टोरेज प्रणाली होगी जिसे पूरी तरह भारत में बनाया जाएगा।
- **साणंद, गुजरात:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **CG-SEM** कंपनी के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (OSAT) सुविधा का उद्घाटन किया।
- **पंजाब:** कक्षा 1 से 12 तक AI को मुख्य विषय के रूप में शामिल करने वाला भारत का पहला राज्य बना।
- **मनाल्लूर और पिल्लैपाइक्कम, तमिलनाडु:** सरकार ने 2 इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर को मंजूरी दी
- **शिवपुरी, मध्य प्रदेश:** अदानी डिफेंस ने निजी क्षेत्र की मिसाइल निर्माण सुविधा की आधारशिला रखी ।
- **'भाषिनी राजयम' पहल:** 'डिजिटल इंडिया भाषिनी प्रभाग (DIBD) और गोवा सरकार ने पणजी में शुरू की, इसका उद्देश्य कोंकणी सहित भारतीय भाषाओं में AI आधारित बहुभाषी डिजिटल शासन एवं मातृभाषा में सरकारी सेवाओं को बढ़ावा देना।
- **'BOHR' (Betavoltaic Orbital High-Reliability):** स्पेसएक्स ने Falcon 9 रॉकेट से Transporter-17 Rideshare Mission के तहत दुनिया का **पहला कमर्शियल न्यूक्लियर-पावर्ड सैटेलाइट** लॉन्च किया।
- **AI-संचालित 'PRAXIS मिशन':** NASA ने शनि, यूरेनस और नेपच्यून के छल्लों का अध्ययन करने और उनके कणों का नमूना लेने के लिए अनावरण किया है।
- भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के युद्धपोत INS उदयगिरि, INS शक्ति और INS कवरत्ती ने रियर एडमिरल आलोक आनंद के नेतृत्व में **सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डे** का तीन दिवसीय दौरा सफलतापूर्वक पूरा किया।
- INS **सुदर्शिनी:** भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत INS सुदर्शिनी 4 जुलाई 2026 को संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क बंदरगाह पहुँचा, जहाँ उसने International Naval Review 250 तथा Sail4th 250 समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- **सुपरमैसिव ब्लैक होल:** भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA) के वैज्ञानिकों सहित एक अंतरराष्ट्रीय शोध दल ने ई-मर्लिन रेडियो टेलीस्कोप के उपयोग से उच्च-रिज़ॉल्यूशन रेडियो अध्ययन के माध्यम से निकटवर्ती आकाशगंगाओं में कम सक्रिय सुपरमैसिव ब्लैक होल की व्यापक उपस्थिति का पता लगाया है।
- **नैनोफ्लुइड इलेक्ट्रोलाइट:** सास्त्रा डीम्ड विश्वविद्यालय, तंजावुर के वैज्ञानिकों ने विद्युत रूप से रिचार्ज होने वाली जिंक-एयर बैटरी के लिए विकसित किया है। इस तकनीक को भारतीय पेटेंट (IN570691) भी प्राप्त हुआ।
- **बोरोफेन (2D नैनो मैटेरियल):** IASST, गुवाहाटी के वैज्ञानिकों ने पहली बार बोरोफेन को जैव-स्नेहक योजक के रूप में उपयोग किया। इसमें आधार स्नेहक के रूप में अरंडी के तेल का प्रयोग किया गया।
- **पैरट बोर्नावायरस 4 (PaBv4):** भारतीय पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों (असम पशु चिकित्सा और मत्स्य विश्वविद्यालय के नेतृत्व में) ने असम, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में संरक्षण के लिए रखे गए विदेशी तोतों और पक्षियों की जांच की। जिसमें 53% से अधिक पक्षी इस जानलेवा वायरस से संक्रमित पाए गए। यह एक खतरनाक RNA वायरस है।
- **स्पिरुलिना:** प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (TDB) ने IIT

गुवाहाटी द्वारा विकसित स्पिरुलिना आधारित स्वदेशी C-फाइकोसायनिन उत्पादन तकनीक के व्यावसायीकरण हेतु KN Biosciences को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

- **'चुंबकीय वृक्ष' अवधारणा:** आर्यभट्ट अनुसंधान संस्थान (ARIES) के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में सूर्य के ऊपरी वायुमंडल में मेरिडियनल प्रवाह का पहली बार स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत किया है। इस अध्ययन ने 'चुंबकीय वृक्ष' अवधारणा को मजबूत वैज्ञानिक आधार प्रदान किया है, जिससे अंतरिक्ष मौसम और सौर चक्र को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिलेगी।
- **कोवेलेंट ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क आधारित अल्ट्रा-फास्ट कार्बनिक एनोड:** भारतीय विज्ञान संवर्धन संघ एवं एस. एन. बोस राष्ट्रीय बुनियादी विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है, इससे लिथियम-आयन बैटरियाँ लगभग 1 मिनट में 80% तक चार्ज हो सकती हैं तथा यह तकनीक सोडियम-आयन बैटरियों के लिए भी उपयुक्त है।
- **ब्लू स्ट्रैगलर तारे:** भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA) के वैज्ञानिकों ने Collinder 261 नाम के तारा समूह TIC 327546480 द्विआधारी तारा तंत्र में सक्रिय द्रव्यमान स्थानांतरण का पहला प्रत्यक्ष प्रमाण खोजकर के निर्माण की प्रक्रिया का रहस्य उजागर किया।'
- भारत सरकार के IndiaAI Mission के "Safe - Trusted AI" स्तंभ के अंतर्गत 13 Responsible AI परियोजनाएँ, 58 AI उत्कृष्टता केंद्र, 27 Data एवं AI Labs तथा 20 स्वदेशी AI मॉडल विकसित किए गए है।
- यूक्रेन में ओडेसा तट के पास काला सागर में **MV गोल्डनलियो** व्यापारिक पोत पर रूसी हमले से 4 भारतीय मारे गए
- **एलोग्राफा जीनस के लाइकेन बनाने वाले कवकों की पाँच नई प्रजातियाँ:**
  - **खोज:** MACS-अगरकर अनुसंधान संस्थान, पुणे के वैज्ञानिकों ने **पश्चिमी घाट** से
  - **पाँच प्रजातियाँ:** एलोग्राफा केरलेंसिस, एलोग्राफा नायके, एलोग्राफा पैराकॉन्सैंगुइनिया, एलोग्राफा पर्सिस्टिनस्पर्सा और एलोग्राफा सेमीकार्बोनिसटा।
- **लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम:**
  - **विकास:** IIT मंडी के शोधकर्ताओं (प्रो. डेरिक्स पी शुक्ला, अंकित सिंह, नितेश धीमान) ने।
  - भारतीय हिमालयी क्षेत्र के लिए एक पूर्णत: कार्यात्मक और वेब-आधारित सिस्टम है। यह मानसून के प्रतिदिन सटीक पूर्वानुमान जारी करता है।
  - स्थानीय स्तर तक सीमित अन्य प्रणालियों के विपरीत, यह **पूरे भारतीय हिमालयी क्षेत्र** को कवर करने वाला **देश का सबसे बड़ा पूर्वानुमान सिस्टम** है।
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के पहले इंजीनियरिंग जीव विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम की घोषणा की। साथ ही '2035 तक भारत को वैश्विक जैव-अर्थव्यवस्था का अग्रणी देश बनाने' का रोडमैप भी जारी किया।
- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शिलांग स्थित उत्तर पूर्व प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग एवं पहुंच केंद्र (NECTAR) में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों की समीक्षा की तथा अत्याधुनिक भू-सूचना विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।
- पिछले पाँच वर्षों में इंस्पायर (INSPIRE) कार्यक्रम के तहत 3.75 लाख से अधिक छात्रों और शोधकर्ताओं को लाभ मिला

# 05 खेल–समसामयिकी

## क्रिकेट

### ICC महिला T-20 विश्व कप

- **फाइनल :** लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, लंदन (इंग्लैंड)
- **विजेता:** ऑस्ट्रेलिया (सर्वाधिक 7वीं बार) 7 विकेट से जीता।
- **उप–विजेता:** इंग्लैंड
- **विशेष उपलब्धि:** यह T-20 विश्व कप फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है।
- **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट:** बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया) 238 रन
- **सर्वाधिक रन:** डैनी व्याट-हॉज (इंग्लैंड)-302 रन
  - ICC महिला T-20 विश्व कप के एकल संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने का नया रिकॉर्ड।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम

- इंग्लैंड को 270 रन से पराजित कर लॉर्ड्स में टेस्ट मैच जीतने वाली प्रथम महिला टीम बनी।
- **आयोजन:** लॉर्डस, यूनाइटेड किंगडम (UK)
- **भारतीय कप्तान:** हरमनप्रीत कौर
- **लॉर्ड्स में प्रथम शतक**– यास्तिका भाटिया (113 रन)
- **लॉर्ड्स में प्रथम 5 विकेट :** भारतीय पदार्पणकर्ता तेज गेंदबाज **क्रांति गौड़**।

### भारत–जिम्बाब्वे टी20 अंतरराष्ट्रीय (T20I) शृंखला

- **शृंखला परिणाम:** भारत ने जिम्बाब्वे को 3–0 से हराया।
- **आयोजन स्थल:** हरारे, जिम्बाब्वे
- भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए ICC पुरुष T20I रैंकिंग में पुनः विश्व नंबर-1स्थान प्राप्त किया।

## फुटबॉल

### फीफा विश्व कप 2026

- **आयोजन:** संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा व मैक्सिको
- **विजेता:** (स्पेन दूसरा फीफा पुरुष विश्व कप खिताब)
  - ♦ अतिरिक्त समय (एक्स्ट्रा टाइम) में 1–0 से हराया।
  - ♦ **विजयी गोल:** फेरान टोरेस
  - ♦ स्पेन **'पुरुष और महिला फीफा विश्व कप'** दोनों खिताब एक साथ अपने नाम करने वाला **'प्रथम देश'** बन गया।
- **उपविजेता:** अर्जेंटीना (गत चैंपियन)
- **टूर्नामेंट पुरस्कार**
  - ♦ **गोल्डन बॉल (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी):** रोड्री (स्पेन)
  - ♦ **गोल्डन ग्लव (सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर):** उनाई सिमोन (स्पेन)
  - ♦ **यंग प्लेयर पुरस्कार:** पाउ कुबार्सी (स्पेन)
  - ♦ **गोल्डन बूट (सर्वाधिक गोल):** किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस)
- **रिकॉर्ड :** किलियन एम्बाप्पे फीफा विश्व कप के इतिहास में एक से अधिक विश्व कप में गोल्डन बूट जीतने वाले पहले खिलाड़ी'' बन गए।

## निशानेबाजी

### शॉटगन विश्व कप 2026

- **महिला ट्रैप स्पर्धा**
- **आयोजन:** लोनाटो, इटली
- **स्वर्ण:** नीरू ढांडा (भारत)
  - ♦ नीरू ढांडा ISSF विश्व कप में व्यक्तिगत **स्वर्ण पदक** जीतने वाली **प्रथम भारतीय महिला ट्रैप निशानेबाज** बनीं तथा वर्तमान में भारतीय थल सेना में नायब सूबेदार के पद पर तैनात है।
- **रजत:** कैरोल कॉर्मेनियर (फ्रांस)

## कुश्ती

### अंडर–20 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

- **आयोजन :** पटाया, थाईलैंड
- **भारत का प्रदर्शन:** कुल पदक–20
  - ♦ स्वर्ण: 4 ♦रजत: 7 ♦ कांस्य: 9
- **स्वर्ण : महिला वर्ग**– परवीन (50 Kg), मुस्कान (53 Kg), काजल (76 Kg),

Springboard Academy

**पुरुष फ्रीस्टाइल**– सुमित कुमार लक्ष्मण भरास्कर (70 Kg)

- **टीम प्रदर्शन:**
  - महिला टीम: 2nd स्थान — 1. चीन
  - पुरुष फ्रीस्टाइल टीम: 3rd स्थान — 1. कजाकिस्तान 2. ईरान

## अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026

- **स्थान:** बाकू, अजरबैजान
- भारत के पदक विजेता

| पदक | पहलवान | श्रेणी | परिणाम |
|---|---|---|---|
| रजत | निकिता सेहरावत | महिला 57 किग्रा | फाइनल में अमेरिका की एपेनेसा एलिसन से 0–6 से हार। |
| कांस्य | कामना बाबल | महिला 49 किग्रा | रूस की इरिना त्सिदेएवा को'3–2 से हराया। |
| कांस्य | गरिमा | महिला 73 किग्रा | स्पेन की पाउला बेनाइक्सा पेरेज को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। |

## बुडापेस्ट रेसलिंग रैंकिंग सीरीज 2026

- **स्थान:** बुडापेस्ट, हंगरी
- **टूर्नामेंट:** पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस एवं कोज्मा इस्तवान मेमोरियल (UWW रैंकिंग सीरीज)
- **भारत का प्रदर्शन:** कुल पदक-12
  - स्वर्ण: 3 ♦ रजत: 4 ♦ कांस्य: 5
- **स्वर्ण पदक विजेता**

| पहलवान | इवेंट कैटेगरी | प्रतिद्वंद्वी |
|---|---|---|
| अमन सहरावत (57 किग्रा ) | पुरुषों फ्रीस्टाइल | रॉबर्ट डिंगाशविली (जॉर्जिया) |
| नेहा सांगवान (59 किग्रा) | महिला फ्रीस्टाइल | अबीगैल नेटे (यूएसए) |
| काजल धोचक (76 किग्रा ) | महिला फ्रीस्टाइल | डाइमंड गिलफोर्ड (यूएसए) |

# *तीरंदाजी*

## विश्व तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-4

- **आयोजन :** मैड्रिड, स्पेन
- **भारतीय टीम:** ज्योति सुरेखा वेन्नम, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तनीपार्थी

| पदक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| स्वर्ण | कोलम्बिया | 232 |
| रजत | भारत | 228 |

- **मुख्य तथ्य**
  - भारत ने इससे पूर्व विश्व तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-1 (प्यूब्ला, मेक्सिको) में महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में **स्वर्ण पदक** जीता था।
  - **व्यक्तिगत स्पर्धा:** भारत की किशोर तीरंदाज **पृथिका प्रदीप** ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में **कांस्य पदक** जीता।

## हुंडई विश्व पैरा तीरंदाजी श्रृंखला 2026 (स्टेज-2)

- **आयोजन:** नोवे मेस्तो नाद मेटुयी, चेकिया (29 जून-4 जुलाई 2026)'
- **भारत का प्रदर्शन:** कुल पदक-10
  स्वर्ण: 5 रजत: 3 कांस्य: 2
- **स्वर्ण पदक विजेता**

| एथलीट का नाम | इवेंट कैटेगरी |
|---|---|
| भावना (व्यक्तिगत) | रिकर्व महिला के लिए |
| भावना और पूजा (डबल्स टीम) | पैरा रिकर्व महिला डबल्स |
| भावना और हरविंदर सिंह (मिक्स्ड टीम) | पैरा रिकर्व मिक्स्ड टीम |
| हरविंदर सिंह और विजय सुंडी (डबल्स टीम) | पैरा रिकर्व पुरुष डबल्स |
| शीतल देवी और श्याम सुंदर स्वामी (मिक्स्ड टीम) | पैरा कंपाउंड मिक्स्ड टीम |

- **मुख्य तथ्य**
  - **टोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी ने** पैरा कंपाउंड पुरुष डबल्स इवेंट में फांस को 150-148 से पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया।
  - श्याम सुंदर स्वामी बीकानेर, राजस्थान के रहने वाले है।

- 2026 पैरा तीरंदाजी कैलेंडर में ऐची-नागोया एशियाई पैरा खेलों से पहले कई चरण निर्धारित किए गए हैं।
  - **स्टेज-1:** बैंकॉक, थाईलैंड (30 मार्च-4 अप्रैल 2026)
  - **स्टेज-2:** नोवे मेस्तो नाद मेटुयी, चेकिया (29 जून-4 जुलाई 2026)'
  - **स्टेज-3: अहमदाबाद, भारत (5-9 सितंबर 2026)**
  - स्टेज-4: सैंटियागो, चिली (14-18 अक्टूबर 2026)

## टेनिस

### विम्बलडन चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन :** ऑल इंग्लैंड क्लब, लंदन, यूनाइटेड किंगडम

| श्रेणी | विजेता | उप–विजेता |
|---|---|---|
| पुरुष | यानिक सिनर (इटली) | अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी) |
| महिला | लिंडा नोस्कोवा (चेक गणराज्य) | कैरोलिना मुचोवा (चेक गणराज्य) |
| पुरुष युगल | हैरी हेलियोवारा (फिनलैंड) और हेनरी पैटन (ब्रिटेन) | मार्सेलो अरेवालो (अल साल्वाडोर) और माटे पाविक (क्रोएशिया) |
| महिला युगल | गुओ हान्यू (चीन) एवं क्रिस्टिना म्लादेनोविच (फ्रांस) | गैब्रिएला डाब्रोव्स्की (कनाडा) एवं लुइसा स्टेफानी (ब्राजील) |

## बैडमिंटन

### जापान ओपन 2026 (BWF सुपर 750)

- **स्थान:** टोक्यो मेट्रोपॉलिटन जिम्नेजियम, टोक्यो, जापान
- **चैंपियन:** पी. वी. सिंधु (जापान ओपन का खिताब जीतने वाली प्रथम भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं।)
- **उपविजेता:** अकाने यामागुची (जापान)
- **फाइनल स्कोर:** 21–17, 21–17

## एथलेटिक्स

### 65वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप (2026)

- **स्थान:** कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर।
- **स्पर्धा:** महिला भाला फेंक
- **स्वर्ण :** अन्नू रानी (उत्तर प्रदेश) 56.74 मीटर
- **रजत : उमा चौधरी (राजस्थान)** 53.06 मीटर

## साइकिलिंग

### 113वाँ टूर डी फ्रांस 2026

- **आयोजन:** 4 जुलाई–26 जुलाई 2026 बार्सिलोना (स्पेन) से पेरिस (फ्रांस)
- **कुल चरण:** 21
- **कुल दूरी:** 3,289.3 किमी
- टूर डी फ्रांस विश्व की सबसे प्रतिष्ठित साइकिल रेस है।
- **तादेज पोगाचार (स्लोवेनिया): येलो जर्सी** बरकरार रखते हुए **स्टेज–17** के बाद भी समग्र बढ़त (Overall Lead) बनाए रखी।
- **जैस्पर फिलिप्सेन (बेल्जियम):** स्टेज–17 (शांबेरी से वॉयरों) में **टूर डी फ्रांस 2026** में अपनी पहली स्टेज जीत हासिल की।

## मुक्केबाजी

### एशियाई अंडर–19 एवं अंडर–23 महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026

- **मेजबान शहर:** जकार्ता, इंडोनेशिया
- **भारत का प्रदर्शन:** कुल पदक–18
  - स्वर्ण – 3 ♦ रजत – 10 ♦ कांस्य – 5
- **स्वर्ण पदक**
  - **अंडर–23 वर्ग: निशा** (महिला बैंटमवेट 54 किग्रा)
    फाइनल: जापान की कोरिन कोकुफू से
  - **अंडर–19 वर्ग**
    - **चंद्रिका भोरेशी पुजारी** (लाइट फ्लाइवेट 51 किग्रा)
      फाइनल : उज्बेकिस्तान की नाजोकत मार्दोनोवा
    - **प्राची प्राची** (फेदरवेट 57 किग्रा)
      फाइनल: इंडोनेशिया की दीरा आर्टिका से

### एशियाई अंडर–19 एवं अंडर–23 पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026

- **मेजबान शहर: जकार्ता, इंडोनेशिया**
- **स्वर्ण (अंडर–23)**

| एथलीट का नाम | वजन श्रेणी | प्रतिद्वंद्वी (देश) |
|---|---|---|
| विश्वनाथ सुरेश | 50 किग्रा | दाइची इवई (जापान) |
| गंगा | 55 किग्रा | बेक्सुलेटन बोरानबेक (कजाकिस्तान) |

- **रजत (अंडर–19)**

| एथलीट का नाम | वजन श्रेणी | प्रतिद्वंद्वी (देश) |
|---|---|---|
| आदित्य | 55 किग्रा | एलीओर रुस्तमोव (उज्बेकिस्तान) |
| शुभम राजपूत | 90 किग्रा | असदबेक सुल्तानबोव (उज्बेकिस्तान) |

## स्क्वैश

### विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2026:

- **आयोजन स्थल:** नियाग्रा-ऑन-द-लेक, कनाडा
- **तिथि:** 20 जुलाई से 25 जुलाई, 2026
- **विजेता:** अनाहत सिंह (भारत)
- **उप-विजेता:** रुकय्या सालेम (मिस्र)
- **फाइनल स्कोर:** 11-3, 11-7, 11-9
- **उपलब्धि:** विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रथम भारतीय खिलाड़ी बनीं।

## हॉकी

### FIH यूथ हॉकी5s एशियाई चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन स्थल:** मस्कट, ओमान
- **श्रेणी:** सब-जूनियर (अंडर-16) पुरुष एवं महिला
- **महत्त्व:** उद्घाटन FIH हॉकी 5s विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता।
- **पुरुष फाइनल:** भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से हराया।
- **महिला फाइनल:** चीन ने भारत को 4-2 से हराया।

## शूटिंग

### ISSF विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) 2026

- **स्थान:** हांगझोउ, चीन
- **तिथि:** 20-29 जुलाई 2026
- हांगझोउ में आयोजित यह प्रथम (उद्घाटन) संस्करण था, जो 2026 ISSF विश्व कप सीजन का हिस्सा है।
- **महिला व्यक्तिगत परिणाम**
  - **25 मीटर पिस्टल:**
    - **स्वर्ण: ईशा सिंह (भारत)**
    - रजत: झांग यूएयूए (चीन)
    - कांस्य: मनु भाकर (भारत)
  - **10 मीटर एयर पिस्टल:**
    - स्वर्ण: याओ चियानशुन (चीन)
    - **रजत: संयम विज (भारत)**
    - कांस्य: हानियेह रोस्तामियान (ईरान)
  - **10 मीटर एयर राइफल:**
    - स्वर्ण: डू यूचेन (चीन)
  - **50 मीटर राइफल 3 पोजीशन:**
    - स्वर्ण: सियोनैड मैकिन्टॉश (यूनाइटेड किंगडम)
- **10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम**
  - **भारत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता:** सोनम मस्कर एवं हिमांशु ढिल्लों
  - **स्कोर:** 441.2 अंक
  - **स्वर्ण पदक:** वांग जिफेई एवं शेंग लिहाओ (चीन)
- **पुरुष व्यक्तिगत परिणाम**
  - **10 मीटर एयर राइफल:**
    - स्वर्ण:" शेंग लिहाओ (चीन)-253.9 अंक
  - **10 मीटर एयर पिस्टल:**
    - स्वर्ण: बु शुआइहांग (चीन)-244.4 अंक
  - **50 मीटर राइफल 3 पोजीशन:**
    - स्वर्ण: झांग चांगहोंग (चीन)- 363.0 अंक (विश्व रिकॉर्ड)

## राजस्थान विशेष

### विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट (WSPS) विश्व कप 2026

- **स्थान:** नोवी साद, सर्बिया
- **राजस्थान के पैरा निशानेबाज:** राहुल शर्मा
- **स्पर्धा:** P5 - 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड ओपन SH1
- **पदक:** स्वर्ण
- **स्कोर:** 362-7X (नया विश्व रिकॉर्ड)
- **कोच:** सचिन सिंह शेखावत

### प्रथम एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता 2026

- **आयोजक:** आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (AAI) एवं राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन (RAA)
- **स्थान:** जगतपुरा आर्चरी रेंज, जयपुर, राजस्थान
- राजस्थान ने सब-जूनियर वर्ग में 3 पदक जीते (1 रजत एवं 2 कांस्य)

Springboard ACADEMY

- **सब–जूनियर रिकर्व बालक वर्ग**
  - स्वर्ण: अभ्युदय अमोल पाखले (महाराष्ट्र)
  - रजत: अथर्व शर्मा (राजस्थान)
- **सब–जूनियर रिकर्व बालिका वर्ग**
  - स्वर्ण: खुशी कुमारी (झारखंड)
  - रजत: कोंडापावलुरी युक्ता श्री (आंध्र प्रदेश)
  - कांस्य: धृति शर्मा (राजस्थान)
- **सब–जूनियर कंपाउंड बालक वर्ग**
  - स्वर्ण: श्रेयश सतीश मुंडे (महाराष्ट्र)
  - रजत: लवप्रीत सिंह (हरियाणा)
  - कांस्य: आर्यन पारीक (राजस्थान)
- **अन्य इवेंट्स में स्वर्ण मेडलिस्ट**

| | |
|---|---|
| जूनियर कंपाउंड पुरुष | लवप्रीत सिंह (हरियाणा) |
| जूनियर कंपाउंड महिला | पृथिका प्रदीप (महाराष्ट्र) |
| जूनियर रिकर्व महिला | शर्वरी सोमनाथ शेंडे (महाराष्ट्र) |
| जूनियर रिकर्व पुरुष | शिवम संजय खंडारे (महाराष्ट्र) |

## राजस्थान राज्य रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट

- **स्थान:** सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर।
- **आयोजक:** राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन (RBA)।
- जयपुर छह स्वर्ण पदकों के साथ सबसे सफल जिला रहा।
- **श्रेणीवार विजेता–**

| कैटेगरी | विजेता खिलाड़ी/जोड़ी |
|---|---|
| पुरुष सिंगल्स | शुभम पटेल (अलवर) |
| महिला सिंगल्स | स्नेहा लांबा (जयपुर) |
| पुरुष डबल्स | शुभम पटेल और डेनिस श्रीवास्तव (अलवर और जयपुर) |
| महिला डबल्स | आराध्या जोधा और देशना जैन (जयपुर) |
| मिक्स्ड डबल्स | मुरली शर्मा और सरिल चौधरी (जयपुर और टोंक) |
| U-19 बॉयज सिंगल्स | विशाल चौधरी (जयपुर) |
| U-19 गर्ल्स सिंगल्स | स्नेहा लांबा (जयपुर) |
| U-19 बॉयज डबल्स | भानु प्रताप सिंह और जयवर्धन सिंह (जयपुर) |
| U-19 गर्ल्स डबल्स | काव्या स्वामी और सरिल चौधरी (बीकानेर और टोंक) |

## दिव्यांशी जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश में इतिहास रचा

- **निवास:** जयपुर, राजस्थान (राजस्थान स्क्वैश अकादमी, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में प्रशिक्षणरत)।
- **अकादमी निदेशक/कोच: सुरभि मिश्रा** (वर्तमान में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम की कोच नियुक्त।)

1. **हैम्बर्ग, जर्मनी में यूरोपियन जूनियर ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट 2026** में बालिका अंडर–13 में स्वर्ण पदक जीता।
   - **(पराजित :** मिस्र की तालिया इस्लाम)
2. एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स ने **डच जूनियर ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट 2026** में स्वर्ण पदक जीता।

## द्वितीय राजस्थान राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2026

- **आयोजन:** 22–26 जुलाई, प्रो स्टार टेबल टेनिस अकादमी, निर्माण नगर, जयपुर।
- **आयोजक:** जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ (JDTTA)।

| श्रेणी / कार्यक्रम | विजेता |
|---|---|
| पुरुष एकल | यथार्थ बर्थुनिया (कोटा) |
| महिला एकल | समृद्धि व्यास (जयपुर) |
| अंडर–19 बालक एकल | नैतिकवीर यादव (जयपुर) |
| अंडर–19 बालिका एकल | समृद्धि व्यास (जयपुर) |
| अंडर–15 बालक एकल | उदयवीर सिंह (बीकानेर) |
| अंडर–15 बालिका एकल | आरना साहनी (जयपुर) |
| अंडर–13 बालक एकल | आरव साहनी (जयपुर) |
| अंडर–13 बालिका एकल | आरना साहनी (जयपुर) |
| अंडर–11 बालक एकल | तरुष शर्मा (जयपुर) |
| अंडर–11 बालिका एकल | कियारा आचार्य (बीकानेर) |
| पुरुष युगल | मोहित वर्मा एवं विवेक भार्गव (जयपुर) |
| महिला युगल | समृद्धि व्यास एवं डी.पी. शर्मा (जयपुर) |
| मिश्रित युगल | प्रियंश भाटी एवं यश शृंखला (बीकानेर) |

## *वन लाइनर*

- **मुख्यमंत्री युवा सुयोग:** प्रदेश के युवाओं को खेल, कौशल विकास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए **पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बगरू विधानसभा क्षेत्र और बारां जिले से** इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई है।
- **महेंद्रपाल सिंह (परो–बाड़मेर), वरणजोत सिंह, मनीष थाकण एवं यशपाल सिंह:** चीन में आयोजित होने वाली

19वीं एशियाई पुरुष जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान के चार खिलाड़ियों का चयन।

- **अशोक शर्मा:** भारत और जिम्बाब्वे के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए टी-20 मुकाबले के साथ जयपुर के युवा तेज गेंदबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना डेब्यू किया है।
- राजस्थान की **दिया चौधरी** एवं **तन्वी दाधीच** का 30 जुलाई से 4 अगस्त तक जॉर्जिया में आयोजित होने वाली बाटुमी ओपन इंटरनेशनल वुशू चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।
- **अनामिका कंवर:** जयपुर निवासी ने नीदरलैंड्स में होने वाले **एफआईएच वर्ल्ड पैरा हॉकी चैंपियनशिप** के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।
- **संयोगिता शेखावत:** जयपुर की निशानेबाज का इटली में आयोजित होने वाले **ISSF जूनियर विश्व कप 2026** के स्कीट (Skeet) स्पर्धा के लिए भारतीय टीम में चयन किया गया है।
- **क्षितिजा शर्मा** (राजस्थान): **भारतीय अंडर-19 कॉर्फबॉल टीम** में चयन हुआ। वे बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाली **IKF अंडर-19 एशिया कॉर्फबॉल-4 चैंपियनशिप** में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- **तुलिप ओझा एवं दिव्या राजावत:** राजस्थान राज्य खेल परिषद की खिलाड़ियों ने हैदराबाद में आयोजित **11वीं अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता** की ताइक्वांडो स्पर्धा में रजत पदक जीते।
- **खूबी शर्मा :** जयपुर की खूबी शर्मा ने 21,000 फीट ऊंचे रुद्रगेरा और जोगिन पीक (भारत के उत्तराखंड राज्य के गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित ) पर तिरंगा फहराया है.
- जयपुर के जगतपुरा स्थित दी कुलिश स्कूल ने राजस्थान कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में 35 पदक (5 स्वर्ण, 8 रजत और 22 कांस्य) जीतकर फ्रेशर्स वर्ग की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की है.
- **वान्या बोहरा और शिवाय डोबवार:** एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी-2026 के लिए जयपुर के स्कैटर्स का भारतीय टीम में चयन हुआ।
- **तनिषा पारिक, हर्ष, अनिमेष, जतन पहाड़िया और मनीष सिंह:** पुणे में आयोजित होने वाली **पांचवीं इंडिया ताइक्वांडो सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप** के लिए SMS ताइक्वांडो अकादमी के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ।
- **राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2026 का आयोजन:** 25-28 अक्टूबर 2026 को जयपुर में।
- जयपुर के चौगान स्टेडियम में आयोजित 6वीं राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने मेजबान राजस्थान को 9 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया
- **ARENA 2026 (डॉक्टर्स स्पोर्ट्स प्रतियोगिता) का आयोजन:** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS), जयपुर में। यह चिकित्सा पेशेवरों के लिए आयोजित पहली व्यापक खेल प्रतियोगिता थी।
- **छीतर मल बालाई:** नीम का थाना (सीकर) निवासी ने 64 वर्ष की आयु में **24वीं राजस्थान राज्य राइफल-पिस्टल चैंपियनशिप** के 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

### भारतीय पोलो दिवस एवं जयपुर ट्रॉफी 2026

- **आयोजन:** गार्ड्स पोलो क्लब, लंदन, यूनाइटेड किंगडम।
- **इवेंट पार्टनर:** गल्फस्ट्रीम।
- **अवसर:** भारतीय पोलो दिवस।
- **जयपुर ट्रॉफी 2026**
  - विजेता टीम: जयपुर पोलो। (स्कोर: 7-6)
  - उपविजेता टीम: गार्ड्स पोलो क्लब।
  - महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह (जयपुर) भी टीम के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में शामिल रहे।

## शासन एवं सरकारी पहल

### प्रथम वंदे मातरम् शिविर 2026

- **आयोजक:** मेरा युवा भारत (MY Bharat), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय।
- **स्थान:** ब्रेनवेयर विश्वविद्यालय, बारासात, पश्चिम बंगाल।
- **उद्देश्य:** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजन।
- **प्रतिभागी:** 150 युवा प्रतिनिधि।
- **प्रतिनिधित्व करने वाले 6 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश:**
  - गुजरात
  - मेघालय
  - उत्तराखंड
  - उत्तर प्रदेश
  - तमिलनाडु
  - अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह

### विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान

- **प्रारम्भः** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मेरा युवा भारत (MY Bharat) के माध्यम से।
- **उद्देश्यः** युवाओं को नशा मुक्त भारत के प्रचार-प्रसार में सहभागी बनाना तथा विकसित भारत @2047 के लक्ष्य में योगदान देना।
- **लक्षित आयु वर्गः** 15-29 वर्ष।
- **त्रिस्तरीय प्रारूपः** ♦ जिला स्तर ♦ राज्य स्तर ♦ राष्ट्रीय स्तर
- **प्रतियोगिता की श्रेणियाँ**
  - ♦ नृत्य
  - ♦ संगीत
  - ♦ नुक्कड़ नाटक
  - ♦ स्लैम पोएट्री
  - ♦ रील एवं लघु फिल्म

## चर्चित व्यक्तित्व/खिलाड़ी

### वैभव सूर्यवंशी

- सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले खिलाड़ी बने (15 वर्ष 99 दिन)
- **राज्यः** समस्तीपुर, बिहार
- **पदार्पण मैचः** भारत बनाम इंग्लैंड, दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय
- **स्थानः** ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर
- **पूर्व रिकॉर्डः** सचिन तेंदुलकर (16 वर्ष 205 दिन)1989 में पाकिस्तान के खिलाफ

| चर्चित व्यक्ति / खिलाड़ी उपलब्धियाँ | |
|---|---|
| प्रतिती बोरदोलोई | • मोंटेसिल्वानो, इटली में आयोजित **FIDE विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप 2026 में** बालिका अंडर–18 **श्रेणी में रजत पदक** (8/11 अंक) **जीता। (स्वर्णः** वैलेरिया क्लेयमेनोवा, रूस) |
| विश्वनाथन आनंद | • पाँच बार के विश्व शतरंज चैंपियन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) के अंतरिम अध्यक्ष का कार्यभार संभाला है। **नियमित FIDE अध्यक्षः** अर्कादी द्वोर्कोविच (रूस) |
| कोकिला | • **IBSA जूडो ग्रां प्री साओ पाउलो 2026 में भारतीय पैरा–जूडो खिलाड़ी ने** महिला J2–52 किग्रा **वर्ग में** कांस्य पदक जीता। (**पराजितः** जियोवाना रोड्रिग्स, ब्राजील) |

# 06 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

- ***"द वॉइस ऑफ जस्टिसः जस्टिस गवई स्पीक्स"***
  - ♦ **लेखकः** प्रोफेसर (डॉ.) एस. शिवकुमार
- ***"RSS@100: अ सेंचुरी ऑफ सर्विस, यूनिटी एंड सैक्रिफाइस"***
  - ♦ **लेखकः** श्री श्याम जाजू और श्री अनुपम त्रिवेदी
- ***सेल नंबर 14***
  - ♦ यह किताब ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की जेल डायरी और उनकी आत्मकथा है।
- ***नानिरुवुदे निमागागी नादिरुवुडे नानागागीः कन्नड़ सिनेमादा थाथवा मत्थु राजाकीया***
  - ♦ **लेखकः** केंचनुरू प्रदीप कुमार शेट्टी
  - ♦ **भाषाः** कन्नड़
  - ♦ 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2024 में सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के रूप में सम्मानित किया गया

# 07 महत्त्वपूर्ण–दिवस

| दिन | दिवस | 2026 की आधिकारिक थीम |
|---|---|---|
| 1 जुलाई | राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस | |
| | राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस | • **विषय**–'मुखौटे के पीछेः चिकित्सकों का इलाज कौन करता है?' |
| 3 जुलाई | अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस | |
| 4 जुलाई | अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस | • **विषय**–'एक शांतिपूर्ण दुनिया के लिए सहकारिता' **प्रतिवर्षः जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है** |
| 6 जुलाई | विश्व जूनोसिस दिवस | • **विषय**– एक विश्व एक स्वास्थ्यः जूनोसिस को रोके। <br>• केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने **'10 प्राथमिकता वाले जुनोटिक रोगों पर तकनीकी संसाधन शिक्षण संसाधन पैकेज'** लॉन्च कियाः इसमें एंथ्रेक्स, ब्रूसेलॉसिस, क्यासानूर फॉरेस्ट डिजीज, क्रीमियन–कांगो हेमोरेजिक फीवर, निपाह, एमपॉक्स, रेबीज, लेप्टोस्पायरोसिस, स्क्रब टाइफस और जीका शामिल हैं। |
| 11 जुलाई | विश्व जनसंख्या दिवस | • **विषय**–'युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना – आज और भविष्य के लिए।' |
| 15 जुलाई | विश्व युवा कौशल दिवस | • **विषय**–'एक साझा भविष्य के लिए कौशल' |
| 17 जुलाई | अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस | |
| 18 जुलाई– | नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस | • **विषय**–''गरीबी और असमानता से लड़ना अब भी हमारे हाथों में है।'' |
| 20 जुलाई | अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस | |
| 22 जुलाई | राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस | |
| | राष्ट्रीय आम दिवस | |
| 23 जुलाई | राष्ट्रीय प्रसारण दिवस | |
| 24 जुलाई | राष्ट्रीय आयकर दिवस | |
| 26 जुलाई | कारगिल विजय दिवस | |
| 27 जुलाई | सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) दिवस | |
| 28 जुलाई | विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस | |
| 28 जुलाई | विश्व हेपेटाइटिस दिवस | • **विषय**–"हेपेटाइटिसः आइए इसे खत्म करें" <br>• राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम –2018 |
| 29 जुलाई | अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस | • भारत का राष्ट्रीय पशु बाघ (रॉयल बंगाल टाइगर) है। (पैंथेरा टिग्रिस ) |
| 30 जुलाई | मानव तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस | • **विषय**–'ट्रैप्ड बिहाइंड द स्कैम' |
| 1 से 7 जुलाई | वन महोत्सव सप्ताह | • वर्ष 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि एवं खाद्य मंत्री कन्हैया लाल माणिकलाल मुंशी ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया। |

# टॉपर्स-टॉक




## वृंदा शेखावत

पिता - नरेंद्र सिंह शेखावत
माता - रतन कंवर
10th - S.B.I.O.A पब्लिक स्कूल ( 9.2 CGPA )
12th - S.B.I.O.A पब्लिक स्कूल (84%)
स्नातक - कनोडिया कॉलेज (62.66%)

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**वृंदा शेखावत :** बहुत-बहुत धन्यवाद।

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक एवं शैक्षणिक पृष्ठभूमि के विषय में बताइये एवं आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**वृंदा शेखावत :** मेरे पिता एक मेडिकल स्टोर में काम करते हैं और मेरी माँ गृहिणी हैं। मेरा एक छोटा भाई है, उदय। इस सफर में उन्होंने मुझे सदैव प्रोत्साहित और सकारात्मक रखा। बचपन से ही मेरी इच्छा प्रशासनिक अधिकारी बनने की थी। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, मैंने उच्च शिक्षा कला संकाय चुनी और बाद में कला में बैचलर (B.A.) डिग्री की। इन सब्जेक्ट्स ने मुझे एक मजबूत कॉन्सेप्ट-बेस्ड आधार दिया और सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान बहुत काम आए।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**वृंदा शेखावत :** मैंने 9 मार्च 2021 को स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के B-10 ऑफलाइन फाउंडेशन बैच में प्रवेश लिया एवं अपनी तैयारी शुरू की। मेरे अनुसार, इस परीक्षा के लिए 1-2 साल की तैयारी काफी है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**वृंदा शेखावत :** मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के फाउंडेशन बैच के दौरान तैयार किए गए क्लासरूम नोट्स एवं करेंट अफेयर्स पत्रिका का नियमित रूप से अध्ययन किया।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**वृंदा शेखावत :** हाँ, मैं हमेशा से 'लोक सेवक' बनना चाहती थी। अपने राज्य के लोगों की सेवा करना ही मेरे लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत रहा है।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिकी पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**वृंदा शेखावत :** जैसा कि मैंने बताया, मैंने इस परीक्षा की तैयारी के लिए करेंट अफेयर्स (समसामयिकी) पर ध्यान दिया, क्योंकि प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा में करेंट अफेयर्स की अहम भूमिका होती है।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?**

**वृंदा शेखावत :** मेरे परिवार में पहले कोई लोक सेवक नहीं रहा है, इसलिए मुझे कोई औपचारिक मार्गदर्शन नहीं मिली। इसलिए स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी ने मुझे मार्गदर्शन करने, सीखने एवं इस परीक्षा के लिए एक होलिस्टिक अप्रोच देने में मदद की।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए। क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**वृंदा शेखावत :** कोचिंग संस्थान चुनते समय फैकल्टी, अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता, नियमित कक्षाएँ क्लास और टेस्ट के साथ एक संरचनात्मक स्टडी प्लान एवं ऐसे सकारात्मक

वातावरण पर ध्यान देना चाहिए जहाँ अभ्यर्थी बिना किसी हिचकिचाहट के अपने डाउट क्लियर कर सकें।

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**वृंदा शेखावत :** परीक्षा के लिए मेरा माध्यम अंग्रेजी था। मेरे अनुसार माध्यम बहुत जरूरी बात नहीं है, अभ्यर्थी को वही भाषा चुननी चाहिए जिसमें वह ज्यादा सहज हो।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**वृंदा शेखावत :** नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट, लगातार स्व-मूल्यांकन, मेंटर्स से मार्गदर्शन एवं टॉपर्स की कॉपीज से सीखकर विद्यार्थी अपनी उत्तर लेखन शैली को काफी बेहतर बना सकते हैं।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**वृंदा शेखावत :** आखिरी समय में रिविजन के लिए शॉर्ट नोट्स बहुत जरूरी होते हैं। हालाँकि, मैं हर विद्यार्थी को सलाह दूँगी कि वे किसी और के शॉर्ट नोट्स पर निर्भर न रहें। इसके बजाय, अपने स्वयं के नोट्स बनाएँ। कोई टॉपिक पूरा करने के तुरंत बाद शॉर्ट नोट्स न बनाएँ। पहले, अपने मास्टर नोट्स को कम से कम 10-15 बार दोहराएँ ताकि कॉन्सेप्ट्स अच्छी तरह से समझ आ जाएँ और याद हो जाएँ। अगर हो सके तो मास्टर नोट्स से सीधे कॉपी करने के बजाय अपनी याददाश्त से शॉर्ट नोट्स बनाने की कोशिश करें। यह प्रक्रिया स्वयं एक बेहतरीन रिविजन एक्सरसाइज का काम करती है और आपकी याद रखने की क्षमता को मजबूत करती है।

**प्रश्न : मॉक साक्षात्कार की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**वृंदा शेखावत :** मॉक साक्षात्कार आत्मविश्वास बढ़ाने, बातचीत के कौशल को बेहतर बनाने एवं अभ्यर्थी को वास्तविक साक्षात्कार के माहौल से परिचित कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। मेरे साक्षात्कार में तथ्यात्मक एवं स्थिति आधारित, दोनों तरह के सवाल पूछे गए थे। जब मुझे तथ्यात्मक सवालों के जवाब पता होते थे, तो मैं आत्मविश्वास के साथ जवाब देती थी और जब नहीं पता होते थे, तो ईमानदारी से मना कर देती थी। स्थिति आधारित सवालों के लिए, मैंने अपनी मॉक साक्षात्कार अभ्यास का सहारा लिया एवं सही समझ और निर्णय लेने की क्षमता दिखाई, जिसे साक्षात्कार बोर्ड ने काफी सराहा।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**वृंदा शेखावत :** मेरी RAS यात्रा में शिक्षकों ने बहुत अहम भूमिका निभाई। दिलीप सर ने बेहतरीन कॉन्सेप्ट के साथ राजव्यवस्था विषय में मजबूत आधार बनाया। राजवीर सर ने कहानी सुनाने के अंदाज से इतिहास को दिलचस्प बनाया। दिग्विजय सर ने प्रैक्टिकल कॉन्सेप्ट्स और शानदार नोट्स के जरिए लोक प्रशासन को आसान बनाया। अर्थव्यवस्था एवं नीतिशास्त्र में विजय सर की विशेषज्ञता ने मुझे एक रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ ज्यादा फायदेमंद टॉपिक्स पर ध्यान केंद्रित करने में मदद की। लक्षिता मैम एवं मुकेश सर की भारतीय भूगोल, विजय सिहाग सर की राजस्थान का भूगोल बहुत मददगार रही।

**प्रश्न : प्लान-B के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**वृंदा शेखावत :** मेरे अनुसार किसी को बिना किसी भटकाव के पूरी ईमानदारी से 1 या 2 बार कोशिश करनी चाहिए। अगर फिर भी सफलता न मिले, तो प्लान B रखना समझदारी है। मैंने प्लान B के तौर पर अपनी B.Ed पूरी की थी। लेकिन अगर आप किसी चीज के लिए ईमानदारी से तैयारी कर रहे हैं, तो आप निश्चित रूप से उसे हासिल कर लेंगे।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**वृंदा शेखावत :** एक अधिकारी के तौर पर मैं पारदर्शी शासन, बेहतर लोक सेवा वितरण, समावेशी विकास एवं नागरिक-केंद्रित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए काम करूँगी।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**वृंदा शेखावत :** अनुशासन, निरंतरता, सकारात्मक सोच के साथ-साथ कड़ी मेहनत मेरी सफलता के मूल मंत्र रहे।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**वृंदा शेखावत :** मैंने ईमानदारी से अपने टाइम-टेबल का पालन किया, सोशल मेल-जोल कम किया एवं भटकाव (सोशल मीडिया) से दूर रही।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं!**

**वृंदा शेखावत:** बहुत-बहुत धन्यवाद।

## राजस्थान पंच-गौरव कार्यक्रम: प्रत्येक जिले की विशिष्ट पहचान

| जिला | उपज | वनस्पति | उत्पाद | पर्यटन स्थल | खेल |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | गुलाब | नीम | ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद | पुष्कर तीर्थ | कबड्डी |
| ब्यावर | गेहूं | करंज का पेड़ | क्वार्ट्ज एवं फेल्डस्पार पाउडर | टोडगढ़ | हॉकी |
| भीलवाड़ा | संतरा | अर्जुन | टेक्सटाईल उत्पाद | माण्डलगढ़ किला | बास्केटबॉल |
| डीडवाना-कुचामन | प्याज | खेजड़ी | मार्बल एवं ग्रेनाईट के उत्पाद | डीडवाना झील | बास्केटबॉल |
| नागौर | मूंग | खेजड़ी | पान मैथी एवं मसाला प्रसंस्करण | मीराबाई स्मारक | कबड्डी |
| टोंक | सरसों | अमलतास | स्लेट स्टोन के उत्पाद | डिग्गी कल्याण जी | एथलेटिक्स |
| भरतपुर | शहद | कदम्ब | कृषि आधारित उत्पाद | केवलादेव नेशनल पार्क | कुश्ती |
| डीग | सरसों | अर्जुन | स्टोन आधारित उत्पाद | डीग महल | कुश्ती |
| धौलपुर | आलू | करंज | स्टोन आधारित उत्पाद | मचकुण्ड | हॉकी |
| करौली | तिल | बरगद | सेण्ड स्टोन के उत्पाद | कैलादेवी मंदिर | क्रिकेट |
| सवाईमाधोपुर | अमरूद | नीम | मार्बल के उत्पाद | रणथम्भौर नेशनल पार्क | फुटबॉल |
| बीकानेर | मोठ | रोहिड़ा | बीकानेरी नमकीन | करणी माता मंदिर | तीरंदाजी |
| चूरू | ग्वारपाठा | खेजड़ी | लकड़ी के उत्पाद | सालासर बालाजी मंदिर | एथलेटिक्स |
| हनुमानगढ़ | किन्नू | शीशम | कृषि आधारित उत्पाद | गोगामेड़ी मंदिर | हॉकी |
| श्रीगंगानगर | किन्नू | शीशम | सरसों तेल | बूढ़ा जोहड़ | एथलेटिक्स |
| अलवर | प्याज | अर्जुन | ऑटोमोबाइल पार्ट्स | सरिस्का टाइगर रिजर्व | कुश्ती |
| दौसा | सौंफ | ढाक | पत्थर के उत्पाद | मेहंदीपुर बालाजी मंदिर | फुटबॉल |
| जयपुर | आंवला | लिसोड़ा | रत्नाभूषण | आमेर दुर्ग | कबड्डी |
| झुन्झुनू | सरसों | नीम | लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पाद | लोहार्गल | बास्केटबॉल |
| खैरथल-तिजारा | प्याज | शीशम | ऑटोमोबाईल पार्ट्स | तिजारा जैन मंदिर | कुश्ती |
| कोटपूतली-बहरोड़ | गाजर | गूगल | ऑटोमोबाईल पार्ट्स | बैराठ | कुश्ती |
| सीकर | प्याज | अरडू | लकड़ी के फर्नीचर | खाटूश्याम जी मंदिर | बास्केटबॉल |
| बाड़मेर | ईसबगोल | रोहिड़ा | कशीदाकारी | किराडू मंदिर | बास्केटबॉल |
| बालोतरा | अनार | रोहिड़ा | टैक्सटाइल उत्पाद | नाकोड़ा जैन मंदिर | क्रिकेट |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जैसलमेर | खजूर | जाल | येलो स्टोन के उत्पाद | जैसलमेर दुर्ग | जिमनास्टिक |
| जालौर | अनार | जाल | ग्रेनाईट के उत्पाद | सुंधा माता मंदिर | बॉक्सिंग |
| जोधपुर | जीरा | जाल | लकड़ी के फर्नीचर | मेहरानगढ़ दुर्ग | जिमनास्टिक |
| पाली | मेंहदी | नीम | टेक्सटाईल के उत्पाद | रणकपुर जैन मंदिर | बास्केटबॉल |
| फलौदी | जीरा | जाल | सोनामुखी के उत्पाद | खींचन | एथलेटिक्स |
| सिरोही | सौंफ | महुआ | मार्बल के उत्पाद | देलवाड़ा मंदिर | तीरंदाजी |
| बारां | लहसुन | चिरौंजी | गार्लिक प्रोडक्ट | रामगढ़ क्रेटर | फुटबॉल |
| बून्दी | चावल | धोक | सेन्ड स्टोन | रामगढ़ विषधारी सेन्चुरी | कबड्डी |
| झालावाड़ | संतरा | सागवान | कोटा स्टोन के उत्पाद | गागरोन दुर्ग | बास्केटबॉल |
| कोटा | धनिया | खैर | कोटा डोरिया | चम्बल रिवर फ्रंट | कुश्ती |
| बांसवाड़ा | आम | सागवान | मार्बल के उत्पाद | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर | तीरंदाजी |
| चित्तौड़गढ़ | सीताफल | बिल्व पत्र | ग्रेनाईट एवं मार्बल के उत्पाद | चित्तौड़गढ़ दुर्ग | कबड्डी |
| डूंगरपुर | आम | सागवान | मार्बल के उत्पाद | बेणेश्वर धाम | हॉकी |
| प्रतापगढ़ | कलौंजी | तेंदू | थेवा आभूषण | सीतामाता वन्यजीव अभयारण | तीरंदाजी |
| राजसमन्द | सीताफल | नीम | ग्रेनाईट एवं मार्बल के उत्पाद | कुम्भलगढ़ | हॉकी |
| सलूम्बर | मक्का | पलास | क्वार्ट्ज | जयसमंद झील | कबड्डी |
| उदयपुर | सीताफल | महुआ | मार्बल एवं ग्रेनाईट के उत्पाद | फतहसागर एवं पिछोला झील | तैराकी |